# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, बुधवार 24 अप्रैल 2024





हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

12 डीसी और जीटी के बीच बराबरी का...



विचार पेज
06 तेज ग्रोथ के लिए अनुकूलन...

haribhoomi.com भोपाल, बुधवार 24 अप्रैल 2024

**पतंजलि केस में आईएमए को भी 'सुप्रीम' फटकार**

# आईएमए अपनी तरफ भी देखे... एलोपैथी के डॉक्टर गैरजरूरी और महंगी दवाएं लिख रहे हैं

**कोर्ट ने कहा कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की तरफ से भी अनैतिक तौर तरीके अपनाए जाने की शिकायत मिल रही हैं**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बाबा रामदेव से पतंजलि के भ्रामक विज्ञापन से जुड़े अवमानना के मामले की सुनवाई करते हुए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) को फटकार लगाई।

कोर्ट ने कहा कि वह पतंजलि पर अंगुली उठा रहा है, जबकि चार अंगुलियां आप पर भी उठ रही हैं। कोर्ट ने कहा कि एलोपैथी के डॉक्टर भी महंगी और गैरजरूरी दवाओं का प्रचार करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आईएमए को अपनी तरफ भी देखना चाहिए। एलोपैथी के डॉक्टर लोगों को गैरजरूरी और काफी महंगी दवाएं लिखते हैं। कोर्ट ने आगे कहा ▶▶ शेष पेज 4 पर

केंद्र सरकार से जवाब तलब किया- अब तक आपने बीते तीन साल में कितने भ्रामक विज्ञापन पर कार्रवाई की है?



### केंद्र सरकार से भी किए सवाल

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि ऐसे भी कई सारे उत्पादों के विज्ञापन देखने को मिलते हैं, जिनके इस्तेमाल से न केवल छोटे बच्चों पर बल्कि स्कूल जाने वाले बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों तक पर बुरा प्रभाव होता है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में तो सभी राज्यों की लाइसेंसिग अथॉरिटीज को भी पार्टी बनाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार को भी तलब कर लिया और कहा कि अब तक आपने बीते तीन सालों में कितने भ्रामक विज्ञापन पर कार्रवाई की है? वहीं, आईएमए की ओर से पेश वरिष्ठ वकील पटवालिया ने कहा ▶▶ शेष पेज 4 पर



### लोगों के अधिकारों की रक्षा करना हमारा फर्ज

*सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम यहां पक्षपातपूर्ण होने के लिए नहीं हैं। न ही वह किसी पार्टी का पक्ष लेने के लिए बैठे हैं। हम जनता के व्यापक हित में निर्णय लेते हैं। लोगों को गुमराह नहीं होना चाहिए। लोगों को समझना चाहिए कि सच क्या है। यह उनका अधिकार है और उस अधिकार की रक्षा करना हमारा कर्तव्य और हमारी जिम्मेदारी है। सुप्रीम कोर्ट ने आईएमए से यह भी कहा कि हम इस जिम्मेदारी को ठीक से निभाते हैं।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### सेना पर ज्यादा खर्च वाला चौथा देश भारत

**नई दिल्ली।** भारत 2023 में सेना पर सबसे ज्यादा खर्च वालों की लिस्ट में दुनिया का चौथा बड़ा देश है। इसकी जानकारी स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टिट्यूट (सिपरी) की रिपोर्ट में सामने आई है। 2023 में अपनी सेना पर सबसे ज्यादा अमेरिका ने खर्च किया है। दूसरे नंबर पर चीन और तीसरे पर रूस तथा चौथे पायदान पर भारत है।



### 2016 से बन रहा पुल हवा के झोंके से गिरा

**हैदराबाद।** तेलंगाना के पेद्दापल्ली जिले में मनैर नदी पर 47.40 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जा रहा पुल हवा के एक झोंके से भरभराकर गिर पड़ा। 2016 में इसके निर्माण की नींव रखी गई थी और एक साल के भीतर इसका काम पूरा होना था। जयशंकर भूपालपल्ली जिले के ओडेडु को गार्मिलपल्ली गांव को जोड़ने वाला पुल है।



### चुनाव प्रचार देखने आया विदेशी प्रतिनिधिमंडल

**जयपुर।** विदेशी राजनयिकों का एक प्रतिनिधिमंडल भारत आया हुआ है। सात सदस्यों का यह प्रतिनिधिमंडल भाजपा के चुनाव प्रचार का प्रत्यक्ष अनुभव लेने के लिए 24 अप्रैल तक राजस्थान में जोधपुर की यात्रा पर रहेगा। इसमें बांग्लादेश, इंडोनेशिया, मलेशिया, रूसी संघ के राजनयिक प्रतिनिधि शामिल हैं। इससे पहले 2022 में विदेशी प्रतिनिधि आए थे।



**भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने टीकमगढ़, रीवा और सतना में की जनसभाएं, कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर साधा निशाना**

# लोक-लुभावने वादे करना, फिर भुला देना कांग्रेस की रीति-नीति

इंडी गठबंधन में सब घोटालेबाज इकट्ठे आ गए हम तुम्हें बचाएं तुम हमें बचाओ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विपक्षी गठबंधन परिवारवादियों और भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा है। एक तरफ प्रधानमंत्री का संकल्प भ्रष्टाचार हटाना है, वहीं दूसरी तरफ इंडी गठबंधन का उद्देश्य भ्रष्टाचार को बचाना है। हर चुनाव में लुभावने वादे करना और बाद में वादों को भुला देना कांग्रेस की रीति-नीति रही है।

सारे परिवार की पार्टियां इकट्ठी हो गई हैं। इनको मैं, मेरा बेटा, बेटी और दामाद के बाहर कुछ नहीं दिखता। अब सब घोटालेबाज इकट्ठे आ गए। हम तुम्हें बचाएं, तुम हमें बचाओ। इस काम में लगे हैं। यह बात मंगलवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कही। नड्डा ने मंगलवार को मध्यप्रदेश के टीकमगढ़, रीवा और सतना में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इन कार्यक्रमों में उनके साथ मंच पर मुख्यमंत्री मोहन यादव, उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला सहित अन्य ▶▶ शेष पेज 4 पर

> नड्डा ने कहा कि 10 साल पहले आप ही कहते थे कि कोई बदलाव नहीं आएगा। लेकिन, आप लोग ही कह रहे हैं कि देश बदल चुका है। विकसित भारत के लिए हमें स्थिर, मजबूत और निर्णायक सरकार की जरूरत है।

कांग्रेसी ने सनातन को डेंगू, मलेरिया और एचआईवी जैसा कहा

ये रिपोर्ट कार्ड की राजनीति, पॉलिटिक्स ऑफ डिलीवरी अगर किसी ने सिखाया तो मोदी ने सिखाया




### कांग्रेस ने तीनों लोक में किए घोटाले

नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने न अंतरिक्ष छोड़ा, न आसमान छोड़ा, न समुद्र छोड़ा, न धरती छोड़ी और न ही पाताल छोड़ा। इन लोगों ने तीनों लोक में घोटाले किए हैं। आप बताओ, राहुल गांधी, सोनिया गांधी, लालू यादव बेल पर हैं कि नहीं? केजरीवाल और टीएमसी के मंत्री जेल में हैं कि नहीं? ये आधे बेल पर हैं और आधे जेल में हैं। नड्डा ने कहा कि मुलायम यादव के बेटे अखिलेश ने गोमती रिवर फ्रंट, लैपटॉप, फूड ग्रेन घोटाला, केजरीवाल ने शराब और दवाई घोटाला, डीएमके ने बालू घोटाला, टीएमसी ने टीचर भर्ती घोटाला, कांग्रेस ने कॉमनवेल्थ गेम्स घोटाला किया।

#### कांग्रेस पार्टी सदैव हिंदू विरोधी रही

नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव हिंदू विरोधी रही है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाया था और डीएमके के एक नेता ने सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया से की थी। ये सनातन विरोधी हैं। इन विरोधियों को मजा चखाना है। 10 साल पहले किसी कांग्रेसी नेता को रिपोर्ट कार्ड रखते सुना है क्या? ये रिपोर्ट कार्ड की राजनीति, पॉलिटिक्स ऑफ डिलीवरी अगर किसी ने सिखाया तो मोदी ने सिखाया। 10 साल पहले खिलौने और दीपावली में गणेश जी भी चीन से आकर हमारे घर में विराजते थे। आज खिलौना एक्सपोर्ट करने में भारत, दुनिया में तीसरे स्थान पर आ चुका है। अब मोबाइल पर मेड इन चाइना नहीं, मेड इन इंडिया लिखा है।

**रेलवे और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव का दावा**

# छह महीने में 10 स्लीपर वंदे भारत ट्रेनें पटरियों पर दौड़ेंगी



सभी वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें 'कवच' प्रणाली से लैस होंगी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रेलवे और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेलवे की क्षमता में पिछले 10 वर्षों में जबरदस्त परिवर्तन देखा गया है। अगले पांच वर्षों में इसका और तेजी से विस्तार किया जाएगा।

जैसे कि पिछले 10 साल के दौरान वंदे भारत स्लीपर, चेयर कार और मेट्रो ट्रेनों से लेकर यात्रियों की यात्रा को सुगम बनाने के लिए एक सुपर एप तक के निर्माण पर तेजी से काम हो रहा है। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि वंदे भारत ट्रेन के तीन वर्जन हैं- स्लीपर, चेयर कार और मेट्रो। वंदे भारत की चेयर कार संस्करण पहले से ही पटरियों पर है, वंदे भारत स्लीपर की पहली कार बॉडी तैयार है और पहली स्लीपर ट्रेन अगले पांच-छह महीनों में तैयार हो सकती है। अमृत भारत ट्रेन का निकट भविष्य में बड़ी संख्या में निर्माण किया जाएगा ताकि कोई भी यात्री लंबी दूरी की यात्रा आराम से कर सके। केंद्रीय मंत्री ने हाल ही में वंदे भारत स्लीपर कोच के ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### 7,000 में से 1,321 स्टेशनों को पुनर्विकास के लिए रेलवे ने चुना

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अगले पांच वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था के विकास की सबसे मजबूत कड़ी रेलवे को और मजबूत किया जाएगा। विशेषकर यात्रियों के लिए सुविधाओं का तेज गति से विस्तार किया जाएगा। अमृत भारत स्टेशन योजना (एबीएसएस) दुनिया का सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन पुनर्विकास कार्यक्रम है। वैष्णव ने बताया कि आज तक 7,000 में से 1,321 स्टेशनों को पुनर्विकास के लिए रेलवे ने चुना है। इन चुने हुए 1,321 स्टेशनों का पुनर्विकास चल रहा है और जल्द ही यह काम पूरा हो जाएगा। उसके बाद, अन्य सभी मध्यम और बड़े स्टेशनों को भी स्टेशन पुनर्विकास कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

**बारिश में आई कमी, दो दिन में पारा एक से दो डिग्री तक और बढ़ेगा**

# गर्मी का यू-टर्न... भोपाल सहित प्रदेशभर में पारे की ऊंची 'छलांग'

मलाजखंड में 12, बैतूल 6.5, भोपाल सहित एक दर्जन से अधिक जिलों में 3 से 4 डिग्री तक बढ़त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के ज्यादातर जिलों में मंगलवार को बारिश में कमी रही। इससे प्रदेश में गर्मी ने यू-टर्न ले लिया।

एक दिन पहले कुछ जिलों में पारा 8 से 14 डिग्री तक गिरा था, ऐसे कुछ जिलों में मंगलवार को 7 से 12 डिग्री तक बढ़त रही। मलाजखंड में दिन का पारा 12 डिग्री तक बढ़ा, जबकि दो दर्जन जिलों में 2 से 4 डिग्री तक की बढ़त रही। बैतूल ▶▶ शेष पेज 4 पर

भोपाल में दिन का पारा 4 डिग्री बढ़कर 39 डिग्री रहा

छिंदवाड़ा में आंधी-बारिश के साथ ओले गिरे, कुछ जगह बारिश हुई



**कहां कितना बढ़ा दिन का पारा?** मलाजखंड 11.8, बैतूल 6.5, भोपाल, इंदौर, रायसेन, सागर, सिवनी में 4, छिंदवाड़ा, जबलपुर, मंडला, दमोह, उमरिया, धार, नर्मदापुरम, पचमढ़ी में करीब 3 डिग्री तक बढ़ा है। औसत पारा 39 डिग्री तक रहा। वहीं करीब दो दर्जन जिलों में रात के पारे में भी औसतन एक ▶▶ शेष पेज 4 पर

### रामनगरी में हनुमान जयंती पर आस्था का जनसैलाब



**एक किमी तक भक्तों की लगी लंबी लाइन**

*अयोध्या। राम नगरी अयोध्या में हनुमान जन्मोत्सव पर मंगलवार को भक्तों की भीड़ उमड़ी। सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी में बजरंगबली का श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। हनुमानगढ़ी मंदिर के सामने सुबह करीब एक किमी तक लंबी लाइनें लगी रहीं।* ▶▶ शेष पेज 4 पर




**रिलायंस जियो का बजा डंका**

# चीनी कंपनी को पछाड़कर बना दुनिया का 'सबसे बड़ा' मोबाइल ऑपरेटर

- डेटा ट्रैफिक में अभी तक चाइना मोबाइल नंबर वन पर था अब रिलायंस जियो डेटा ट्रैफिक में नंबर वन कंपनी बन गई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिग्गज कारोबारी मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस जियो ने डेटा खपत के मामले में नया रिकॉर्ड बनाया है। भारतीय टेलीकॉम सेक्टर में अपनी धाक जमाने के बाद रिलायंस जियो ने डेटा ट्रैफिक के मामले में चाइना मोबाइल को पछाड़ दिया है।




रिलायंस जियो, डेटा ट्रैफिक में वर्ल्ड की नंबर वन कंपनी बन गई है। पिछली तिमाही में कुल डेटा ट्रैफिक 40.9 एक्साबाइट दर्ज किया गया। वहीं दुनिया में डेटा ट्रैफिक में अब तक नंबर वन कंपनी रही चाइना मोबाइल लुढ़ककर नंबर दो पोजिशन पर ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### डेटा खपत में आया उछाल

*5जी सेवाओं के शुरू होने के बाद, रिलायंस जियो के डेटा खपत में पिछले वर्ष के मुकाबले 35.2 फीसदी का उछाल देखने को मिला। जियो ट्रू 5जी नेटवर्क पर 10 करोड़ 80 लाख ग्राहक जुड़ चुके हैं और जियो के कुल डेटा ट्रैफिक का करीब 28 फीसदी हिस्सा अब 5जी नेटवर्क से आ रहा है। दूसरी तरफ जियो एयर फाइबर ने भी देश भर के 5,900 शहरों में अपनी सेवाएं शुरू कर दी हैं।*

**गुणवत्ता को लेकर एमडीएच और एवरेस्ट कंपनियों के कुछ मसाला उत्पादों पर प्रतिबंध**

# भारत ने सिंगापुर, हांगकांग से मसाला विवाद पर ब्यौरा मांगा

सरकार ने दोनों देशों में मौजूद दूतावासों को इस मामले में रिपोर्ट भेजने को कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मसाला कंपनियों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। हांगकांग की खाद्य सुरक्षा निगरानी संस्था ने लोकप्रिय भारतीय ब्रांडों एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला उत्पादों पर बैन लगाने के बाद अब सरकार भी हरकत में आ गई है।

मसाला निर्यात करने वाली देशी कंपनियों के मसले पर भारत ने सिंगापुर और हांगकांग के खाद्य सुरक्षा नियामकों से विवरण मांगा है। दोनों देशों ने गुणवत्ता संबंधी चिंताओं के कारण भारतीय ब्रांडों एमडीएच और एवरेस्ट के कुछ मसालों पर प्रतिबंध लगा दिया है। वाणिज्य ▶▶ शेष पेज 4 पर

सिंगापुर फूड एजेंसी और सेंटर फॉर फूड सेफ्टी और खाद्य एवं पर्यावरण स्वच्छता विभाग, हांगकांग से भी विवरण मांगा गया




#### सुधारात्मक कार्रवाई का निर्धारण किया जाएगा

वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि अस्वीकृति का मूल कारण और संबंधित निर्यातकों के साथ सुधारात्मक कार्रवाई का निर्धारण किया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि विश्लेषणात्मक रिपोर्ट और जिन निर्यातकों की खेप खारिज कर दी गई है उनका विवरण सिंगापुर और हांगकांग स्थित दूतावासों से मांगा गया है। अधिकारी ने बताया कि सिंगापुर फूड एजेंसी और सेंटर फॉर फूड सेफ्टी और खाद्य एवं पर्यावरण स्वच्छता विभाग, हांगकांग से भी विवरण मांगा गया ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### एमडीएच और एवरेस्ट के 4 मसालों पर बैन

*गौरतलब है कि हांगकांग की खाद्य सुरक्षा निगरानी संस्था ने लोकप्रिय भारतीय ब्रांडों एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है, क्योंकि उनमें कैंसर पैदा करने वाला रसायन पाया गया था। खाद्य सुरक्षा केंद्र (सीएफएस) ने 5 अप्रैल को घोषणा की कि उसने तीन एमडीएच उत्पादों – मद्रास करी पाउडर, मिश्रित मसाला पाउडर, और सांभर मसाला – और एवरेस्ट के फिश करी मसाला में एथिलीन ऑक्साइड, एक कैंसरजन के रूप में वर्गीकृत कीटनाशक का पता लगाया है।*

भोपाल
बुधवार, 24 अप्रैल 2024
वैशाख मास कृष्ण पक्ष–01
वर्ष : 11, अंक : 30
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 37
न्यून. 23

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



राज्य शिक्षा केंद्र सभागार में रिजल्ट जारी किया गया।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### वॉट्सएपः बिना इंटरनेट भेज सकेंगे फोटो वीडियो

**नई दिल्ली।** वॉट्सएप प्लेटफार्म पर एक बहुत ही कमाल का फीचर आ रहा है, जिसकी मदद से बिना इंटरनेट के भी फोटो और वीडियो भेज सकेंगे। हालिया लीक रिपोर्ट से पता चला है कि मैसेजिंग ऐप यूजर्स को फोटो, वीडियो, म्यूजिक और डाक्यूमेंट्स ऑफलाइन शेयर करने की सुविधा देने जा रहा है। वॉट्सएप बीटा ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया है कि कंपनी अभी इस फीचर पर काम कर रही है।



### महिला को ट्रक ने कुचला लोगों ने लगाई आग

**मुरैना।** मुरैना में मंगलवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार ट्रक ने महिला को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने ट्रक को आग के हवाले कर दिया। मृतक महिला बाइक पर सवार होकर जा रही थी, इसी दौरान वह हादसे का शिकार हो गई। हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 पर हुआ है। इस दौरान वाहनों की लंबी कतारें लग गई।



### एपीएमसी को सीजेआई ने लगाई कड़ी फटकार

**नई दिल्ली।** सीजेआई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने हाल ही में गुजरात हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए सूरत की कृषि उपज बाजार समिति (एपीएमसी) को कड़ी फटकार लगाई है। कृषि मंडी की जमीन में पांच सितारा होटल और मॉल बनाने पर आपत्ति जताई। कोर्ट ने कहा कि जमीन की नीलामी किए बिना किसी होटल समूह को जमीन देना गलत है। हाई कोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से भी इनकार कर दिया।



**लोकसभा चुनाव के दौरान पांचवी बार मप्र की धरती पर आ रहे हैं पीएम**

प्रधानमंत्री मोदी मालवीय नगर स्थित तिराहे से खुले रथ पर सवार होकर जनता का अभिवादन करते हुए मेजर नानके पेट्रोल पंप तिराहा तक पहुंचेंगे

# 200 मंच स्थलों से होगा पीएम मोदी का भव्य स्वागत, चप्पा-चप्पा होगा भगवामय

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पत्रकार-वार्ता में दी प्रधानमंत्री मोदी के भोपाल रोड शो की जानकारी

*डॉ.यादव ने बताया कि भोपाल को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा और यात्रा मार्ग में विभिन्न समाज वर्ग की महिलाएं प्रधानमंत्री मोदी की आरती उतारेंगी एवं आम जनता पुष्पवर्षा कर मोदी...मोदी... के गगनभेदी नारों के साथ प्रधानमंत्री का स्वागत करेगी।*


इस रथ से होगा पीएम का रोड शो

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को भोपाल में रोड-शो में शामिल होकर जनता का अभिवादन करेंगे। यह रोड-शो करीब एक किलोमीटर का होगा और रोड-शो के दौरान लगभग 200 मंच स्थलों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत किया जाएगा। रोड शो के दौरान राजधानी भोपाल भगवामय रहेगी। विकसित भारत संकल्प को लेकर प्रधानमंत्री द्वारा किया जा रहा यह ऐतिहासिक रोड शो होगा। राजधानी के बंसल वन स्थित प्रदेश मीडिया सेंटर में मंगलवार को पत्रकार ⏩ शेष पेज 4 पर

**यह रोड-शो करीब एक किलोमीटर का होगा**

मुख्यमंत्री ने कहा: एमपी के मन में मोदी' और 'मोदी के मन में एमपी' को चरितार्थ कर रहे हैं प्रधानमंत्री




## पीएम सागर, हरदा में करेंगे जनसभा

मोदी 24 अप्रैल को सागर एवं हरदा में जनसभा को संबोधित करेंगे। वे दोपहर 2.55 बजे सागर जिले के बड़तुमा के संत रविदास मंदिर प्रांगण में जनसभा को संबोधित करेंगे। शाम 5.15 बजे हरदा जिले के अबागांव खुर्द में जनसभा को संबोधित करेंगे।

### यात्रा मार्ग में लोकनृत्यों की झलक, पारंपरिक वेशभूषा भी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि भोपाल को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा और यात्रा मार्ग में विभिन्न समाज वर्ग की महिलाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आरती उतारेंगी एवं आम जनता पुष्पवर्षा कर मोदी-मोदी के गगनभेदी नारों के साथ प्रधानमंत्री का स्वागत करेगी। प्रधानमंत्री के यात्रा मार्ग में संत समाज, सामाजिक, व्यापारिक ⏩ शेष पेज 4 पर ⏩ पढ़ें पेज 03 भी

### कांग्रेस को अपने मेनिफेस्टो पर माफी मांगनी चाहिए

सीएम ने कहा कि यूपीए के 10 वर्षों के कार्यकाल में कांग्रेस और उसके सहयोगियों की वोट बैंक की राजनीति अपने चरम पर थी। कांग्रेस मुसलमानों के आरक्षण की भी पक्षधर थी और इसे हकीकत बनाने में जी-जान से जुटी थी। यह हमारे संविधान निर्माताओं के विजन का अपमान है। अब उनकी नजर हमारे गरीब भाई-बहनों ⏩ शेष पेज 4 पर

### पीएम ने कांग्रेस की खतरनाक वोट बैंक राजनीति से देशवासियों को किया सतर्क

*यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान में अपने भाषण में कांग्रेस पार्टी की खतरनाक वोट बैंक राजनीति और डराने वाले आर्थिक आतंकवाद को लेकर देशवासियों को सतर्क किया है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन की ये सोच हैरान करने वाली है कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का ही है। यह पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और कांग्रेस की विभाजनकारी सोच को सामने लाता है। जिस पार्टी ने दशकों तक देश पर शासन किया और देश को गरीबी में धकेला, उसकी यह सोच बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।*

### प्रधानमंत्री का मध्यप्रदेश के प्रति हमेशा प्रेम रहा

*यादव ने कहा कि यह प्रदेश की जनता का सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मध्यप्रदेश के प्रति हमेशा प्रेम रहा है और वह लोकसभा चुनाव के दौरान पांचवी बार 24 अप्रैल को प्रदेश की भूमि पर जनता का अभिवादन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश में आने का सर्वाधिक रिकॉर्ड भी बना लिया है। इसके पहले आज तक कोई प्रधानमंत्री प्रदेश* ⏩ शेष पेज 4 पर

## पांचवी-आठवीं का रिजल्ट जारी

# 90.97 और 87.71 प्रतिशत रहा परिणाम

बोर्ड पैटर्न पर आरएसके ने आयोजित कराई थी परीक्षाएं

दोनो कक्षाओं के 21 लाख 19 हजार 873 विद्यार्थी पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेशभर के निजी, सरकारी स्कूलों सहित मदरसों के कक्षा 5वीं, 8वीं के 23 लाख 71 हजार 75 विद्यार्थियों का इंतजार मंगलवार को खत्म हुआ। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा बोर्ड पैटर्न पर आयोजित दोनो कक्षाओं के रिजल्ट जारी कर दिए हैं।

भोपाल के अरेरा हिल्स स्थित स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केंद्र सभागार में यह रिजल्ट जारी किए गए। कक्षा 5वीं का परीक्षा रिजल्ट 90.97 प्रतिशत और 8वीं का 87.71 प्रतिशत रहा है। दोनो कक्षाओं के 21 लाख 19 हजार 873 विद्यार्थी पास हुए हैं। वहीं, दोनो कक्षाओं में 2 लाख 51 हजार 202 विद्यार्थी परीक्षा में फेल हुए हैं। प्रारंभिक स्तर पर बोर्ड पैटर्न परीक्षा आयोजित करने वाला मध्यप्रदेश देशभर में अग्रणी राज्य के रूप में पहचाना जाता है। रिजल्ट आरएसके की वेबसाइट पर भी देखा जा सकेगा। बता दें कि कक्षा-5 की परीक्षाएं छह से 13 मार्च तक और कक्षा-8 की परीक्षाओं का आयोजन छह से 14 मार्च 2024 तक किया गया था।

### एमपी बोर्ड: दसवीं-बारहवीं का रिजल्ट आज होगा जारी

*माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं-बारहवीं का रिजल्ट बुधवार को जारी किया जाएगा। एमपी बोर्ड ने इस संबंध में सूचना जारी कर दी है। जिसके अनुसार, हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी एवं विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा डीपीएसई मुख्य परीक्षा 2024 का रिजल्ट बुधवार शाम 4 बजे मंडल मुख्यालय के सभागृह में घोषित किया जाएगा। मंडल द्वारा विभिन्न पोर्टल के माध्यम से रिजल्ट ऑनलाइन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। इसके अलावा विद्यार्थी मंडल के एप के माध्यम से भी अपना रिजल्ट देख सकते हैं।*

◆ हवाई सफर करने वालों के लिए गुड न्यूज... नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) का निर्देश

# फ्लाइट में 12 साल तक के बच्चों को माता-पिता के साथ दी जाए सीट

अब प्लेन में एक पीएनआर पर मिलेगी बच्चों को अलग सीट

यात्री को नहीं देना होगा कोई अतिरिक्त चार्ज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अब नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) की ओर से 2024 में जारी एयर ट्रांसपोर्ट सर्कुलर (एटीसी)-01 के मुताबिक 12 साल से कम उम्र के बच्चे को हवाई सफर के दौरान उसके अभिवावकों के पास वाली सीट उपलब्ध हो सकेगी। खास बात ये है कि इसके लिए यात्री को कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं देना होगा। अगर अभिभावक ने अपने लिए फ्री सीट या ऑटो एलोकेशन का



ऑप्शन चुना है तो बगल की सीट बच्चे के लिए अरेंज करनी होगी। दरअसल, डीजीसीए ने बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से यह सख्त कदम उठाया है। विमानन नियामक डीजीसीए ने एयरलाइन कंपनियों को फ्लाइट में 12 साल तक के ⏩ शेष पेज 4 पर

### सीट दिए जाने का रिकॉर्ड भी मेंटेन करना होगा


इस संबंध में डीजीसीए ने मंगलवार को जारी एक बयान में एयरलाइंस कंपनियों को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि 12 वर्ष तक के बच्चों को एक ही पीएनआर पर यात्रा कर रहे उनके माता-पिता या अभिभावकों में कम से कम एक के साथ उनकी सीट आवंटित की जाए। केवल इतना ही नहीं डीजीसीए ने इसका रिकॉर्ड भी रखने को कहा है। विमानन नियामक ने यह निर्देश बीते दिनों ऐसे कई मामले सामने आने के बाद जारी किए हैं।

UNCONDITIONAL PUBLIC APOLOGY

भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण (रिट याचिका सं. 645/2022) के संदर्भ में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों/आदेशों का पालन न करने अथवा अवज्ञा के लिए हम वैयक्तिक रूप से, साथ ही कम्पनी की ओर से बिना शर्त क्षमायाची हैं।

हम विगत 22.11.2023 को बैठक/संवाददाता सम्मेलन आयोजित करने के लिए भी क्षमाप्रार्थी हैं। हम अपने विज्ञापनों के प्रकाशन में हुई गलती के लिए भी ईमानदारी से क्षमा चाहते हैं और पूरे मन से प्रतिबद्धता व्यक्त करते हैं कि ऐसी त्रुटियों की पुनरावृति नहीं होगी। हम पूरी सावधानी और अत्यंत निष्ठा के साथ माननीय न्यायालय के निर्देशों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम न्यायालय की महिमा का सम्मान बनाए रखने और लागू कानूनों एवं माननीय न्यायालय/संबंधित अधिकारियों के निर्देशों का पालन करने का वचन देते हैं।

निवेदक,
पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड,
आचार्य बालकृष्ण,
स्वामी रामदेव,
हरिद्वार, उत्तराखंड





**एएसआई ने 22 मार्च को परिसर का सर्वेक्षण शुरू किया था, 29 अप्रैल को होनी है सुनवाई**

# भोजशाला परिसर का सर्वे करने के लिए एएसआई ने 8 सप्ताह का समय और मांगा

आवेदन में कहा गया है कि स्मारक की बारीकी से जांच करने पर यह देखा गया कि प्रवेश द्वार के बाद बरामदे में भराव संरचना की मूल विशेषताओं को छिपा रहा है और इसे हटाने का काम बहुत सावधानी से किया जाना चाहिए। यह एक समय लेने वाली प्रक्रिया है

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने भोजशाला परिसर का सर्वेक्षण करने के लिए आठ और सप्ताह का समय मांगा है। आवेदन में कहा गया है कि स्मारक की बारीकी से जांच करने पर यह देखा गया कि प्रवेश द्वार के बाद बरामदे में भराव संरचना की मूल विशेषताओं को छिपा रहा है और इसे हटाने का काम बहुत सावधानी से किया ⏩ शेष पेज 4 पर



### पहले 6 हफ्ते का मिला था समय

7 अप्रैल, 2003 को एएसआई द्वारा की गई एक व्यवस्था के अनुसार, हिंदू मंगलवार को भोजशाला परिसर में पूजा करते हैं, जबकि मुस्लिम शुक्रवार को परिसर में नमाज अदा करते हैं। भोजशाला विवाद मामले में सुनवाई के लिए हाईकोर्ट ने पहले ही 29 अप्रैल की अगली तारीख तय कर रखी है। एएसआई का नया आवेदन भी उसी दिन सुनवाई के लिए आने की संभावना है। उच्च न्यायालय ने 11 मार्च को एएसआई को छह सप्ताह के भीतर भोजशाला-कमल मौला मस्जिद परिसर का ⏩ शेष पेज 4 पर

बैतूल लोकसभा क्षेत्र के बनते बिगड़ते समीकरण

# कांग्रेस के रामू लोकप्रिय, पर मोदी लहर के कारण भाजपा के दुर्गादास से पिछड़े

## भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशी सहज, सरल, वाकपटु

## बैतूल में आदिवासी वर्ग के बाद सबसे ज्यादा मतदाता

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भाजपा का गढ़ बन चुके बैतूल लोकसभा क्षेत्र के लिए प्रचार गति पकड़ रहा है। पहले यहां दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना था, लेकिन बसपा


दुर्गादास उइके


रामू टेकाम

प्रत्याशी की अचानक मृत्यु के कारण प्रक्रिया आगे बढ़ गई और अब यहां तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होगा। यहां कांग्रेस भाजपा से पिछड़ते दिख रही हैं। वजह है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अयोध्या में राम मंदिर के कारण भाजपा के पक्ष में चल रही लहर। 1996 से लगातार भाजपा जीत रही है, इसलिए यहां का मतदाता भाजपा की मानसिकता वाला पहले से है। कांग्रेस बैतूल संसदीय क्षेत्र में आखिरी बार 1991 में जीती थी। तब कांग्रेस के असलम शेर खान ने भाजपा के आरिफ बेग को लगभग 23 हजार वोटों के अंतर से हराया था। कांग्रेस तब से ही एक अदद जीत के लिए तरस रही है।

### खास बातें

- 1996 से लगातार भाजपा जीत रही
- कांग्रेस आखिरी बार 1991 में जीती
- कांग्रेस भाजपा से पिछड़ते दिख रही

### इस लोकसभा चुनाव में बदला दिख रहा गुर्जर समाज का मूड

*बैतूल क्षेत्र के हरदा जिले की दोनों विधानसभा सीटों के चुनाव में गुर्जर और राजपूत मतदाता कांग्रेस के पक्ष में गए थे, लेकिन लोकसभा के इस चुनाव में गुर्जर मतदाताओं का मूड बदला नजर आ रहा है। वह भाजपा के पक्ष में जा सकता है। हालांकि राजपूत समाज में अब भी नाराजगी है। उसका झुकाव कांग्रेस की ओर है। बैतूल क्षेत्र में आदिवासी वर्ग के बाद सबसे ज्यादा मतदाता ब्राह्मण, दूसरे नंबर पर गूर्जर, तीसरे नंबर पर राजपूत और चौथे नंबर पर जाट मतदाताओं की संख्या है। आदिवासी समाज भाजपा-कांग्रेस के बीच बंटा नजर आ रहा है। गूर्जर-राजपूतों की खास बात यह है कि दोनों एक के पक्ष में कभी नहीं जाते। ब्राह्मण और जाट समाज का झुकाव भाजपा की तरफ है। दलित वर्ग दोनों दलों के बीच बंटा नजर आता है।*

### इस मामले में दोनों एक-दूसरे से अलग

*समानताओं के साथ दुर्गादास उइके और रामू टेकाम की कार्यशैली में अंतर भी है। दुर्गादास 2019 में पहली बार चुनाव जीते, लेकिन जनता के बीच निष्क्रिय हो गए। लोगों का कहना है कि उइके संगठन से जुड़े रहते हैं। नेताओं को भी साध कर चलते हैं, लेकिन पूरे पांच साल उन्होंने पार्टी के आम कार्यकर्ताओं से दूरी बना कर रखी। लोगों से भी उनका संपर्क नहीं रहा। दूसरी तरफ कांग्रेस के टेकाम लगातार लोगों के संपर्क में और उनके बीच रहते हैं। उनका दुर्भाग्य यह है कि देश-प्रदेश के साथ बैतूल में भी मोदी और राम लहर चल रही है। इसकी वजह से एक बार फिर भाजपा का ही पलड़ा भारी दिख रहा है। हालांकि टेकाम इस बार कड़ी टक्कर दे रहे हैं। इसकी वजह से जीत का अंतर पिछली बार जैसा नहीं रहेगा । यह घट सकता है।*

### टेकाम उइके में कई समानताएं

एक-दूसरे का मुकाबला कर रहे कांग्रेस के रामू टेकाम और भाजपा के दुर्गादास उइके में कई समानताएं हैं। लोगों की नजर में दोनों सहज और सरल स्वभाव के हैं। दोनों वाकपटु भी हैं। दुर्गादास अपने भाषणों में संस्कृत का अच्छा प्रयोग करते हैं। उन्हें इस भाषा का अच्छा ज्ञान है। दूसरी तरह राम भी अच्छे वक्ता हैं। उनके भाषण लोगों को आकर्षित करते हैं। एक समानता यह भी है कि दोनों बैतूल लोकसभा क्षेत्र से लगातार दूसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। पिछले चुनाव में भाजपा के दुर्गादास साढ़े 3 लाख से ज्यादा वोटों के बड़े अंतर से जीत गए थे, जबकि रामू को हार का सामना करना पड़ा था।

---

## चाय पे चर्चा

▶▶ अशोका गार्डन स्थित सेम कॉलेज के पास जय चाय चाट कटोरा टी स्टॉल पर लोगों ने की लोकसभा चुनाव पर चर्चा

# मतदान को लेकर अभी जोर आजमाइश का दौर, हर उम्मीदवार झोंक रहा ताकत

**भोपाल।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर शहर में माहौल अभी नरम-गरम है। चर्चाओं का दौर भले ही हर गली-मोहल्ले में गरम हो, लेकिन मतदान को लेकर अंदरूनी स्तर पर जोर-आजमाइश शुरू हो चुकी है।

हर पार्टी के उम्मीदवार भले ही सार्वजनिक स्तर पर मैदान में कम ही दिखाई दे रहे हों, लेकिन अंदरुनी जोड़- तोड़ जारी है। ऐसी ही कुछ चर्चाएं शहर में चाय- पान की गुमठियों, टी-स्टॉल आदि पर लोगों के बीच चाय के प्याले के साथ सुनी जा सकती हैं। अशोका गार्डन स्थित सेम कॉलेज के पास जय चाय चाट कटोरा के नाम से संचालित टी-स्टॉल पर ऐसी ही चुनावी चर्चा



में शामिल रहे मृदुल तिवारी, छोटे लाल मालवीय, हर्षल, नारायण आदि का कहना है कि लोकसभा चुनाव को लेकर लोगों के बीच उम्मीदवार अभी सीधे तौर पर तो कम ही पहुंच रहे हैं, लेकिन इलाके में सभी अपने स्तर पर प्रचार-प्रसार करने में कमी नहीं छोड़ रहे। प्रमुख रूप से भाजपा और कांग्रेस पार्टी ही चर्चाओं में ज्यादा है, लेकिन शेष राजनैतिक पार्टियों के उम्मीदवार भी पूरी कोशिश कर रहे हैं कि वोटर उनके पक्ष में मतदान कर उन्हें भी सेवा का अवसर दें। ऐसे में मतदाता किसके पक्ष में है और किसे सेवा का अवसर मिलेगा, यह तो वोटर अपने मर्जी से ही तय करेगा। इसका पता तो चुनाव परिणाम आने पर ही लगेगा। अभी तो सभी उम्मीदवार बस प्रयास ही कर रहे हैं।

### सीएम डॉ. मोहन आज खरगौन, सागर भोपाल में करेंगे चुनाव प्रचार

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को खरगौन, सागर और भोपाल में चुनाव प्रचार करेंगे। मुख्यमंत्री सुबह 10.05 बजे खरगौन दोपहर 2.35 बजे सागर के बड़तुमा में रहेंगे। शाम 6.55 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ भोपाल में आयोजित रोड शो में शामिल होंगे।

### चुनावी चटखारे...

एक नेता ने अपने पीए को डांटा,
बोले- मेरे ही क्षेत्र के दौरे का कार्यक्रम
तूने, मेरी डायरी से आख़िर क्यों काटा,
पीए घबराकर बोला, सर उस गांव के लोग
तीन साल पहले गांव छोड़कर भागे कुत्ते
को वापस लौटने पर, रस्सी से बांधकर
खूब मार लगा रहे थे, बहुत ख़तरा था
हम तो फिर पांच साल बाद जा रहे थे।


गोकुल सोनी
सांईनाथ नगर

### उम्मीदवारों की पाई-पाई का हिसाब रखेगी टीम, चुनावी खर्च की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों और उनके दलों के प्रतिनिधियों को चुनावी प्रक्रिया और चुनावी खर्च के बारे में जानकारी देने के लिए मंगलवार को कलेक्टोरेट में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान उन्हें बताया गया कि चुनावी खर्च के नाम पर क्या कर सकते हैं और क्या नहीं। जैसे उन्हें बताया गया कि शराब और मतदाताओं को लालच दिए जाने वाली वस्तुओं पर खर्च नहीं कर सकते हैं। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि चुनाव खर्च में क्या शामिल किया जा सकता है और क्या नहीं। उपजिला निर्वाचन अधिकारी दीपक पांडे का कहना है कि उम्मीदवारों और प्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण दिया गया था, जिसमें उन्हें चुनावी प्रक्रियाओं, आचार संहिता सहित अन्य पहलुओं के बारे में जानकारी दी गई।

---

## मुख्यमंत्री ने रायसेन, नरसिंहपुर, रीवा एवं सतना में की जनसभाएं

# यह चुनाव बेईमानों की फौज और ईमानदार का चयन करने के लिए हैं: सीएम डॉ. मोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस ने कभी श्रीराम को नहीं माना, वे हनुमानजी को क्या पूजेंगे। जिस तरह से हनुमानजी ने श्रीराम की सेवा की, अब उनकी प्रेरणा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी देश की सेवा कर रहे हैं। यह चुनाव बेईमानों की फौज और ईमानदार का चयन करने के लिए है। यह बात मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रायसेन, नरसिंहपुर, रीवा एवं सतना में जनसभाओं को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र के माध्यम से कहा है कि कई लोग ऐसे हैं, जिनके पास ज्यादा धन है तो उनसे धन लेकर जो वंचित लोग हैं, उनको दे देंगे। आखिरकार वंचित लोगों की परिकल्पना कांग्रेस कैसे कर सकती है? कांग्रेस के महत्वपूर्ण पद पर बैठे एक नेता ने कहा कि इस देश में पहला अधिकार मुस्लिम बंधुओं का है। कांग्रेस के लोग सेना के शौर्य और पराक्रम को नकारते हैं। इसके लिए कांग्रेस को माफी मांगना चाहिए। ये भाव हमारे भारत में नहीं चल सकता है। इस प्रकार की व्यवस्था की कोई अनुमति नहीं दे सकते।






### हनुमानजी का जीवन सेवाभाव सिखाता है

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मैं आज भगवान हनुमानजी की जयंती के शुभ अवसर पर दर्शन करने के लिए छींद धाम पहली बार आया। ऐसा लग रहा है कि बार-बार आता रहूं। हनुमान जी इस धरती पर अष्ट चिरंजीवियों में से एक हैं। उनका जीवन पराक्रम, पुरुषार्थ, बल, बुद्धि, ज्ञान से परिपूर्ण है। इतना होने के बाद भी उतनी ही विनम्रता और सेवा की भावना भी है। ये हमें मानव जीवन का सच्चे अर्थों में अपना संस्कार बताती है। उनका जीवन हमको सेवाभाव की सीख देता है।

### 100 दिनों की सरकार में कई अहम निर्णय किए

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 100 दिनों की सरकार में कई अहम निर्णय भी किए। हमारी सरकार ने निर्णय किया कि किसी व्यक्ति को बीमार होने, दुर्घटना होने पर एम्बुलेंस से अस्पताल तो पहुंचा दिया जाता है, लेकिन यदि उसे किसी बड़े शहर में किसी अस्पताल में ले जाना पड़े तो उसके लिए आयुष्मान योजना के तहत अब एयर एम्बुलेंस की सुविधा भी दी जाएगी। इसी तरह गो माताओं के लिए भी एम्बुलेंस सुविधाएं शुरू की जाएंगी तो वहीं गो-शालाओं को दी जाने वाली राशि भी बढ़ाई गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार किसानों की आमदनी को दोगुना करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है।

### वोट रूपी सुदर्शन चक्र से कांग्रेस का सर्वनाश करें

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जिस तरह से भगवान श्रीकृष्ण ने शिशुपाल की 100 गलती के बाद बुआ से कहा था कि बस अब मेरा और इसका रिश्ता पूरा हो गया। उन्होंने अंगुली उठाई, सुदर्शन चक्र धारण किया और सारे पाप का हिसाब एक झटके में कर दिया। इस बार आप सबकी अंगुली पर भी सुदर्शन चक्र है। कांग्रेस ने अब तक जो पाप पाप किए हैं, इसलिए वोट रूपी सुदर्शन चक्र से कांग्रेस का सर्वनाश करें।

---

चौहान ने हनुमान मंदिर में की पूजा-अर्चना

# जैसे हनुमान, राम के भक्त, वैसे मैं जनता का भक्त: शिवराज

## ग्राम खिरिया से जन-आशीर्वाद यात्रा का किया शुभारंभ, 60 से ज्यादा गावों में हुआ स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को हुनमान जयंती पर विदिशा के रंगाई स्थित हनुमान मंदिर और बाढ़ वाले गणेश मंदिर पहुंचकर दर्शन व पूजन की। पूर्व सीएम ने सभी को हनुमान जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हनुमान जी आप सभी पर कृपा की वर्षा करें।

उनकी कृपा आप सभी पर बरसे यही अंतर्मन से प्रार्थना है और हनुमान जी जैसे राम के भक्त, वैसे ही मैं जनता का भक्त हूं। मेरे भगवान ही मेरी जनता है और जनता की सेवा ही भगवान की पूजा है। वहीं शिवराज ने विदिशा के ग्राम खिरिया से आज जन-आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ किया। ये यात्रा विदिशा लोकसभा के 60 से भी ज्यादा गांवों में पहुंची, जहां आमजन ने शिवराज सिंह चौहान का फूलों की वर्षा कर स्वागत किया।

### कांग्रेस के बड़े नेताओं ने मैदान छोड़ दिया

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता सोनिया गांधी ने रायबरेली से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है, क्योंकि उन्हें पता है कि चुनाव लड़ेंगे तो हार जाएंगे। वहीं राहुल गांधी भी अमेठी छोड़कर वायनाड निकल गए हैं, वो रणछोड़दास बन गए हैं। अब जो नेता खुद ही चुनाव जीतने में सक्षम नहीं है, वो कांग्रेस को क्या बचाएंगे। कांग्रेस समाप्ति की ओर है और इसलिए उनके के विचारवान नेता कांग्रेस के गलत फैसलों के कारण पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

### आदर्श लोकसभा बनेगा विदिशा

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने विकास की एक ईंट तक नहीं लगाई, पूरे प्रदेश को तबाह और बर्बाद कर दिया था। विकास के काम केवल भारतीय जनता पार्टी की सरकार में ही हुए हैं। अब विदिशा संसदीय क्षेत्र में भी विकास के कामों को आगे बढ़ाना है, चाहे सिंचाई हो, चाहे पढ़ाई हो, हर क्षेत्र में विकास की गंगा बहाना है। हम सभी को मिलकर विदिशा संसदीय क्षेत्र को आदर्श लोकसभा बनाना है। पूर्व सीएम ने कहा कि तुम ही शिवराज हो, तुम ही उम्मीदवार हो।

---

## शर्मा ने 42, श्रीवास्तव ने खर्च किए 23 हजार रुपए

# फेसबुक पर आलोक ज्यादा एक्टिव अरुण भी करा रहे पोस्ट को बूस्ट

### दोनों उम्मीदवार सोशल मीडिया पर सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल लोकसभा सीट के लिए 7 मई को होने वाले मतदान को लेकर उम्मीदवारों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। उम्मीदवार जनसंपर्क के साथ सोशल मीडिया पर भी सक्रिय नजर आ रहे हैं। फेसबुक और इंस्टाग्राम पर डाली जा रही पोस्ट को बूस्ट कराया जा रहा है। जिसमें सोशल साइट्स इन पोस्ट को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाता है। अब तक भाजपा के आलोक शर्मा ने फेसबुक को 41 हजार 902 और कांग्रेस के अरुण श्रीवास्तव ने 23 हजार 141 रुपए पेड किए हैं। जिला निर्वाचन की व्यय टीम उम्मीदवारों के खर्च पर नजर रख रही है। भाजपा और कांग्रेस ने 12 अप्रैल से शुरु हुई नामांकन प्रक्रिया के पहले ही उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया था। जिसके बाद से दोनों उम्मीदवार सोशल मीडिया सहित प्रचार अभियान में सक्रिय हो गए। जिसके लिए इन उम्मीदवारों ने सोशल मीडिया साइट्स का उपयोग किया है। इस बार उम्मीदवारों को चुनावी खर्च पर 95 लाख रुपए तक खर्च करने की लिमिट दी है। जिसको देखते हुए खर्च की निगरानी करने वाली टीमें रिकार्ड मेंटेन कर रही हैं।





### सोशल मीडिया पर अशांति फैलाने वालों पर होगी एफआईआर

चुनाव के दौरान समाज में अनर्गल पोस्ट और कमेंट करने वालों के खिलाफ अब एफआईआर दर्ज कराई जाएगी, दरअसल कलेक्टर ने सोशल मीडिया पर अशांति फैलाने वाली पोस्ट, कमेंट और मैसेज भेजने पर धारा-144 लागू कर दी है। ऐसे में किसी भी वाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया साइट्स पर इस तरह के मैसेज, फोटो और अन्य सामग्री पोस्ट करने पर कार्रवाई की जाएगी। आदेश में कहा गया है कि जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सोशल मीडिया की साइट्स पर अशोभनीय टिप्पणी और अन्य अनर्गल मैसेज पोस्ट करने वाले लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

### कांग्रेस सत्ता की भूखी, वह देश के विकास को रोकना चाहती है: सिंधिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को पिछोर विधानसभा क्षेत्र के मायापुर, मुहासा व अन्य गांवों में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने इस दौरान कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी सत्ता की भूखी है, वह देश के विकास और प्रगति को रोकना चाहती है। उन्होंने कहा कि देश में हो रहे विकास कार्य बताते हैं कि किस तरह से भाजपा की डबल इंजन सरकार ने हर वर्ग की चिंता की है। केंद्र की मोदी सरकार ने हर वर्ग का ध्यान रखा है। आज किसान हो या महिला या कोई गरीब हो या युवा सबको विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और अवसंरचना विकास से लाभ मिल रहा है।

### चुनावी जीत का किला है बूथ, इसे मजबूती देने में जुट जाएं पार्टी कार्यकर्ता: डॉ. महेंद्र

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने मंगलवार को पंडोखर सरकार में भिंड-दतिया लोकसभा क्षेत्र की पार्टी बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि चुनावी जीत का प्रमुख आधार और महत्वपूर्ण किला बूथ है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह बूथ पर पार्टी को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने में जुट जाए। प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि ये चुनाव भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का चुनाव है।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कटनी में रोड शो कर जनता का अभिवादन किया

# रोड शो में जनता ने फूल बरसाकर किया विष्णुदत्त का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को कटनी में रोड शो किया।

इस दौरान शर्मा ने रथ पर सवार होकर कटनी के चुनाव कार्यालय से स्टेशन चौराहा, सुभाष चौक, रूई बाजार, जैन मंदिर होते हुए घंटाघर तक रोड शो कर जनता का अभिवादन किया। रोड शो के दौरान क्षेत्रीय जनता ने स्थान-स्थान पर घरों से पुष्पवर्षा कर मंच लगाकर स्वागत किया गया। इसके बाद घंटाघर चौराहे पर विशाल जनसभा को संबोधित किया।

### खास बातें

- सांसद शर्मा ने घंटाघर चौराहे पर विशाल जनसभा को संबोधित किया
- शर्मा रथ में सवार होकर स्टेशन चौराहा, रूई बाजार, जैन मंदिर होकर घंटाघर चौराहा पहुंचे





**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पन्ना के पहाड़कोठी हनुमान मंदिर में किए दर्शन**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को हनुमान जयंती के अवसर पर पन्ना के पहाड़कोठी हनुमान मंदिर में दर्शन एवं पूजन-अर्चन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

7 अंजनी पुत्र का सिंदूर से अभिषेक कर चढ़ाया चोला...

10 मंगल मूर्ति, राम दुलारे...हे बजरंगबली, हनुमान...





रोशनपुरा चौराहे पर नजर रखे एक जवान।

राजधानी भोपाल छावनी में हुई तब्दील

रोड शो की सफलता पूर्वक की गई रिहर्सल



पीएम मोदी के रोड शो की रिहर्सल करते प्रशासनिक अफसर।

# प्रधानमंत्री मोदी का रोड शो आज

# 30 आईपीएस, 2 हजार जवान और एसपीजी कमांडो संभालेंगे सुरक्षा

## चप्पा-चप्पा नजरबंद, डीजीपी ने संभाली कमान, लिया सुरक्षा का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को भोपाल आ रहे हैं। प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर राजधानी भोपाल को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा में 30 आईपीएस अधिकारी और दो हजार पुलिस जवान और एसपीजी कमांडो रहेंगे।

प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था के लिए एसपीजी के स्पेशल कमांडो तीन सुरक्षा चक्र में तैनात रहेंगे। बाहर के सुरक्षा घेरे में स्थानीय पुलिस अधिकारी मौजूद रहेंगे। दिल्ली से स्पेशल प्रोटेशन ग्रुप के अधिकारियों का दल भी राजधानी भोपाल पहुंच चुका है। बुधवार शाम को प्रधानमंत्री के होने वाले रोड शो की प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसकी रिहर्सल भी की गई। डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना ने मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अफसरों के साथ सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था, पार्किंग और डायवर्सन प्लान को अंतिम रूप दिया गया। बुधवार को शहर के भीतर भारी वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा। इसके साथ ही दोपहर तीन बजे से रात 9.30 बजे तक विभिन्न इलाकों में ट्रैफिक परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा।

### बसों का बदला रूट

सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक इंदौर, राजगढ़ से आने वाली यात्री बसें खजूरी सड़क, बैरागढ़ से हलालपुरा पहुंचेंगी। आईएसबीटी से बस स्टैंड जाने वाली बसें पटेल नगर, प्रभात चौराहा से होकर जाएंगी।

### ऐसा रहेगा पुराने शहर का ट्रैफिक

दोपहर 3 बजे से रात 9.30 बजे तक पुराने शहर जाने वाला ट्रैफिक गांधी नगर, करोंद, बेस्ट प्राइज, जेपी नगर ओवर ब्रिज, छोला होते हुए नादरा बस स्टैंड के समानांतर रोड से रेलवे स्टेशन जाएगा। नए शहर से पुराने शहर जाने वाला ट्रैफिक बोर्ड आफिस, डीबी माल, सुभाष नगर ब्रिज, अशोका गार्डन होकर रेलवे स्टेशन पहुंचेगा। 6 नंबर जाने के लिए भारत टाकीज ओवर ब्रिज, से अल्पना तिराहा बस स्टैंड पहुंचा जा सकेगा।





### शाम 7 बजे पहुंचेंगे भोपाल, शास्त्री की प्रतिमा से शुरू होगा रोड शो

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शाम सात बजे पहुंचेंगे। रोड शो की शुरुआत ओल्ड विधानसभा के ठीक सामने बनी लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा से होगी। पीएम शाम 7 बजे पुराना विमानतल से रवाना होकर नरसिंहगढ़ तिराहा, लालघाटी, वीआईपी रोड, रेतघाट, पालीटेक्निक, मालवीय नगर स्थित एयरटेल तिराहा पहुंचेंगे, जहां से उनका रोड शो प्रारंभ होगा। यह रोड शो मालवीय नगर से रोशनपुरा तथा अपेक्स बैंक तक होगा। रोड शो के बाद कारकेड प्लैटिनम प्लाजा से जवाहर चौक, डिपो चौराहा, पालीटेक्निक से वीआईपी रोड होकर पुराना विमानतल पहुंचेगा।

### एयरपोर्ट से ऐसे होगा आवागमन

शाम 5 बजे से रात 9.30 बजे तक एयरपोर्ट की तरफ आवागमन के लिए बोर्ड आफिस , ज्योति टाकीज चौराहा, कैरियर कालेज आईटीआई तिराहा, जेके रोड, मिनाल रेसीडेंसी, अयोध्या बायपास, करोंद चौराहा, नई जेल गांधीनगर से आवागमन कर सकेंगे।

### ऐसी होगी वाहनों की पार्किंग व्यवस्था

लाल परेड मैदान, एमएलए रेस्ट हाउस, बिड़ला मंदिर से वल्लभ भवन के बीच, टीटी नगर स्टेडियम के सामने स्मार्ट रोड, राम मंदिर से मॉडल स्कूल तक और रवींद्र भवन परिसर में पार्किंग व्यवस्था की गई है। रोड शो में शामिल होने वाले दोपहिया और चार पहिया वाहनों को इन्हीं स्थानों पर पार्क किया जाएगा। पार्किंग में शाम 6 बजे तक ही प्रवेश दिया जाएगा। मंत्री, विधायक और संगठन के पदाधिकारी अपने वाहनों को एमवीएम कालेज मैदान में पार्क कर सकेंगे।

### रोड शो के दौरान ऐसा रहेगा ट्रैफिक

रोड शो के दौरान पुलिस कंट्रोल रूम से माता मंदिर, रोशनपुरा से डिपो, गांधी पार्क से रेतघाट तक यातायात परिवर्तित मार्ग से चलेगा। पालीटेक्निक जाने वाला ट्रैफिक रायल मार्केट, हमीदिया रोड, अल्पना, भारत टाकीज, पुल बोगदा, सुभाष नगर से एमपी नगर जाएगा। माता मदिर, रोशनपुरा से रेतघाट और मोती मस्जिद का ट्रैफिक लिंक रोड दो से बोर्ड आफिस चौराहा, डीबी माल, मैदा मिल, सुभाष नगर, प्रभात, पुल बोगदा से भारत टाकीज की तरफ जाएगा।

### आरकेएमपी एवं आईएसबीटी

दोपहर 3 बजे से रात 9.30 बजे तक पुराने शहर से नए शहर, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन अथवा आईएसबीटी का ट्रैफिक संगम टाकीज, भारत टाकीज ओवर ब्रिज, अशोका गार्डन, प्रभात चौराहा, सुभाष फाटक ओवर ब्रिज, डीबी माल, बोर्ड आफिस चौराहे से आवागमन कर सकेगा। इसी प्रकार भदभदा चौराहा से नेहरू नगर, मैनिट चौराहा, कोलार गेस्ट हाउस, राजीव गांधी चौराहा, 7 नंबर चौराहा, मानसरोवर तिराहा होकर आवागमन कर सकेगा।

### पीएम के काफिले में 12 एंबुलेंस और 60 चिकित्सकों की टीम रहेगी तैनात

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को भोपाल में रोड शो करने आ रहे हैं। पीएम की सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं का भी खास इंतजाम किया गया है। प्रधानमंत्री के काफिले और रोड शो व अन्य भीड़ वाले स्थानों को शामिल करते हुए भोपाल में 12 सेक्टर बनाकर डाक्टरों की तैनाती की गई है। इस दौरान 12 एंबुलेंस और 60 डॉक्टरों की टीम किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए वहां तैनात रहेगी। एयरपोर्ट और अन्य भीड़ वाले स्थानों को शामिल करते यह व्यवस्था की है। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि प्रत्येक सेक्टर में दो डॉक्टर के अलावा पैरामेडिकल स्टाफ को भी ड्यूटी पर लगाया गया है।




### रोड शो को लेकर नगर निगम की सफाई व्यवस्था चाक-चौबंद

भोपाल। नगर निगम द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो को लेकर साफ सफाई जैसी कई व्यवस्थाएं चाकचौबंद कर दी गई हैं। निगम का अमला बुधवार सुबह तक सक्रिय रहेगा। उसके बाद रोड शो के आसपास के क्षेत्र में कचरा वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। साथ ही नगर निगम के फायर अमले सहित अन्य स्टाफ को भी ड्रेस में पूरे दिन अपनी ड्यूटी पर रहना है। नगर निगम कमिश्नर ने इससे संबंधित नगर निगम के पूरे अमले को निर्देश जारी किए हैं, लेकिन आचार संहिता होने से फील्ड में नगर निगम की कोई तैयारी रोड के दौरान दिखाई नहीं देगी। निगम अधिकारियों के अनुसार मंगलवार को सुबह से ही नगर निगम का अमला सक्रिय है और बुधवार को भी पूरा अमला सक्रिय रहेगा। इस दौरान सभी कॉल सेंटरों को भी अपडेट रहने को कहा गया है।

- एक दिन पहले कचरा उठाने और झाड़ू लगाने का काम भी सुबह तड़के पूरा हो जाएगा

## 50 फीट का फव्वारा...


भोपाल। राजधानी में मंगलवार सुबह दाना पानी चौराहे के पास पाइपलाइन फटने से करीब 50 फीट का फव्वारा नजर आया। हालांकि दोपहर तक इसे सुधार दिया गया।

# पनीर में मिली मिलावट, बिना रजिस्ट्रेशन के कारोबार करने पर 2.30 लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पनीर, मूंग सहित अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट करने और बिना फूड रजिस्ट्रेशन के खाद्य कारोबार करने पर एडीएम हिमांशु चंद्र ने मंगलवार को एक दर्जन खाद्य कारोबारियों पर 2 लाख 30 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। जुर्माना जमा नहीं करने वाले कारोबारियों की कुर्की की जाएगी।

पिछले दिनों खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने एक दर्जन रेस्टॉरेंट, किराना दुकान और दूध डेयरी से पनीर, मूंग, जीरा सहित अन्य खाद्य पदार्थों के संपल लिए थे। जिसकी जांच खाद्य लेबोरेटरी में कराई गई। जांच में सैंपल अवमानक और मिस ब्रांडेड मिलने पर जुर्माना लगाया गया है।



**एडीएम ने सुनवाई के बाद एक दर्जन मामलों में दिए आदेश**

### इन पर लगा जुर्माना

रिमिक्स लाउंज दानिश कुंज 40 हजार, आरके डेयरी चिकलोद रोड 10 हजार, गौरव दूध डेयरी अब्बास नगर गांधी नगर 10 हजार, 32 डिग्री, ओंकार रीकियेशन नार्थ ईस्ट रेस्ट्रो लॉन्ज खुदागंज केरवा डेम रोड 40 हजार, विक्की किराना मंगलवारा 20 हजार, जैन किराना सोनागिरी 5 हजार, देव अधिकारी स्ट्रीट फूड कार्नर नेहरू नगर 5 हजार, भोपाल मेडिकल शॉप भोजपुर तिराहा 20 हजार, चौहान किराना स्टोर नेहरू नगर 5 हजार, इंडियन कॉफी एंड टी कैफे अशोका गार्डन 10 हजार, शर्मा डिलीशियस मयूर विहार 40 हजार, एवर ग्रीन एंड रेस्टोरेंट भैंसाखेड़ी 25 हजार का जुर्माना किया गया है।

## डिवाइडर लगाए जा रहे साथ, डामरीकरण के लिए मांगे दो दिन

# बीआरटीएस कॉरिडोर: होशंगाबाद रोड पर दूसरे चरण का काम हुआ शुरू, अगले माह के अंत तक पूरा हट जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आरआरएल तिराहे से मिसरोद तक पिछले दो माह में बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने का काम 60 फीसदी से ज्यादा हो गया है। शेष बचा हुआ काम भी अगले माह अंत तक पूरा हो जाएगा।

इस रोड पर जिस कंपनी को कॉरिडोर को हटाने की जिम्मेदारी दी गई है, उसने मार्च में काम शुरू किया और 31 मई तक कॉरिडोर हटाने की डेड लाइन तय की है। इस रोड पर दूसरे चरण का काम शुरू करते हुए निगम अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

### खास बातें

- कॉरिडोर हटाने के लिए तय कंपनी को दी गई है 31 मई तक की डेडलाइन




### कॉरिडोर हटाने के साथ चल रहा है डिवाइडर का भी काम

राजधानी से 31 मार्च तक पूरी तरह से बीआरटीएस कॉरिडोर हटाना था, लेकिन होशंगाबाद रोड पर वर्क ऑर्डर फरवरी माह में दिया गया। इसके बाद मार्च में काम शुरू हुआ, जिससे इस रोड पर 31 मई की डेड लाइन तय की गई। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार कॉरिडोर हटने के साथ ही डिवाइडर का काम भी साथ में चल रहा है। जबकि बस स्टॉप साइकिल ट्रैक पर शिफ्ट किया जाना है। यह काम कॉरिडोर हटने के बाद होगा। निगम अधिकारियों के अनुसार सबसे ज्यादा ट्रैफिक वाला रोड होने से सावधानी पूर्वक काम किया जा रहा है। इस कारण तीन माह का वक्त पहले ही तय कर दिया गया था।

### सुरक्षा का ध्यान रखना भी जरूरी

बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने का काम सही तरीके और तेजी से चल रहा है। कॉरिडोर हटाने के लिए पहले से ही तीन माह का समय तय किया गया था। ट्रैफिक भार अधिक होने से सुरक्षा का भी ध्यान रखना जरूरी है।

**पवन सिंह, अपर आयुक्त नगर निगम**

### एलिवेटेड कॉरिडोर की लाइनिंग का काम

मिसरोद से आरआरएल तिराहे तक साढ़े पांच किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर बनाने का काम बीआरटीएस कॉरिडोर हटने के बाद शुरू होना है। इसके लिए पीडब्ल्यूडी द्वारा लाइनिंग का काम शुरू करवा रहा है। इसकी डीपीआर तैयार होने के साथ ही कंपनी को जिम्मेदारी तय कर दी गई। पीडब्ल्यूडी द्वारा इसलिए कॉरिडोर के हटने का इंतजार किया जा रहा है। एलिवेटेड कॉरिडोर चेतक ब्रिज और आईटीआई तिराहे तक जुड़ेगा। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के अनुसार होशंगाबाद रोड पर एलिवेटेड कॉरिडोर बनाने नगर निगम ने भी अपनी एनओसी दे दी थी। इस सड़क को ट्रांसफर करने का प्रस्ताव केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्रालय के पास भेज दिया था।



## स्व. भारत भूषण त्रिपाठी (गुरु भाई) की स्मृति में फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

खेल विभाग व फिजिकल एजुकेशन वेलफेयर एसोसिएशन का आयोजन

# मदर टैरेसा और सेज इंटरनेशनल के खिलाड़ी पहुंचे अगले दौर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरु कप इंटर स्कूल जूनियर फुटबाल टूर्नामेंट अंडर- 14 खेल एवं युवक कल्याण विभाग तथा फिजिकल एजुकेशन वेलफेयर एसोसिएशन भोपाल के तत्वाधान में मंगलवार को रंगारंग कार्यक्रम के साथ आईकॉनिक स्कूल में आयोजित किया गया। फिजिकल एजुकेशन वेलफेयर एसोसिएशन विवेक गौड़ ने बताया कि मुख्य अतिथि ज्वाइन डायरेक्टर डीपीआई आलोक खरे, अध्यक्ष मेजर ध्यानचंद शारीरिक शिक्षा विभाग बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी डॉ. आलोक मिश्रा, प्राचार्य आईकॉनिक स्कूल तथा सीके जॉयसन की उपस्थिति में आयोजित किया गया। आज के प्रथम मैच मदर टेरेसा स्कूल विरुद्ध रॉयन इंटरनेशनल के बीच खेला गया।





### मदर टेरेसा स्कूल ने अंतिम चरण में 2-1 से जीता मैच

मदर टेरेसा स्कूल के खिलाड़ियों ने अंतिम चरणों में मैच 2-1 से जीतकर दूसरे राउंड में प्रवेश किया। वहीं दूसरे मैच में सेंट जॉर्ज स्कूल और सेज इंटरनेशनल स्कूल की टीमें भिड़ीं, जिसमें सेज के खिलाड़ियों ने शानदार तालमेल के साथ सेंट जॉर्ज स्कूल को 2-1 से हराकर दूसरे राउंड में प्रवेश किया। पहले मैच के हीरो रॉयल स्कूल के यश चौहान तथा दूसरे मैच के मैन ऑफ द मैच सेज इंटरनेशनल स्कूल के प्रवंश शिव रहे। सभी टीमों ने अपने स्कूल के ध्वज के साथ मार्च पास्ट किया और प्रतियोगिता को पूर्ण रूप से नियमपूर्वक खेलने की शपथ ली।

### 11वीं रेड बुल इंटर कॉलेज आईसीपीएल टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता

कैरियर कॉलेज को 9 विकेट से हराया

## प्रियांशु प्राण के शतक से जीता जागरण लेक सिटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खेल संस्कार ग्रुप द्वारा आयोजित आईसीपीएल टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार का मुकाबला कैरियर कॉलेज एवं जागरण लेक सिटी के बीच खेला गया, जिसमें कैरियर कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 183 रन बनाए।

कैरियर की ओर से पीयूष श्रीवास्तव ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 10 चौके और चार छक्कों की मदद से 59 गेंदों में 85 रनों की पारी खेली। वहीं शाश्वत भदोरिया ने 21 गेंदों में 45 रनों की पारी खेली इसके अलावा करन शर्मा ने 13 गेंदों में 12 रनों का योगदान दिया। जागरण लेक सिटी की ओर से गेंदबाजी करते हुए अक्षत शुक्ला ने चार ओवर में 22 रन देकर दो विकेट अभय ने चार ओवर में 29 रन लेकर एक विकेट लिया।



### प्रियांशु 'मैन ऑफ द मैच' घोषित

बाद में बल्लेबाजी करने उतरी जागरण लेक सिटी की टीम ने प्रियांशु प्राण के धुआंधार शतक की मदद से विजयलक्ष्य 13 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 187 रन बनाकर हासिल कर लिया जिसमें प्रियांशु प्राण ने 13 चौके और 9 छक्के की मदद से 43 गेंद में नाबाद 118 रनों की पारी खेली। इसके अलावा मोहित शुक्ला ने 24 गेंद में 43 एवं देव पाटीदार ने 13 गेंद में नाबाद 12 रनों का योगदान दिया कैरियर कॉलेज की ओर से विनायक ने दो बार में 33 रन लेकर एक विकेट लिया इस प्रकार जागरण लेक सिटी ने यह मुकाबला 9 विकेट से जीत लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच जागरण लेक सिटी से शतकीय पारी खेलने वाले जागरण लेक सिटी के प्रियांशु प्राण रहे।

## स्व. अरविंद चतुर्वेदी स्मृति टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट 28 से

**भोपाल।** स्व अरविंद चतुर्वेदी स्मृति टी- 20 क्रिकेट टूर्नामेंट 28 अप्रैल से आयोजित किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट ओल्ड कैपियन और नेहरू नगर पुलिस मैदान पर खेला जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष अभय चतुर्वेदी ने बताया कि टूनर्नामेंट तीन ग्रुप में खेला जाएगा। इसमें कार्पोरेट, डिपार्टमेंटल और ओपन शामिल हैं।

प्रतिदिन दो मैच खेले जाएंगे। इसके बाद दोनों मैचों के प्लेयर ऑफ द मैच प्लेयर को पुरस्कृत किया जाएगा। पहला मैच सुबह 8.30 बजे शुरू होगा, जबकि दूसरा मैच दोपहर 12.30 बजे शुरू होगा। टूनर्नामेंट का उदघाटन स्पोर्ट्स प्रमोटर्स ग्रुप के चेयरमैन अरुणेश्वर सिंहदेव, शहर के पूर्व इंटरनेशनल क्रिकेटर जेपी यादव, हॉकी ओलिंपियन सैयद जलालुद्दीन रिजवी, ओलिंपियन समीर दाद और भोपाल डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव रजत मोहन वर्मा करेंगे।

## सुदर्शन चक्र कोर ने मोटरसाइकिल अभियान टीम को किया सम्मानित



**भोपाल।** भारतीय नौसेना मोटर बाइक अभियान दल, 'राइनो राइड' रॉयल आईएनएस ब्रह्मपुत्र की 25वीं वर्षगांठ मनाने 18 अप्रैल को मुंबई से रवाना हुआ और 22 अप्रैल को भोपाल पहुंचा। लेफ्टिनेंट जनरल प्रीत पाल सिंह, एवीएसएम, जीओसी, सुदर्शन चक्र कोर ने टीम को सम्मानित किया। बाद में, 'राइनो राइड' ने मुख्यालय 21 कोर, 3 ईएमई सेंटर और शौर्य स्मारक के युद्ध स्मारकों पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की। 'आईएनएस ब्रह्मपुत्र', स्वदेश निर्मित 'ब्रह्मपुत्र क्लास' फ्रिगेट को 14 अप्रैल 2000 को कमीशन किया गया था। यह जहाज 'संशोधित तेंदुआ वर्ग एंटी-एयरक्राफ्ट फ्रिगेट' के रूप में पश्चिमी बेड़े का एक दुर्जेय हिस्सा है, जिसने 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्धों में भाग लिया था। रैली में '12 राइनो राइडर्स' शामिल थे, जो पूरे देश में मुंबई से असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में ब्रह्मपुत्र नदी तक 3000 किमी की कुल दूरी तय करने यात्रा पर निकले। अभियान का समापन असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में होगा। अभियान दिग्गजों को सम्मानित करने और सामुदायिक आउटरीच को बढ़ावा देने के प्रयास के साथ त्रि-सेवा संयुक्त कौशल को बढ़ावा देने समर्पित है।

## जैकेट का शेष

### आईएमए अपनी तरफ भी देखे...

कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की तरफ से भी अनैतिक तौर तरीके अपनाए जाने की शिकायत मिल रही है। इतना ही नहीं, इस दौरान कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद के अलावा दूसरी एफएमसीजी कंपनियों का भी जिक्र किया और कहा कि वे भी अपने प्रोडक्ट्स के बारे में गलत दावे करती हैं।

### केंद्र सरकार से भी ...

कि एसोसिएशन इस पर गौर करेगा, जिस पर जस्टिस कोहली ने आदेश देते हुए कहा कि हम मामले को हल्के में नहीं ले सकते। इसमें छोटे बच्चे भी शामिल हैं।

### लोक-लुभावने वादे ...

पदाधिकारी उपस्थित रहे। नड्डा ने कहा कि 10 साल पहले आप ही कहते थे कि कोई बदलाव नहीं आएगा। लेकिन आप लोग ही कह रहे हैं कि देश बदल चुका है। विकसित भारत के लिए हमें स्थिर, मजबूत और निर्णायक सरकार की जरूरत है। 1997 में हमने पालमपुर में कहा था कि राम मंदिर बनवाने का काम करेंगे। विरोधी इस बात को लेकर हमारा मजाक उड़ाते थे, लेकिन 22 जनवरी 2024 को पीएम मोदी ने राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की।

### छह महीने में 10...

निर्माण की प्रगति को देखने के लिए बेंगलुरु में भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) का दौरा किया था। छह महीने के भीतर परीक्षण के तौर पर कम से कम 10 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें शुरू की जाएंगी। सभी वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें 'कवच' प्रणाली से लैस होंगी।

### गर्मी का यू-टर्न...

में 6.5 डिग्री की बढ़त के साथ दिन का पारा 37 डिग्री पर रहा। तापमान में तेजी से बढ़त के बावजूद अभी दिन का औसत पारा 40 डिग्री से कम रहा है। भोपाल में दिन का पारा 4 डिग्री बढ़कर 39 डिग्री रहा। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम पारा खरगोन में 41.2 डिग्री रहा। नरसिंहपुर, खंडवा में 40 डिग्री के करीब रहा। वहीं, छिंदवाड़ा में मंगलवार शाम को आंधी-बारिश के साथ ओले गिरे। यहां 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। प्रदेश के पूर्वी हिस्से में अगले कुछ घंटों में मौसम बदल सकता है। मौसम केंद्र के अनुसार बुधवार को भी कुछ जिलों में बादल, बौछारों के साथ गरज चमक की स्थिति रहेगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार सिस्टम के आगे बढ़ने से बारिश में कमी आ रही है। इससे दिन के तापमान में बढ़त जारी है। अगले दो दिन में पारे में एक से दो डिग्री तक और बढ़त होने का अनुमान है।

### कहां कितना बढ़ा दिन ...

डिग्री तक कमी आई है। मौसम केंद्र के अनुसार भोपाल, सीहोर, सिंगरौली, बैतूल, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, सिवनी, मंडला और बालाघाट जिलों में आज कहीं बादल और कहीं गरज चमक की स्थिति बन सकती है।

### एक किमी तक ...

*यहां मुख्य तौर पर हनुमान जन्मोत्सव छोटी दिवाली के एक दिन पहले मनाया जाता है। लेकिन, दक्षिण भारतीय परंपरा के अनुसार, दक्षिण मुखी हनुमान जी के उपासक देश के विभिन्न क्षेत्रों में हनुमान जन्मोत्सव को मनाते हैं। हनुमानगढ़ी के अलावा राम जन्मभूमि, कनक भवन और नागेश्वर नाथ मंदिर पर भी श्रद्धालुओं की भीड़ रही। देश और विदेश के राम नगरी पहुंचे श्रद्धालु सरयू स्नान कर हनुमान लला का आशीर्वाद लेने हनुमानगढ़ी पहुंचे।*

### चीनी कंपनी को पछाड़कर....

पहुंच गई। उसके नेटवर्क पर डेटा खपत तिमाही में 40 एक्साबाइट से भी कम रही। चीन की एक और कंपनी चाइना टेलीकॉम डेटा खपत के मामले में तीसरे नंबर पर, तो भारत की एयरटेल चौथे नंबर पर रही। दुनिया भर की टेलीकॉम कंपनियों के डेटा ट्रैफिक, ग्राहक आधार पर नजर रखने वाली टीएफिशियंट ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

### भारत ने सिंगापुर,...

मंत्रालय ने सिंगापुर और हांगकांग दोनों में भारतीय दूतावासों को इस मामले पर एक विस्तृत रिपोर्ट भेजने का भी निर्देश दिया है। मंत्रालय ने भारतीय कंपनियों एमडीएच और एवरेस्ट से भी विवरण मांगा है, जिनके उत्पादों पर कथित तौर पर स्वीकार्य सीमा से अधिक कीटनाशक 'एथिलीन ऑक्साइड' होने के कारण प्रतिबंध लगाया गया है।

## पेज एक का शेष

### 200 मंच स्थलों से ...

वार्ता के दौरान यह जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी मालवीय नगर स्थित तिराहे से खुले रथ पर सवार होकर क्षेत्रीय जनता का अभिवादन करते हुए मेजर नानके पेट्रोल पंप तिराहा तक पहुंचेंगे।

### यात्रा मार्ग में ...

सहित विभिन्न समाज के नागरिकों द्वारा मंच लगाकर स्वागत किया जाएगा। यात्रा में लोकनृत्यों की झलक के साथ कलाकार पारंपरिक वेशभूषा में प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। इस दौरान ढोल नगाड़े, बैंड, लेजर बीम सहित अन्य वाद्ययंत्रों के माध्यम से कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

### कांग्रेस को अपने...

की मेहनत की गाढ़ी कमाई और उनके गहनों पर है, जो अत्यंत चिंता की बात है। लोगों के खून-पसीने की इस कमाई की हर कीमत पर रक्षा होनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह से इस मुद्दे को जनता-जनार्दन के सामने रखा है और कांग्रेस की कुटिल चाल को लेकर आगाह किया है, इसके लिए हम उनकी हृदय से प्रशंसा करते हैं। कांग्रेस को अपने मेनिफेस्टो पर माफी मांगना चाहिए। मैं और भारतीय जनता पार्टी इसकी निंदा करते हैं।

### प्रधानमंत्री का मध्यप्रदेश ...

*के दौरे पर इतनी बार नहीं आए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दस सालों में मध्यप्रदेश को न केवल उदारतापूर्वक संसाधन उपलब्ध कराया, बल्कि प्रदेश के हर क्षेत्र में विकास के रास्तों को खोल दिया है*

### फ्लाइट में 12 साल...

बच्चों को उनके माता-पिता या अभिभावकों के साथ सीट दिए जाने का निर्देश दिया है।

### भोजशाला परिसर...

जाना चाहिए। यह एक समय लेने वाली प्रक्रिया है। एएसआई ने सोमवार को उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ के समक्ष एक आवेदन दायर में कहा कि विवादित परिसर में संरचनाओं के खुले हिस्सों की प्रकृति को समझने के लिए कुछ और समय की जरूरत है। दरअसल, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के निर्देश पर धार जिले में स्थित भोजशाला परिसर में एएसआई एक वैज्ञानिक सर्वेक्षण कर रहा है। हिंदू पक्ष का दावा है कि 11वीं सदी के स्मारक भोजशाला में वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर हैं, जबकि मुस्लिम समुदाय यहां कमल मौला मस्जिद होने का दावा कर रहे हैं।

### पहले 6 हफ्ते का...

'वैज्ञानिक सर्वेक्षण' करने का आदेश दिया था। आवेदन में यह भी बताया गया है कि एएसआई ने राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई) से ग्राउंड-पेनेट्रेटिंग रडार (जीपीआर) सर्वेक्षण करने का अनुरोध किया है। इसमें कहा गया है कि एनजीआरआई की एक टीम और उनके वैज्ञानिक उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्देशों का सख्ती से पालन करते हुए नियमित रूप से पूरे क्षेत्र का सर्वेक्षण कर रहे थे।


## हरिभूमि क्लासीफाइड

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

संपर्क सूत्र : 9407279644

### आवश्यकता

कोमोरी ऑफसेट ऑपरेटर - कोमोरी लिथ्रोन -426,प्रिंटिंग मशीन हेतु कर्मचारियों की अति शीघ्र आवश्यकता है। ऑपरेटर, फिडर मैन, कटिंग मैन, हेल्पर संपर्क - 7566100099- हिन्दुजा ऑफसेट, रायपुर(छत्तीसगढ़)
R- 14/04 to 13/05/24

सिक्योरिटी कंपनी को भारी मात्रा में अनुभवी गार्ड, लेडी गार्ड एवं सुपरवाइजर की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन दी जावेगी। तुरंत संपर्क करे। 9630490364, 9993771317
B- 04/04 to 03/05/24

### नाम परिवर्तन

मैं सेना संख्या 15430012K रैंक- हावलदार, नाम मोदड अमोल दत्तात्रय.पुत्र - मोदड दत्तात्रय भागवत. निवासी निमगांव टेंभी, तहसील संगमनेर, जिला- अहमदनगर राज्य-महाराष्ट्र। द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरे सेना सेवा रिकॉर्ड में, मेरी बेटी का नाम मादड श्रीशा अमोल दर्ज है, जो गलत है। मेरी बेटी का सही नाम मोदड श्रीशा अमोल है। इसलिए, भविष्य में वह सभी उद्देश्यों के लिए मोदड श्रीशा अमोल द्वारा जानी और पहचानी जाएगी। भोपाल न्यायालय के समक्ष शपथ पत्र संख्या BW 923694 दिनांक 19.04.24 द्वारा।

### CHANGE OF NAME

I Army No. 15412637W Rank -Hav, Name SONAR DNYASHWAR CHINDHA Presently Serving with MH, Bhopal. hereby declare that In my Army Service record, my Mother name is recorded as CHINDRAKALA CHINDHA SONAR, Which is incorrect. In other documents My my Mother name mentioned as SINDHUBAI CHINDHU SONAR, Which is correct. So, In future she will be known and recognized by SINDHUBAI CHINDHU SONAR for all purpose

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844
R-28/03 to 12/05/24 not on 17/4

### Medical Help Line

विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



कृत्रिंग अंग (पैर)
कैलिपर, एवं शारिरिक सहायक उपकरण बनायें जाते है।



संपर्क करें- मो.9826350154,6266402502
अजंता रिहैविलिटेशन सेंटर 5/4 संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर न्यू मार्केट के पास भोपाल (म.प्र.)

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 10X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2022 से लागू


## राशिफल

**मेष** — परिवार में धार्मिक कार्यों में मन लगेगा। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास बहुत रहेगा। क्रोध पर नियंत्रण रखने का प्रयास करें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**मिथुन** — वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। नौकरी में कोई अतिरिक्त कार्यभार मिल सकता है। कारोबार पर ध्यान दें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता में कमी रहेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। भवन सुख में वृद्धि होगी। यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**कन्या** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदादी मिल सकती है। परिश्रम बहुत रहेगा।

**तुला** — कार्यक्षेत्र में भी बदलाव हो सकता है। खर्च बढ़ेंगें। किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। वाणी के प्रभाव से कारोबार में लाभ बढ़ सकता है।

**धनु** — लाभ के अवसर मिलेंगे। धैर्यशीलता भी बनाए रखें। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। संचित धन में कमी आएगी।

**मकर** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में निवेश कर सकते हैं। पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है।

**कुंभ** — खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। उच्च शिक्षा के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**मीन** — वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। कारोबार के लिए विदेश यात्रा पर भी जा सकते हैं। यात्रा से धन लाभ हो सकता है।

## शब्द पहेली - 5491



**बाएँ से दाएँ**
1. मन मोहने वाला-5
5. प्रस्थान करना,रवानगी-5
9. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10. तेल में पकाना-3
11. प्रेम,प्यार-2
13. थोड़ा,जरा-2
14. मैं का बहुवचन-2
15. उम्मीद करना-5
18. धन,संपदा-2
19. पक्षियों की चहचहाट-4
20. अभिप्राय-4
21. सद्,अच्छा-2
22. दम,ताकत-2
23. प्रकाशवान-4
26. ठसाठस-4
29. माईल,दूरी नामपे की इकाई-2
30. क्रोधित होना-2,3
33. विदेशी शराब-2
34. झुका हुआ-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. आखेट मंच-3
38. खुजली-3
41. मनमोहकता-5
42. नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आकर्षक.चिताकर्षक-5
2. वैक्स,मधुज-2
3. अधिकार-2
4. फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5. जागरण-4
6. दीवार (अंग्रेजी-2)
7. मां के पिता-2
8. असफल-5
12. गर्भ,कोख-3
13. करामात-3
15. खातिरदारी -5
16. उद्देश्य-2
17. नामकरण-2,3
23. भूस्वामी-2,3
24. सही का विलोम-3
25. मृत्यु-2
27. इमामदस्ता-3
28. कांतिमान, चमकीला-5
31. उदारता,बड़प्पन-4
32. मालगोदाम-4
36. रत्न,नग-2
37. टी,चहा-2
39. याचिका,वाद (अंग्रेजी-2)
40. वहम,संदेह-2

### शब्द पहेली -5490 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | ज | ■ | आ | ग | ■ | सा | थ | ■ | सु | रा |
| ल | ■ | ता | ना | ■ | आ | स | ■ | ख | ब | र |
| ■ | ली | ला | ■ | सा | या | ■ | क | ल | ह | ■ |
| म | न | ■ | रा | त | ■ | र | म | ल | ■ | वि |
| स्ती | ■ | फि | जा | ■ | अ | ग | ला | ■ | सा | दा |
| ■ | शू | र | ■ | की | च | ड़ | ■ | ता | र | ■ |
| कु | ल | ■ | अ | म | ल | ■ | ख | त | ■ | मी |
| ली | ■ | ग | ल | त | ■ | प | ता | ■ | जा | न |
| ■ | दो | ज | ख | ■ | क | ल | ■ | ता | ल | ■ |
| घा | य | ल | ■ | दा | म | ■ | उ | म्र | ■ | मो |
| त | म | ■ | प | ग | ■ | कृ | ष्ण | ■ | क | र |

## सूडोकू नवताल - 5502

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल - 5501 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

खबर संक्षेप

## निसान के टच पॉइंट्स की संख्या 270 पर पहुंची

**नई दिल्ली।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने चार नए कस्टमर टचपॉइंट्स की लॉन्चिंग के साथ नेटवर्क विस्तार की घोषणा की है। नई लॉन्चिंग के साथ देशभर में निसान टचपॉइंट्स की संख्या 270 पर पहुंच गई है। दिल्ली में खोले गए चार टचपॉइंट्स में एक शोरूम, दो डिस्प्ले सेंटर और बॉडी शॉप के साथ एक सर्विस सेंटर शामिल है। नए लॉन्च किए गए टचपॉइंट्स से नई दिल्ली में ग्राहकों को निसान की उच्च गुणवत्ता वाली सेल्स एवं सर्विस का अनुभव होगा।

## लोरेंजी अपैरल्स को मिला ट्रेडिंग अप्रूवल

**मुंबई।** रेडीमेड गारमेंट्स की मैन्युफैक्चरिंग, डिजाइनिंग और मार्केटिंग के क्षेत्र में एक प्रमुख कंपनी लोरेंजी अपैरल्स लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसे एनएसई और बीएसई द्वारा इफेक्टिव अपने बोनस शेयर्स को सूचीबद्ध करने के लिए ट्रेडिंग अप्रूवल मिल गया है। लोरेंज़ी अपैरल्स लिमिटेड रेडीमेड गारमेंट्स की मैन्युफैक्चरिंग, डिजाइनिंग और मार्केटिंग के क्षेत्र में एक प्रोमिनेन्ट प्लेयर है, जो पुरुषों और महिलाओं दोनों की अलग-अलग फैशन जरुरतों को पूरा करता है।

## टीमो प्रोडक्शंस ने पूरा किया पहला शूटिंग शेड्यूल

**नई दिल्ली।** मोहान नदार के नेतृत्व में टीमो प्रोडक्शंस हेडक्वार्टर्स लिमिटेड (टीपीएचक्यू) ने अपनी नवीनतम सिनेमाई प्रस्तुति बिना शक्कर की चाय का पहला शूटिंग शेड्यूल सफलतापूर्वक पूरा किया है। इस चल रहे प्रोजेक्ट की लागत लगभग 40 मिलियन रुपए है और कंपनी के लिए 55960 मिलियन रुपए की आय उत्पन्न करने की उम्मीद है। प्रोजेक्ट की शूटिंग 5 मई 2024 तक पूरी की जाएगी। फिल्म को 31 मई 2024 से महोत्सव सर्किट्स में प्रोजेक्ट किया जाएगा और उसके बाद विभिन्न प्लेटफ़ॉर्म्स पर रिलीज़ किया जाएगा।

### प्रदेश की मंडियों में चने की आवक बीते साल से 20 फीसदी कम

# समर्थन मूल्य से 600 रु. महंगा चना मई अंत तक 400 रु. तक और वृद्धि

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल सहित मध्यप्रदेश की कृषि उपज मंडियों में चने की आवक पिछले साल से 20 फीसदी कम है। स्टाकिस्टों की जबरदस्त लिवाली के चलते इन दिनों चने के भाव निरंतर उछल रहे हैं।

मौजूदा समय में चने का भाव समर्थन मूल्य से 600 रुपए क्विंटल ऊंचा है। सरकार ने चने का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5440 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित कर रखा है, मगर इन भावों पर बाजार में चना उपलब्ध नहीं है। कृषि उपज मंडियों में चने का भाव 6000 से 6200 रुपए प्रति क्विंटल तक बोले जा रहे हैं। स्थानीय चना कारोबारी और भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी के अनुसार डिमांड को देखते हुए चने में और मजबूती के आसार हैं। मई के अंत तक चना 400 रुपए प्रति क्विंटल और महंगा हो सकता है।

**पिछले साल की तुलना में चने के दाम 20 फीसदी से भी ज्यादा**



ज्ञानचंदानी के अनुसार ऊंचे भाव पर भले ही छोटी अवधि में चने की कीमतों में मंदी आ जाए, लेकिन लंबी अवधि में इसके भाव और बढ़ सकते हैं। इस महीने चना के भाव में तेजी देखने को मिली है। इस महीने की पहली तारीख को चना का भाव 5,800-5,850 रुपए था, जो अब बढ़कर 6200 से 6300 रुपए क्विंटल हो गया है। इस तरह इस महीने चना के भाव करीब 8 फीसदी चढ़ चुके हैं। पिछले साल की तुलना में चना के दाम 20 फीसदी से भी ज्यादा हैं।

**लंबी अवधि में बढ़ सकते हैं चने का भाव**

बाजार जानकारों के अनुसार लंबी अवधि में चना के भाव और बढ़ सकते हैं। छोटी अवधि यानी अगले एक से दो सप्ताह में भले ही चना के भाव 100 से 150 रुपए गिर जाएं। लेकिन लंबी अवधि में इसके भाव तेज रह सकते हैं और मौजूदा भाव से 500-600 रुपए की तेजी के साथ 6,800 से 6,900 रुपए क्विंटल तक जा सकते हैं। बशर्ते सरकार भंडारण सीमा लगाने जैसा अन्य सख्त कदम न उठाए। एक अन्य कमोडिटी विश्लेषक ने कहा कि कम उत्पादन के बीच पिछला स्टॉक कम होने से आगे भी स्टॉकिस्ट चने की खरीद पर जोर दे सकते हैं।

### आरबीआई की बड़ी कार्रवाई

# कोणार्क अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक पर लगाए कई प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मंगलवार को महाराष्ट्र के उल्हासनगर स्थित द कोणार्क अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक पर पैसा निकालने सहित कई प्रतिबंध लगाए। बैंक पर ये प्रतिबंध उसकी खराब वित्तीय स्थिति को देखते हुए लगाए गए हैं।

पात्र जमाकर्ता जमा बीमा और क्रेडिट गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) से अपनी जमा राशि में से पांच लाख रुपए तक की जमा बीमा दावा राशि प्राप्त करने के हकदार होंगे। कोणार्क अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक पर बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35ए के तहत प्रतिबंध 23 अप्रैल, 2024 (मंगलवार) को कारोबार बंद होने के समय से लागू हो गए। लगाए गए प्रतिबंधों के साथ बैंक आरबीआई की अनुमति के बिना किसी भी ऋण और अग्रिम को मंजूरी या नवीनीकृत



नहीं कर सकता है, कोई निवेश नहीं कर सकता है, कोई देनदारी हस्तांतरण नहीं कर सकता है या अपनी किसी भी संपत्ति का निपटान नहीं कर सकता है। केंद्रीय बैंक ने कहा है कि कोणार्क बैंक की वर्तमान नकदी स्थिति को ध्यान में रखते हुए सभी बचत खातों या चालू खातों या जमाकर्ता के किसी अन्य खाते में कुल शेष राशि से कोई भी राशि निकालने की अनुमति नहीं दी जा सकती है, लेकिन ऋणों को समायोजित करने की अनुमति है। आरबीआई ने कहा कि ऋणदाता पर प्रतिबंध को बैंकिंग लाइसेंस रद्द करने के रूप में नहीं समझा जाना चाहिए। इसमें कहा गया है कि बैंक अपनी वित्तीय स्थिति में सुधार होने तक प्रतिबंधों के साथ बैंकिंग कामकाज करना जारी रखेगा।

## महिंद्रा फाइनेंस के वाहन ऋण कारोबार में 150 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का पता चला

**नई दिल्ली।** महिंद्रा फाइनेंस ने मंगलवार को कहा कि उसकी एक शाखा में खुदरा वाहन कर्ज में लगभग 150 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का मामला मार्च में पता लगा था और वित्तीय नतीजों को अंतिम रूप देने के लिए निदेशक मंडल की बैठक 30 मई तक के लिए टाल दी गई है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि मार्च 2024 को समाप्त अवधि के लिए वित्तीय विवरण, परिणाम और लाभांश पर विचार करने के लिए निदेशक मंडल की बैठक नए सिरे से निर्धारित की गई है और अब यह 30 मई, 2024 को आयोजित की जाएगी। महिंद्रा फाइनेंस ने कहा कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही के अंत के समय पूर्वोत्तर में कंपनी की एक शाखा में धोखाधड़ी का पता चला।

# पंचमुखी हनुमान मंदिर में जन्मदिन पर गर्ग ने भेंट किया एक टन का एसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



गर्ग शोरूम के संचालक आलोक गर्ग का जन्मदिन अयोध्या नगर चौराहे के पास स्थित श्री पंचमुखी हनुमान जी के मंदिर में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। प्रभु इच्छा से ऐसा सुंदर संयोग बना कि प्रभु श्रीराम के अनन्या भक्त श्री हनुमान जी महाराज की जयंती भी है। इस पुनीत अवसर पर गोविंदपुरा विधानसभा विधायक मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर के कर कमलों द्वारा पंचमुखी हनुमान मंदिर में 1 टन की एक एयर कंडीशनर जन्मदिन की अवसर पर आलोक द्वारा भेंट की गई। साथ ही मातारानी एवं श्री हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना कर आलोक गर्ग को दीर्घायु की कामना की गई।

इस अवसर पर किए गए पुनीत कार्य के लिए मंत्री कृष्णा गौर ने आलोक गर्ग को समाज सेवा में सदैव तत्पर रहने एवं जीवन में सदा प्रगति के पथ ओर अग्रसर व खूब तरक्की करने का आशीर्वाद प्रदान किया। इस मौके पर उपस्थित सभी इष्ट मित्रों ने आलोक गर्ग को जन्मदिवस की बधाई दी।

इस अवसर पर वार्ड 68 की पार्षद उर्मिला मौर्य, निशा गर्ग, विधायक प्रतिनिधि अशोक गुप्ता, इंद्रपुरी मंडल के अध्यक्ष छोटू पंडित, शांति सरोवर हाई स्कूल के संचालक एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी, वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष एवं बिल्डर उमेश तिवारी, गौ शाला के अध्यक्ष समाज सेवी पंडित व्रजेश व्यास, मंडल महामंत्री लवकुश यादव, वरिष्ठ नेता चंद्रभान तिवारी, सुरेश विश्वकर्मा, देवेंद्र जैन, संतोष योगी आदि उपस्थित रहे।

# औंधे मुंह गिरे सोना-चांदी के भाव, 70400 के करीब सोना और चांदी 80000 के नीचे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोने-चांदी के भाव औंधे मुंह गिरे हैं। एमसीएक्स पर सोना 1.09 फीसदी टूटकर 70420 रुपए पर ट्रेड कर रहा था।



चांदी भी करीब एक फीसदी की गिरावट के साथ 79800 रुपए पर आ गई है। भू-राजनीतिक बदलाव के बीच एमसीएक्स गोल्ड में सोमवार को तीन साल की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई थी। इस गिरावट के पीछे ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमलों के प्रति इजरायल की नपी-तुली प्रतिक्रिया है, जिसने मध्य पूर्व में व्यापक संघर्ष की तत्काल चिंताओं को कम कर दिया। बाजार जानकारों के अनुसार मुद्रास्फीति पर फेडरल रिजर्व की प्रतिक्रिया देखने लायक एक महत्वपूर्ण कारक बनी हुई है।

अगर मुद्रास्फीति अपेक्षाओं से अधिक बनी रहती है, तो फेड अपनी मौद्रिक नीति रुख पर पुनर्विचार कर सकता है, जो संभावित रूप से प्रत्याशित ब्याज दर में कटौती में देरी का संकेत दे सकता है।

## एथर एनर्जी के सीईओ ने प्रीमियम बाइक पर प्रकाश डाला

**नई दिल्ली।** एथर एनर्जी के को फाउंडर और सीईओ, तरुण मेहता ने भारत के दोपहिया बाजार में एक उल्लेखनीय प्रवृत्ति पर प्रकाश डालने के लिए ट्विटर का सहारा लिया। उन्होंने प्रीमियम मोटर साइकिलों और स्कूटरों के लिए बढ़ती प्राथमिकता पर जोर दिया, प्रीमियमीकरण की ओर बदलाव गति पकड़ रहा है, प्रवेश स्तर के मॉडल को धीरे-धीरे उच्च-स्तरीय विकल्पों द्वारा प्रतिस्थापित किया जा रहा है। मेहता ने बताया कि 110सीसी से अधिक इंजन क्षमता वाली प्रीमियम बाइक की ओर बदलाव कुछ समय से जारी है, स्कूटर में बदलाव विशेष रूप से तेजी से हुआ है। पिछले पांच वर्षों में 110 सीसी बाइक की हिस्सेदारी 43 फीसदी से बढ़कर 52 फीसदी हो गई है और स्कूटर के लिए, यह 25 फीसदी से बढ़कर 47 फीसदी हो गई है।

### यात्री अब एक ही टिकट में भारत-जापान की उड़ान

# एयर इंडिया ने किया ऑल निप्पॉन एयरवेज से कोडशेयर समझौता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अग्रणी एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने जापान की ऑल निप्पॉन एयरवेज के साथ कोडशेयर साझेदारी की है। यह कोडशेयर समझौता 23 मई से प्रभावी होगा। इसके लागू होने के बाद एयर इंडिया और ऑल निप्पॉन एयरवेज के यात्री एक ही टिकट के साथ भारत और जापान के बीच वांछित गंतव्य के लिए उड़ान भर सकते हैं। एयर इंडिया टोक्यो हनेडा और दिल्ली के साथ-साथ टोक्यो, नारिता और मुंबई के बीच एएनए की उड़ानों पर अपना 'एआई' डेजिगनेटर कोड जोड़ेगी। वहीं एएनए की ओर से एयर इंडिया की तोक्यो नारिता और दिल्ली के बीच उड़ान में 'एनएच' डेजिग्नेटर कोड जोड़ा जाएगा।

## मंगलम वर्ल्डवाइड का लाभ 75 फीसदी बढ़ा

**मुंबई।** मंगलम वर्ल्डवाइड लिमिटेड पूर्णतः समन्वित स्टेनलेस स्टील कंपनी ने वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 24 के ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की रिपोर्ट दी है।

कुल आय 11.42 फीसदी वार्षिक बढ़कर 239.03 करोड़ हुई। एबिटडा 35.66 फीसदी बढ़कर 13.96 करोड़ रुपए हुआ, एबिटडा मार्जिन 104 बीपीएस वार्षिक बढ़कर 5.84 फीसदी हुई, कर बाद लाभ 75.44 फीसदी वार्षिक बढ़कर 11.81 करोड़ हुआ। कर बाद लाभ मार्जिन 180 बीपीएस वार्षिक बढ़कर 4.94 फीसदी हुई,, ईपीएस 30.90 फीसदी वार्षिक बढ़कर 4.49 हुई।

बिजनेस न्यूज

## आरडी मेमोरियल कॉलेज में मनाया गया विदाई समारोह



**भोपाल।** आरडी मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग, भोपाल के बीएससी नर्सिंग एवं जीएनएम के वर्ष - 2019-20 के छात्र-छात्राओं का बिदाई समारोह रानी दुल्लैया सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विख्यात भजन सम्राट पदमश्री अनूप जलोटा, संस्थापक हेमंत सिंह चौहान नर्सिंग की उपप्राचार्या द्वारा द्वीप प्रज्जवलन कर किया गया। अनूप जलोटा ने अपने भजनों की प्रस्तुति से समां बांध दिया, पूरा सभागार भक्ति में लीन हो गये एवं बिदाई समारोह में छात्र-छात्राओं को आर्शिवाद दिया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्था के संस्थापक ने सबका आभार व्यक्त किया। एवं छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह में छात्र-छात्राएं भावविभोर हो गए।

## आरकेडीएफ में सिकल सेल एवं थैलेसीमिया जागरूकता अभियान

**भोपाल।** आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी में एनसीसी कैडेट द्वारा सिकल सेल थैलेसीमिया जागरूकता अभियान किया गया। इस अभियान की शुरुआत मेजर जनरल अजय कुमार महाजन एडिशनल डायरेक्टर जनरल एनसीसी मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ के द्वारा एसएससीडी गतिविधियों के तहत शुरुआत की गई।



थैलेसीमिया सिकल सेल जागरूकता अभियान के तहत प्रतिदिन तीन संस्थान के एनसीसी कैडेट्स के द्वारा विभिन्न विभिन्न गतिविधियां की गई। जैसे विशेष व्याख्यान, निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जन जागृति के लिए तीन संस्थाओं के कैडेट्स द्वारा जागृति रैली अब्बास नगर से गांधीनगर तक निकाली गई। जिसके दौरान जानकारी पूर्ण पुस्तिकाओं का वितरण जनसमूह में किया गया। इस महत्वपूर्ण अनुवांशिक विकृति के जन जागरण अभियान में आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय एवं मित्तल कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स एवं एनसीसी ऑफिसर्स लेफ्टिनेंट डॉक्टर चंद्र बहादुर सिंह दांगी, लेफ्टिनेंट कौस्तुभ द्विवेदी, लेफ्टिनेंट गोविंद सिंह सोलंकी, सूबेदार अर्जुन प्रसाद ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष भूमिका अदा की।

## मानसरोवर स्कूल में विद्यार्थियों ने लिया 'पृथ्वी' की सुरक्षा का प्रण

**भोपाल।** मानसरोवर पब्लिक स्कूल में वल्ड अर्थ-डे धूमाधाम से मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न कलाकृतियां तैयार की गईं साथ ही पृथ्वी के विभिन्न स्वरूपों पर आधारित पोस्टर्स की प्रदर्शनी भी लगाई गई।




इस दौरान विद्यार्थियों ने पृथ्वी और प्रकृति को स्वच्छ और सुरक्षित रखने का प्रण भी लिया। क्रार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मानसरोवर पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ. सोजन जॉसेफ ने कहा कि हमें पृथ्वी के महत्व को समझते हुए अपने आसपास के पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाकर कार्य करना चाहिए। हमें पर्यावरण संरक्षण और पृथ्वी की बिगड़ती सेहत को सुधारने के लिए लोगों को भी जागरूक बनाना होगा। इससे पहले स्कूल की असेंबली में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण हेतु संदेश दिए। वहीं प्रदर्शनी में पहली से दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। जिसमें विद्यार्थियों ने चित्रकला, मॉडल, सेंड आर्ट, बटन आर्ट आदि सुंदर कलाकृतियों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मानसरोवर ग्रुप के प्रशासनिक अधिकारी सचिन जैन द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन कर विद्यार्थियों के हुनर की सराहना की। कार्यक्रम में हैड मिस्ट्रेस सविता गिरधर, आर्ट एंड क्राफ्ट टीचर निधि सिंह, भावना त्यागी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं और विद्यार्थीगण मौजूद रहे।

## सम्मानित किए गए संस्थान के पूर्व छात्र


**भोपाल।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी मद्रास) ने अपना 65वां संस्थान दिवस समारोह मनाया। इसमें संस्थान के छात्रों, शिक्षकों, शिक्षण और गैर-शिक्षण कार्मिकों की भागदारी देखी गई।




आयोजन का सबसे बड़ा आकर्षण पिछले वर्ष की असाधारण उपलब्धियों के लिए पूर्व छात्रों, शिक्षकों और वर्तमान छात्रों को सम्मानित करना था। संस्थान की एक बड़ी उपलब्धि राष्ट्रीय संस्थान रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) की रैंकिंग में सबसे ऊपर कायम रहना है। आईआईटी मद्रास लगातार पांच वर्षों से 'समग्रश्रेणी में नंबर 1 और लगातार आठ वर्षों से 'इंजीनियरिंगश्रेणी में नंबर 1 स्थान पर बरकरार है। 'अनुसंधान और 'नवाचारश्रेणियों में भी संस्थान दूसरे नंबर पर है। आयोजन के मुख्य अतिथि डॉ. वी. सुमन्त्रन इंटर ग्लोबएविएशन लिमिटेड (इंडिगो एयर लाइंस) के निदेशक मंडल के अध्यक्ष और सेलेरिस टेक्नोलॉजीज के अध्यक्ष हैं। डॉ. वी. सुमन्त्रन आईआईटी मद्रास के सुप्रतिष्ठित पूर्व छात्र हैं। वे एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में बीटेक के 1981 बैच के छात्र रहे हैं। डॉ. सुमंत्रन बहुमुखी प्रतिभाग के धनी हैं।

## एलएनसीटी समूह में 'पृथ्वी दिवस' पर आयोजित हुए कई कार्यक्रम

**भोपाल।** एलएनसीटी एंड एस में एलएनसीटी ग्रुप के क्वेस्ट नेचर क्लब द्वारा विश्व प्रथ्वी दिवस पर प्लैनेट वर्सेस प्लास्टिक थीम पर आयोजित सेमिनार में डब्ल्यूडब्ल्यूएफ, एमपी एंड सीजी की निदेशक संगीता सक्सेना ने कहा की पर्यावरण में प्लास्टिक



कचरे की घुसपैठ दुनिया भर के लोगों और पारिस्थितिकी तंत्रों के लिए एक विकट चुनौती है। उन्होंने कहाकि प्लास्टिक कचरा वर्तमान में सर्कुलर इकोनॉमी मॉडल को लागू करने की सबसे बड़ी चुनौती है, उन्होंने प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन और पुनर्चक्रण से संबंधित वर्तमान चुनौतियों और अवसरों को संबोधित किया। सक्सेना ने शोध के परिणामों को साझा किया कि कैसे प्लास्टिक और माइक्रोप्लास्टिक कचरा लगभग हर दूसरे पारिस्थितिकी तंत्र को प्रभावित करता है, जिससे दुनिया भर में जल संसाधन प्रभावित होते हैं। अगर प्लास्टिक का सही तरीके से निपटान किया जाए तो इससे समस्या पर नियंत्रण पाया जा सकता है। डॉ. अनुपम चौकसे, सचिव एलएनसीटी समूह ने कहा कि हम पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता के लिए प्रतिबद्ध हैं। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया के वरिष्ठ शिक्षा अधिकारी शशांक दुबे ने छात्रों को मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में युवा जुड़ाव और स्वयंसेवा के अवसरों के बारे में जानकारी दी। डीएफएफ फेस्टिवल, ईसीएचओ, टाइड टर्नर्स प्लास्टिक चैलेंज सहित परियोजनाओं पर संक्षेप में चर्चा की गई। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गई इस अवसर पर डा. अशोक राय उपस्थित रहे। डॉ.अमितबोध उपाध्याय ने क्यूएनसी, एलएनसीटी ग्रुप की पहल और उपलब्धियों को साझा किया।

## आईआईएम और रिजर्व बैंक इनोवेशन हब ने की जलवायु संबंधी मुद्दों पर चर्चा

**भोपाल।** भारतीय प्रबंधन संस्थान लखनऊ के सेंटर फॉर बिजनेस सस्टेनेबिलिटी (सीबीएस) ने रिजर्व बैंक इनोवेशन हब (आरबीआईएच) के सहयोग से आरबीआईएच के चल रहे प्रोजेक्ट के तत्वावधान में 16 अप्रैल को आईआईएम लखनऊ परिसर में जलवायु वित्त पर एक गोलमेज चर्चा बुलाई। गोलमेज सम्मेलन का उद्देश्य भारतीय वित्तीय संस्थानों द्वारा सामना किए जाने वाले जलवायु संबंधी मुद्दों पर गहन चर्चा को सुविधाजनक बनाना है। गोलमेज सम्मेलन ने भारतीय जलवायु वित्त पारिस्थितिकी तंत्र के विभिन्न क्षेत्रों के हितधारकों को एक छत के नीचे एक साथ लाया। उपस्थित लोगों में भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक और फेडरल बैंक जैसे प्रमुख बैंकों के प्रतिनिधि शामिल थे।

## राधारमण में पाइथॉन एसेंशियल प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**भोपाल।** राधारमण इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस एवं राधारमण इंजीनियरिंग कॉलेज द्वारा बी.टेक सीएसई द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए संयुक्त रूप से आयोजित पायथन एसेंशियल्स अनलीशिंग द पावर ऑफ पायथन प्रोग्रामिंग का एक



सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम विगत दिवस संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षक मोहम्मद कासिम खान, तकनीकी प्रचारक, साइब्रोम टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड ने पायथन भाषा पर व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया, ताकि छात्र अब पायथन अनुप्रयोगों पर डिजाइन और कार्यक्रम विकसित करने में सक्षम हो सकें। पायथन प्रोग्रामिंग भाषा उन अनुप्रयोगों के लिए महत्वपूर्ण है जो वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने के लिए मशीन लर्निंग में डेटा विज़ुअलाइज़ेशन का उपयोग करते हैं। इस दौरान छात्रों ने एक ऑनलाइन क्विज़ में हिस्सा लिया जहां उन्होंने एक सप्ताह में जो सीखा था उसके आधार पर सवालों के जवाब दिए। विजेताओं को साइब्रोम टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड से छात्रवृत्ति प्रमाणपत्र भी प्राप्त हुए। प्रशिक्षण समापन समारोह के दौरान राधारमण समूह के चेयरमैन आरआर सक्सेना ने प्रतिभागियों और विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए छात्रों को उभरती प्रौद्योगिकियों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। आरआईटीएस के निदेशक डॉ. अजय सिंह और आरईसी के निदेशक डॉ. अनुराग जैन ने पूरे कार्यक्रम के दौरान छात्रों को उत्कृष्टता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए प्रेरित किया। आरजीआई के डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. जयपाल सिंह बिष्ट ने छात्रों को बताया कि प्रोग्रामिंग लैंग्वेज उनके भविष्य के कैंपस प्लेसमेंट के लिए बहुत उपयोगी है।

## एक्सिस बैंक फाउंडेशन ने मनाया 'पृथ्वी' दिवस

**मुंबई।** एक्सिस बैंक फाउंडेशन (एबीएफ) ने इस साल पृथ्वी दिवस पर, समाज प्रगति सहयोग (एसपीएस) के साथ भागीदारी में, मध्य प्रदेश में वहनीय सामुदायिक विकास और आजीविका को बढ़ावा देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। एबीएफ और एसपीएस ने 2011 से महिलाओं के नेतृत्व वाले समूहों को सशक्त बनाने और घरेलू आय में सुधार पर ध्यान देने के साथ, मध्य प्रदेश के देवास और खरगोन जिलों में 100,000 से अधिक ग्रामीण परिवारों के लिए पारिस्थितिक और आर्थिक लचीलेपन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस कार्यक्रम के तहत प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन - मृदा स्वास्थ्य, जल संरक्षण, वहनीय कृषि पद्धतियों और घरेलू आय में सुधार के लिए स्थानीय संस्थानों को मज़बूत करने के साथ-साथ फसलों के विविधीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है।

## डॉ. जिंदल पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित

**नई दिल्ली।** डॉ. सीताराम जिंदल को नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति ने प्रतिष्ठित पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया। प्रधानमंत्री और विशिष्ट गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में यह समारोह समाज में डॉ.जिंदल के असाधारण योगदान को मान्यता देने वाला एक महत्वपूर्ण अवसर बन गया।



जिंदल एल्युमीनियम लिमिटेड (जेएएल) के संस्थापक अध्यक्ष के रूप में उनकी उद्यमशीलता कौशल ने भारत की सबसे बड़े एल्युमीनियम एक्सट्रूजन निर्माता बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिंदल कारोबार से परे तक सोचते हैं।

## पीपुल्स विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह आयोजित

**भोपाल।** पीपुल्स विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रोफेसर अविनाश चंद्र पांडे डायरेक्टर इंटर यूनिवर्सिटी एक्सीलेटर सेंटर विशिष्ट रूप से उपस्थित थे कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुई तत्पश्चात गोल्ड मेडलिस्ट 74 छात्र छात्राओं एवं 9 डॉक्टरेट की उपाधि



के साथ- 2022 एवं 2023 के छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान की गई। पीपुल्स विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.हरीश राव ने बताया पीपुल्स विश्वविद्यालय की स्थापना 4 मई 2011 को हुई, पीपुल्स विश्वविद्यालय के छात्रों का सफलता का स्नातक में 87 फीसदी पोस्ट ग्रेजएशन 95 फीसदी एवं डिप्लोमा में 98 फीसदी है। हमारे यहां के 9 एनसीसी छत्र-छात्राओं का गणतंत्र दिवस परेड हेतु इस वर्ष सिलेक्शन हुआ, हमारे यहां एनसीसी के अलावा एनएसएस की भी शाखा है, पीपुल्स विश्वविद्यालय एसआईआरओ द्वारा मान्यता प्राप्त है जिसके कारण हमारे यहां रिसर्च हेतु शासकीय फंडिंग प्राप्त होती है। डॉ.हरीश राव ने कहा कि आप कितने भी बड़े पद पर पहुंच जाएं परंतु अपने अभिभावकों एवं शिक्षकों का सम्मान करना न भूले।

## मानसरोवरेश्वर महावीर मंदिर में मना श्री हनुमान जन्मोत्सव



**भोपाल।** मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में श्री हुनमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान हिनौतिया आलम स्थित श्री मानसरोवरेश्वर महावीर मंदिर प्रांगण और बिलकिसगंज स्थित श्री गादिया सरकार मंदिर में सुंदर कांड पाठ के समापन के बाद महाप्रसादी वितरण किया गया। वहीं श्रृद्धालुओं ने श्रीराम जी और हनुमान जी के सुमधुर भजन का आनंद उठाया। श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी गादिया में 22 अप्रैल को अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। वहीं 23 अप्रैल को सुंदरकाण्ड पाठ के समापन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचे श्रृद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मानसरोवर समूह की कुलाधिपति श्रीमति मंजुला तिवारी, चीफ एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर गौरव तिवारी, डायरेक्टर दिशा तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

## मिलेनियम ग्रुप में मैट्रीम तकनीकी इवेंट 2024 का उद्घाटन

**भोपाल।** मिलेनियम ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशंस में मैट्रीम तकनीकी इवेंट 2024 का उद्घाटन संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर आदित्य यादव के द्वारा संपन्न हुआ। मिलेनियम ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशंस और सभी कॉलेजेस के विभिन्न छात्र



छात्रों ने सहभागी बन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संस्था के चेयरमैन विनोद यादव , डॉ.दीपक द्विवेदी (मुख्य वैज्ञानिक विंध्य हर्बल), डॉ.एके पाठक (भूतपूर्व डायरेक्टर, फार्मेसी बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल), गेस्ट ऑफ ऑनर में डॉ.दीपक तोमर (प्रो. मैनिट भोपाल) एवं डॉ.दिवाकर सिंह (प्रो. बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल) के द्वारा पुरस्कृत पुरस्कार राशि भी जीती।

## आईआईएम ने की ईएफएमडी मेजबानी

**लखनऊ।** भारतीय प्रबंधन संस्थान ने यूरोपियन फाउंडेशन फॉर मैनेजमेंट डेवलपमेंट (ईएफएमडी) भारतीय संगोष्ठी की सफलतापूर्वक मेजबानी की गई। थीम सीमाओं से परे ईएफएमडी वैश्विक मान्यता के माध्यम से भारतीय बिजनेस स्कूलों की दृश्यता को बढ़ाना, संगोष्ठी में वैश्विक प्रबंधन शिक्षा समुदाय के प्रतिष्ठित नेताओं और विशेषज्ञों को बुलाया गया। प्रबंधन शिक्षा और मान्यता के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा और विचार-विमर्श में शामिल होना। आईआईएम लखनऊ की प्रभारी निदेशक प्रोफेसर अर्चना शुक्ला ने कहाकि वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की बढ़ती प्रमुखता के बीच 2024 ईएफएमडी संगोष्ठी की मेजबानी के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

## स्टार्टअप सोलर स्क्वैयर बनी नंबर वन होम सोलर कंपनी

**भोपाल।** बिजली के बढ़ते बिल और मौसम की अत्यधिक चरम परिस्थितियों के कारण कई औसत भारतीय परिवार ऊर्जा के वैकल्पिक साधन तलाशने की ओर प्रेरित हुए हैं। पिछले पांच सालों में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के फेज 2 सब्सिडी कार्यक्रम की मदद से 6,00,000 परिवारों ने सौर ऊर्जा को अपनाया, जिनमें से लगभग 1,30,000 से 1,50,000 परिवारों ने केवल 2023 में सौर ऊर्जा का उपयोग शुरू किया। सौर ऊर्जा अपनाने की बढ़ती दर को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रीवा, मध्य प्रदेश में 750 मेगावॉट के अल्ट्रा मेगा सौर बिजली पार्क का उद्घाटन किया,जो एशिया की सबसे बड़ी सौर बिजली परियोजना भी है। मध्य प्रदेश से शुरू हुए स्टार्टअप सोलरस्क्वैयर की प्रतिष्ठा बढ़ाने में भोपाल की एंटरप्रेन्योर श्रेया मिश्रा ने मुख्य भूमिका निभाई है। आईआईटी, बॉम्बे की ग्रेजुएट, श्रेया मिश्रा को फोर्ब्स ने 30 अंडर 30 एशिया की सूची में भी स्थान दिया।

**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO.LTD.**
**(A Govt.og M.P. Undertaking)**
Office Add-Dy. GENERAL MANAGER (City) Dn.M.P.M.K.V.V. CO.LTD. Kolar
B.D.A. Colony 33/11 KVA S/s Salaiya Bhopal. Email-kolardivmpcz@gmail.com

प्रकाश एवं विकास

No.: 237 **Offer for Hiring Vehicle** Bhopal, Dated 22.04.2024

MPMKVVCL hereby invited offer/rate for hiring the below mentioned type of vehicle in the following locations.

| Name of Unit/Office | Particulars | Due date of submission of offer | Opening Date & Time |
|---|---|---|---|
| Manager Misrod Zone Under City Division M.P.M.K.V.V.C.L Kolar | Mini Pickup (Double Cabin) With Ladder | Due date 06.05.2024 Before at 1:30 PM | 06.05.2024 at 3:30 PM |

Other details, terms and conditions are available on Company website: https://portal.mpcz.in or the under signed office.

**Dy. General Manager (City) Dn. Kolar**

## चिंतन

# दलबदल कानून मजबूत हो 'फ्रीबिज' पर प्रतिबंध लगे

अभी जब देश में आम चुनाव हो रहे हैं, तो इस दरम्यान पूर्व उपराष्ट्रपति व पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित एम. वेंकैया नायडू ने दो मौजूं विषय उठाए हैं। नायडू ने कहा कि दलबदल कानून को और मजबूत किया जाना चाहिए और चुनाव में मुफ्त उपहार (फ्रीबिज) खत्म होना चाहिए। संयोग से भारतीय लोकतंत्र इन दोनों सिंड्रोम से ग्रसित है। दलबदल कानून का सहारा लेकर चुनाव के बाद सरकारें बन रही हैं, सरकारें गिर रही हैं। सत्ता की सियासत में राजनीतिक नैतिकता और दलगत प्रतिबद्धता गौण होती जा रही हैं। जनप्रतिनिधि चंद लालच में दल बदलने को तैयार हो जाते हैं। जनप्रतिनिधियों का दलबदल करना मतदताओं के साथ कितना बड़ा विश्वासघात है। दुर्भाग्य की बात है कि दलबदल के खेल में सभी दल शामिल हैं। हाल के वर्षों में बड़े-बड़े दलबदल कर सत्ता बदली है, चुनी हुई सरकार गिरी है, नहीं सरकार बनी है। इस बाबत वेंकैया नायडू का सुझाव काबिलेगौर है। हमें दलबदल रोधी कानून को मजबूत करना चाहिए। चिंता की बात यह है कि अब सार्वजनिक जीवन में मानकों में गिरावट आ रही है। राजनीतिक दलों में, लोग अक्सर अपनी पार्टियां बदलते हैं। नवीनतम प्रवृत्ति यह है कि लोग सुबह एक पार्टी में होते हैं और शाम को दूसरी पार्टी में शामिल हो जाते हैं और फिर वे अपने नेता की आलोचना करते हैं और दाएं-बायें बातें कहते हैं, उनमें से कुछ को टिकट मिलने में भी वरीयता मिलती है। यह बहुत परेशान करने वाली प्रवृत्ति है और लोगों को इससे बचना चाहिए। लोगों को दलों में काम करना चाहिए और अपनी साख साबित करनी चाहिए। अगर कोई पार्टी बदलना चाहता है, तो उसे उस पार्टी द्वारा दिए गए पद से इस्तीफा दे देना चाहिए और उसके बाद ही दूसरी पार्टी में शामिल होना चाहिए। कोई भी समझ सकता है कि आरोप लगा रहे हैं, लेकिन जो हो रहा है वह आरोप नहीं बल्कि अनुचित व्यवहार है। इस समय देश में व्यापक दलबदल कानून है, जिसमें दल बदलने के लिए दो तिहाई संख्याबल चाहिए, लेकिन यह भी नाकाफी साबित हो रहा है। दलबदल की प्रवृत्ति पर रोक के लिए न्यायविदों से सुझाव लिया जा सकता है। कायदे से अगर कोई भी जनप्रतिनिधि चुनाव जीतने के बाद दल बदलना चाहता है, उसे फिर से जनादेश हासिल करने का प्रावधान होना चाहिए। दल बदलते ही उस जनप्रतिनिधि की सांसदी या विधायकी खत्म हो जानी चाहिए। चुनाव पूर्व गठबंधन, चुनाव बाद गठबंधन राजनीतिक कसौटी पर न्यायपूर्ण है, लेकिन जिस दल के नेता के रूप में मतदाताओं ने चुना है, उसे छोड़कर अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए दूसरे दल का दामन थामना, सीधे मतदाताओं के साथ धोखा है, वोटरों से विश्वासघात है। किसी के दल बदलते ही फिर से जनादेश पाने की अनिवार्यता होने से दलबदल की मौजूदा परिपाटी पर लगाम लग सकती है। नायडू ने चुनाव के दौरान मुफ्त के उपहार (फ्रीबिज) की घोषणाओं पर भी आपत्तति जताई है। हालांकि नायडू केंद्र में वर्षों तक उच्च पदों पर रहे हैं, तो उन्हें गंभीरता से ये मुद्दे पूर्व में उठाने चाहिए थे, लेकिन देर से ही सही, कम से कम फ्रीबिज को हानिकारक परिपाटी बता कर दलों को आईना जरूर दिखाया है। चुनाव में मतदाताओं को फ्रीबिज से लुभाने की चेष्टा अस्वस्थ प्रवृत्ति है। राज्य की वित्तीय स्थिति के अनुकूल योजनाएं लानी चाहिए। चुनाव घोषणा-पत्र वास्तविक होना चाहिए, उसमें किए वादे पूरे करने के संसाधन का रोडमैप होना चाहिए। चूंकि देश में चुनाव हो रहे हैं, इसलिए इन गंभीर राजनीतिक रोगों का स्थाई इलाज होना चाहिए। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र अगर है, तो हमें आदर्श लोकतंत्र बनाना चाहिए, लोकतंत्र की नैतिकता के उच्च मानक स्थापित करने चाहिए।

## सारा संसार



भगवान अयप्पा को समर्पित, यह केरल के सभी सस्था मंदिरों में सबसे प्रसिद्ध मंदिर है। ये मंदिर सबरीमाला पहाड़ी की चोटी और पेरियार टाइगर रिजर्व में स्थित है। सबरीमाला संस्था मंदिर हर साल लाखों भक्तों को आकर्षित करता है।



विश्लेषण
सतीश सिंह

# तेज ग्रोथ के लिए अनुकूलन जरूरी

**कोरोना महामारी के शुरू होने के बाद से वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर धीमी बनी हुई है। हालांकि, इस मामले में भारत की स्थिति काफी बेहतर है। भले ही वैश्विक स्तर पर विकास दर धीमी रहेगी, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर आगामी सालों में भी तेज बनी रहेगी। आईएमएफ ने विश्व आर्थिक आउटलुक रिपोर्ट में कहा है कि वित्त वर्ष 2024 और 2025 में भारत की विकास दर 6 .5 प्रतिशत रह सकती है। उभरती अर्थव्यवस्थाओं में भारत सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाला देश बना रहेगा। सरकार की नीतियों की वजह से भारत में विकास की गति काफी तेज है और आगामी सालों में भी भारत में विकास दर के तेज बने रहने की संभावना है।**

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई की दर मार्च महीने में घटकर 10 महीनों के निचले स्तर 4.85 प्रतिशत पर आ गई, जो फरवरी महीने में 5.09 प्रतिशत और जनवरी में 5.1 प्रतिशत रही थी। हालांकि, खाद्य पदार्थों की खुदरा महंगाई 0.39 प्रतिशत कम होकर 8.27 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई। यह फरवरी महीने में 8.66 प्रतिशत रही थी। केंद्र सरकार ने आम चुनाव से पहले एलपीजी और पेट्रोल की कीमतों में कटौती की थी, जिसके कारण ईंधन एवं बिजली की कीमत में मार्च 2023 की तुलना में 3.24 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

खुदरा महंगाई बहुत ज्यादा चिंताजनक नहीं है, लेकिन यह अभी भी भारतीय रिजर्व बैंक के लक्ष्य 4 प्रतिशत से ऊपर है और इसी वजह से केंद्रीय बैंक ने विकास दर को स्थिर रखने के लिए ब्याज दरों में न तो बढ़ोतरी की है और न ही कटौती। साथ ही, द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षाओं में लगातार 7वीं दफा रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखा है। खाद्य महंगाई के ऊंचे स्तर पर रहने से आम लोगों को अभी भी राहत नहीं मिली है, क्योंकि खाद्य तेलों की कीमत में गिरावट का दौर मार्च में भी जारी है और मार्च 2023 के मुकाबले इसमें 11.72 प्रतिशत की नरमी आई है, लेकिन सब्जियों की कीमत में 28.34 प्रतिशत, दालों की कीमत में 17.71, मसालों की कीमत में 11.4,अनाजों की कीमत में 8.37, अंडों की कीमत में 10.33, मांस-मछलियों की कीमत में 6.36 और दूध की कीमत में 3.38 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कोरोना महामारी के शुरू होने के बाद से वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर धीमी पड़ गई है और कमोबेश सभी देश अभी भी महंगाई की समस्या से जूझ रहे हैं। हालांकि, मामले में भारत की स्थिति काफी बेहतर है। कुछ विकसित देशों में भी मंहगाई पहले से कम हुई है। अमेरिका में महंगाई के नरम रहने की संभावना की वजह से जून महीने में फेडरल रिजर्व बैंक नीतिगत ब्याज दरों में कटौती कर सकता है, जिससे निवेश के दूसरे विकल्पों में प्रतिफल कम हो जाएंगे, इसलिए निवेश से अधिक प्रतिफल मिलने की आस में लोग सोने में निवेश कर रहे हैं, जिससे सोने की कीमत में तेजी बनी हुई है। भारत में 12 अप्रैल को सोने की 10 ग्राम की कीमत बढ़कर 75,100 रुपये और चांदी की कीमत बढ़कर 85,500 रुपये किलो के स्तर पर पहुंच गई। फरवरी, 2024 में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर सालाना आधार पर 5.7 प्रतिशत बढ़ा, जो 4 महीनों में सबसे अधिक है। हालांकि, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित औद्योगिक उत्पादन फरवरी 2023 में 6 प्रतिशत बढ़ा था। आईआईपी का पिछला उच्चतम स्तर अक्टूबर, 2023 में 11.9 प्रतिशत दर्ज किया गया था, जो नवंबर में घटकर 2.5 प्रतिशत, दिसंबर में 4.2 प्रतिशत और जनवरी 2024 में 4.1 प्रतिशत के स्तर पर रहा था। वित्त वर्ष 2023-24 के अप्रैल से फरवरी महीने के दौरान, आईआईपी वृद्धि 5.9 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो एक साल पहले 5.6 प्रतिशत रही थी। फरवरी महीने में खनन उत्पादन की वृद्धि दर बढ़कर 8 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 4.8 प्रतिशत रही




थी। फरवरी 2024 के दौरान उपभोक्ता टिकाउ वस्तुओं के उत्पादन में 12.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो फरवरी 2023 में 4.1 प्रतिशत रही थी। उल्लेखनीय है कि आईआईपी में वृद्धि आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने का सूचक है।

निजी मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट ने 9 अप्रैल को कहा कि भारत में इस साल मानसून के सामान्य रहने की संभावना है। भारत के मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के वैज्ञानिकों का भी मानना है कि इस वर्ष देश में उत्तर पश्चिम, पूर्व और पूर्वोत्तर के हिस्सों को छोड़कर अधिकांश हिस्सों में जून से सितंबर महीने के दौरान दक्षिण-पश्चिम मानसून अवधि में सामान्य से अधिक बारिश हो सकती है। गौरतलब है कि ला नीना से मानसून परिसंचरण मजबूत होता है। स्काईमेट को दक्षिण, पश्चिम और उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में अच्छी बारिश की उम्मीद है। इसके अनुसार, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के मानसून वर्षा आधारित क्षेत्रों में पर्याप्त वर्षा होगी, जबकि बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के पूर्वी राज्यों में जुलाई और अगस्त महीने के दौरान कम वर्षा होने का अनुमान है। साफ है अच्छे मानसून से विविध फसलों के उत्पादन में तेजी आएगी और महंगाई में कमी। विश्व बैंक के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 में निवेश की धीमी गति रहने से विकास दर थोड़ी धीमी रहेगी। हालांकि, औद्योगिक उत्पादन व सेवा क्षेत्र मजबूत बने रहेंगे। रियल एस्टेट व निर्माण क्षेत्र में भी तेजी बनी रहेगी। मानसून के सामान्य से बेहतर रहने से महंगाई में भी गिरावट आने के आसार हैं। जीएसटी में वृद्धि से राजकोषीय घाटे और सरकारी कर्ज में कमी आने की संभावना है। विश्व बैंक के मुताबिक भारत की मजबूत विकास दर की वजह से अगले 2 सालों तक दक्षिण एशिया में विकास की गति तेज बनी रहेगी। वित्त वर्ष 2023-24 की अंतिम तिमाही का जीडीपी आंकड़ा जून महीने में जारी किया जाएगा, लेकिन फरवरी व मार्च महीने में सेवा व विनिर्माण क्षेत्र में तेजी को देखते हुए मार्च तिमाही में जीडीपी के 8 प्रतिशत से अधिक रहने का अनुमान जताया जा रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी हाल ही में अंतिम तिमाही में जीडीपी के 8 प्रतिशत से अधिक रहने अनुमान जताया था। पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) ने 17 अप्रैल 2024 को कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान भारत की जीडीपी वृद्धि दर 8.00 से 8.3 प्रतिशत के बीच रह सकती है। पीएचडीसीसीआई का यह भी कहना है कि अगले 23 सालों तक भारत की विकास दर औसतन 6.7 प्रतिशत रहेगी और 2047 तक भारतीय अर्थव्यवस्था 34.7 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी। साथ ही, उस समय भारत में प्रति व्यक्ति आय 21,000 डॉलर की होगी।

आईएमएफ के मुताबिक विकास दर में तेजी लाने के लिए वैश्विक स्तर पर महंगाई और देशों द्वारा लिए जा ऋण को नियंत्रित करना होगा। आईएमएफ ने 2024 के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था के 3.1 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ने का अनुमान जताया है, 2025 में यह 3.2 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ सकती है। आईएमएफ ने यह भी कहा है कि विकास दर को स्थिर रखने के लिए दुनिया के केंद्रीय बैंकों को सतर्कता बरतते हुए मौद्रिक नीति बनानी होगी, ताकि महंगाई व विकास के बीच संतुलन बना रहे।

भले ही वैश्विक स्तर पर विकास दर धीमी रहेगी, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर आगामी सालों में भी तेज बनी रहेगी। आईएमएफ ने "विश्व आर्थिक आउटलुक रिपोर्ट" में कहा है कि वित्त वर्ष 2024 और 2025 में भारत की विकास दर 6.5 प्रतिशत रह सकती है। हालांकि,उभरती अर्थव्यवस्थाओं में भारत सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाला देश बना रहेगा। आंकड़ों से साफ है, सरकार की समीचीन नीतियों की वजह से भारत में विकास की गति काफी तेज है और मौजूदा स्थिति में आगामी सालों में भी भारत में विकास दर के तेज बने रहने की संभावना है।

(लेखक बैंक अधिकारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## जन्म व मृत्यु के उपरांत समाप्त होती है यात्रा



संकलित
दर्शन

शरीर में समाहित ऊर्जापुंज को आत्मा कहा गया है। यह आत्मा अनंत ऊर्जा अर्थात परमात्मा का एक अति सूक्ष्म अंशमात्र है। भौतिक जगत में रहते हुए यह भौतिक शरीर एक यात्री के सदृश होता है। शरीर के जन्म के साथ ही यात्रा प्रारंभ होती है एवं मृत्यु के उपरांत समाप्त हो जाती है। अर्थात भौतिक शरीर के लिए जीवन एक यात्रा के समतुल्य है। जन्म के साथ ही ऊर्जापुंज अर्थात आत्मा भौतिक शरीर से संयुक्त होकर उसकी यात्रा में सहयात्री की भूमिका का निर्वहन करने लगता है एवं मरणोपरांत स्वयं को यात्रा से अलग कर लेता है। यह कहा जा सकता है कि भौतिक शरीर की यात्रा का आदि और अंत स्पष्टतः ज्ञात होता है, परंतु ऊर्जापुंज जिसे आत्मा कहकर संबोधित किया जाता है, अपनी यात्रा के आदि और अंत से सर्वथा अपरिचित होता है। आत्मा की यात्रा कब और क्यों प्रारंभ हुई तथा कब और क्यों पूर्ण होगी? इन प्रश्नों का हल आज भी एक चुनौती के रूप में खड़ा है। ऊर्जापुंज अगणित भौतिक शरीरों की भौतिक यात्रा में सहयात्री की भूमिका को निभाता हुआ अपनी अनंत दिव्ययात्र को जारी रखता है। अर्थात आत्मा की इस अलौकिक यात्रा में अनंत लौकिक यात्राएं शामिल होती हैं। इस अलौकिक यात्रा के संबंध में केवल इतना ही कहा जा सकता है कि यह यात्रा अनंत से प्रारंभ होकर अनंत पर ही पूर्ण होगी, किंतु अनंत को परिभाषित करना भी असंभव है। अनंत को अज्ञात का पर्याय माना जा सकता है। प्रश्न यह उठता है कि इस अनंत गति को अनवरत जारी रखने के लिए आवश्यक बल किस स्नेत से प्राप्त होता है?

## कोयला और चंदन



संकलित
प्रेरणा

चौधरी पहलवान का पूरा जीवन जरूरतमंदों की सहायता के लिए समर्पित हुआ था। जब उनका अंतिम समय नजदीक आया तो उन्होंने अपने बेटे को पास बुलाया। बेटा पास आ गया तो उन्होंने उससे कहा-देखो बेटा, मैंने अपना सारा जीवन दुनिया को शिक्षा देने में गुजार दिया। अब अपने अंतिम समय में मैं तुम्हें कुछ जरूरी बातें बताना चाहता हूं। लेकिन इससे पहले जरा तुम एक कोयला और चंदन का एक टुकड़ा उठा कर ले लाओ। बेटे को पहले तो यह बड़ा अटपटा लगा, लेकिन उसने सोचा कि अब पिता का हुक्म है तो यह सब लाना ही होगा। उसने रसोई घर से कोयले का एक टुकड़ा उठाया। संयोग से घर में चंदन की एक छोटी लकड़ी भी मिल गई। वह दोनों को लेकर अपने पिता के पास पहुंच गया। उसे आया देख पहलवान बोले- बेटा, अब इन दोनों चीजों को नीचे फेंक दो। बेटे ने दोनों चीजें नीचे फेंक दीं और हाथ धोने जाने लगा तो पहलवान बोले- जरा ठहरो बेटा। मुझे अपने हाथ तो दिखाओ। बेटे ने हाथ दिखाए तो वह उसका कोयले वाला हाथ पकड़ कर बोले, देखा तुमने। कोयला पकड़ते ही हाथ काला हो गया। लेकिन उसे फेंक देने के बाद भी तुम्हारे हाथ में कालिख लगी रह गई। गलत लोगों की संगति ऐसी ही होती है। उनके साथ रहने पर भी दुख होता है और उनके न रहने पर भी जीवन भर के लिए बदनामी साथ लग जाती है। दूसरी ओर सज्जनों का संग इस चंदन की लकडी की तरह है जो साथ रहते हैं तो दुनिया भर का ज्ञान मिलता है और उनका साथ छूटने पर भी उनके विचारों की महक जीवन भर बनी रहती है।

## मतदान

डॉ. मोनिका शर्मा



# अपने दायित्व को समझें नागरिक

लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के मतदान में देश के कई हिस्सों में कम वोटिंग होना राजनीतिक दलों के लिए ही नहीं समग्र समाज के लिए चिंता और चर्चा का विषय है। भारत में मतदाताओं का उदासीन रवैया कई प्रश्न उठाता है। ज्ञात हो कि 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर पहले चरण की वोटिंग में औसत 60.03 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। बीते दो लोकसभा चुनावों की तुलना में इन सीटों पर मतदान प्रतिशत कम रहा है। देश में कई सीटों पर 50 प्रतिशत से भी कम वोटिंग हुई है, जिसके चलते चुनाव आयोग भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपनी रणनीति में सुधार करने की योजना बना रहा है। चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया के मंच इंस्टाग्राम और एक्स पर भी आमजन से घर से निकलने और मतदान करने के लिए कहा है। जरूरी है कि हर मतदाता इस अपील की सार्थकता को समझे। वस्तुतः चुनाव आयोग के प्रयासों के साथ ही आमजन को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। देश की सरकार चुनने में मतदाताओं को बढ़-चढ़कर भागीदारी निभानी चाहिए। त्योहार, शादी-ब्याह को पोलिंग बूथ तक ना पहुंचने की वजह बना लेना, उचित नहीं है। विशेषकर महानगरों और शहरी क्षेत्रों में, मतदान के दिन को आराम के दिन के रूप में मानने की प्रवृत्ति बेहद चिंतनीय है। चुनाव को गंभीरता से लेते हुए हर मतदाता को लोकतन्त्र के महापर्व में भागीदार बनने के मोर्चे पर किसी चीज को आड़े नहीं आने देना चाहिए। चुनाव आयोग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चुनाव में भी देश के तिहाई लोगों ने अपने मत का उपयोग नहीं किया था। मताधिकार का प्रयोग न करने वालों में युवा, अमीर और शहरी जनसंख्या वाले लोग भी शामिल थे। 18वीं लोकसभा के लिए 7 चरणों में पूरी होने वाली वोटिंग में इस बार भी पहले चरण के मत प्रतिशत के रुझान मतदाताओं को मतदान करने के प्रति सजग करने वाले हैं। ज्ञात हो कि पिछले दो वर्षों में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में चुनाव आयोग और दलों ने मतदाताओं को वोटिंग के दौरान सहज अनुभव प्रदान करने के लिए कड़ी मेहनत की है। अनेक परामर्शों, समीक्षाओं, विभिन्न क्षेत्रों के दौरों और अधिकारियों के व्यापक प्रशिक्षण के बाद सावधानीपूर्वक सारी तैयारियां की हैं। ऐसे में विशाल जनसंख्या और विविधतापूर्ण संस्कृति वाले हमारे देश में चुनाव आयोग के प्रयासों और योजनाओं को मतदान के प्रति आमजन की प्रतिबद्धता का भी साथ मिलना चाहिए। मतदान प्रत्येक भारतीय नागरिक का संवैधानिक अधिकार भी है और कर्तव्य भी। इस संवैधानिक अधिकार के वैकल्पिक होने का अर्थ नहीं है कि अपने आंगन को संवारने-सहेजने वाले जन-प्रतिनिधियों को चुनने में रुचि न ली जाए। मणिपुर हाईकोर्ट द्वारा एक अहम आदेश में कहा गया है कि वोट डालने का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत मतदाताओं के भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का ही एक हिस्सा है। ऐसे में मतदान करना अपना और अपने देश का भविष्य चुनने के समान है। देश की जनतांत्रिक व्यवस्था के सम्मान और बतौर नागरिक अपनी स्वतंत्रता और मान को कायम रखने के लिए हर भारतीय के मन में यह दायित्व निभाने की प्रतिबद्धता आवश्यक है।

(लेखिका फ्रीलांसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सटाका




## आज की पाती

### पृथ्वी का संरक्षण जरूरी

सन 1970 में पृथ्वी के संरक्षण के उद्देश्य से अमरीकी सीनेटर गेलोर्ड नेल्सन ने पृथ्वी दिवस मनाने का निर्णय लिया था। इस दिवस को अमरीका ट्री डे के रूप में मनाता है। और अब सन 1970 से हर वर्ष 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस बहुत से देशों में मनाया जाता है। हमारे देश में भी इस दिन बहुत से प्रोग्राम आयोजित किए जाते हैं। हम जिस थाली में खाएं, उसी में छेद करना शुरू कर दें, तो यह हमारी सबसे बड़ी नासमझी नहीं होगी, तो और क्या होगा? पृथ्वी हमें निस्वार्थ भाव से जीने के लिए सब कुछ देती है, लेकिन हम नासमझी बरतते हुए इसे ही अपने स्वार्थ के लिए आंखें बंद कर नुकसान पहुंचाने में लगे हुए हैं। पृथ्वी का नासमझी से दोहन हमें नुकसान पहुंचाएगा। इसलिए पृथ्वी का संरक्षण जरूरी है।

*– मनोज शुक्ला, दुर्ग*

## ट्रेंड

### गरीबों की मदद की गारंटी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए किरमिरा और लाइकेरा ब्लॉक को एकीकृत जनजातीय विकास एजेंसी माना जाता है। प्रधानमंत्री अभय योजना के तहत घर, ज्वारजा योजना के तहत रसोई गैस और गरीब कल्याण भोजन योजना में मुफ्त चावल उपलब्ध कराया जा रहा है। यह 'मोदी गारंटी' है।

-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### तत्काल रिहाई का आह्वान



जैसे ही यहूदी परिवार पास ओवर की शुरुआत के लिए इकट्ठा होते हैं, मेरा दिल उन सभी के लिए टूट जाता है जिनके सेडर टेबल पर उनके प्रियजन गायब होंगे। एक बार फिर, मैं गाजा में बंधकों की तत्काल रिहाई के लिए अपना आह्वान दोहराता हूं।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### सभी संसाधनों को बेचा



मोदी सरकार के तहत, अमीर और गरीब के बीच का अंतर 100 साल के उच्चतम स्तर पर है। 10 सालों में मोदीजी ने सिर्फ अपने करीबी दोस्तों के लिए ही काम किया है। हवाई अड्डों, बंदरगाहों, कोयला खदानों सहित सभी संसाधनों को पूंजीपतियों को औने-पौने दामों पर बेच दिया है।

-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

### सूरत तो झांकी है



सूरत तो झांकी है, पूरा देश बाक़ी है। अभी सूरत में चुनाव खत्म हुआ है अब पूरे देश में चुनाव ख़त्म होगा। मोदी जी आरक्षण ख़त्म करेंगे। भाजपा, भीमराव जी का नही भागवत का संविधान मानती है।

-संजय सिंह, आप नेता

## करंट अफेयर

# ब्रिटेन की संसद ने दी रवांडा निर्वासन विधेयक को मंजूरी



कुछ प्रवासियों को रवांडा निर्वासित करने के ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के प्रयासों को अंततः सोमवार देर रात संसद की मंजूरी मिल गई। इससे कुछ घंटे पहले ही सुनक ने विश्वास जताया था कि जुलाई में रवांडा के प्रवासियों को ले जाने वाली निर्वासन उड़ान शुरू होंगी। सुनक ने मंगलवार को अपनी सरकार के उक्त विवादास्पद 'रवांडा सुरक्षा विधेयक' को संसद की मंजूरी मिलने का स्वागत किया और संकल्प जताया कि अवैध प्रवासियों को उड़ानों से अफ्रीकी देश निर्वासित करने के रास्ते में कोई अड़चन नहीं आएगी। उन्होंने विधेयक को ऐतिहासिक करार दिया और इसे वैश्विक पलायन को संभालने में बुनियादी बदलाव लाने वाला बताया। उन्होंने एक बयान में कहा, 'इस ऐतिहासिक विधेयक का पारित होना न केवल एक कदम आगे बढ़ाना है बल्कि विस्थापन पर वैश्विक समीकरण में मूलभूत बदलाव करने वाला है।' संसद में इस विधेयक को लेकर करीब दो महीने से गतिरोध बना हुआ था। लेकिन सोमवार आधी रात के बाद अंततः गतिरोध समाप्त हुआ और 'हाउस ऑफ लॉर्ड्स' ने 'हाउस ऑफ कॉमन्स' की सर्वोच्चता को स्वीकार किया और अपने प्रस्तावित संशोधनों को वापस लेकर विधेयक के कानून बनने का रास्ता साफ कर दिया।

## ऑफ बीट

# देश भर में खतरनाक कचरे का परिवहन आसान नहीं



क्या आपने कभी सोचा है कि ट्रकों के पीछे अंकित प्रतीकों और संख्याओं वाले रंगीन संकेतों का क्या मतलब होता है? दरअसल वह विनियमों के उस जाल का एक हिस्सा हैं, जिनका उद्देश्य खतरनाक कचरे को एक जगह से दूसरी जगह ले जाते समय श्रमिकों और पर्यावरण को सुरक्षित रखना होता है। देश भर में खतरनाक गैसों, तरह तरह के जहर, हानिकारक रसायनों, संक्षारक और रेडियोधर्मी सामग्री जैसी खतरनाक सामग्रियों का परिवहन करना जोखिम भरा है। लेकिन चूँकि हर साल अमेरिका में लगभग 3 अरब पाउंड की खतरनाक सामग्री एक जगह से दूसरी जगह ले जाए जाने की ज़रूरत होती है, इसलिए यह अपरिहार्य है। देशभर में एक जगह से दूसरी जगह ले जाई जाने वाली आवश्यक सभी सामग्रियों के साथ, ट्रक और रेल परिवहन दोनों से खतरनाक सामग्री को ले जाना अपेक्षाकृत अपरिहार्य है। लेकिन अच्छे नियम इन घटनाओं को न्यूनतम रख सकते हैं। एक संचालन और रसद विशेषज्ञ के रूप में, मैंने वर्षों तक खतरनाक सामग्री परिवहन का अध्ययन किया है। नगरपालिका से संघीय स्तर तक सरकारी एजेंसियों के पास इन सामग्रियों की हैंडलिंग और परिवहन को नियंत्रित करने वाले नियम हैं, हालांकि वे थोड़े जटिल हो सकते हैं।

**अपने विचार**
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## हनुमान जयंती पर मंदिरों और घरों में हुए धार्मिक अनुष्ठान निकाला विशाल चल समारोह

# अंजनी पुत्र का सिंदूर से अभिषेक कर चढ़ाया चोला, मंदिरों में हनुमान चालीसा सुंदरकांड, हनुमान अष्टक के पाठ, भंडारों में प्रसाद लेने उमड़ी भक्तों की भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर में मंगलवार को हनुमान जी की जयंती की धूम रही। मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदरकाण्ड, हनुमान अष्टक के पाठ हुए। हनुमान जी का सिन्दूर से अभिषेक कर चोला चढ़ाया गया। सोने व चांदी के बर्क से विशेष श्रृंगार किया गया।

श्री हनुमान कुटी, खेड़ापति माता मंदिर, पचपन सीढ़ी हनुमान मंदिर, जाखला धाम हनुमान मंदिर, सतलापुर सहित प्रमुख मंदिरों में अभिषेक, हवन और दीप दान और भंडारे हुए। कुछ मंदिरों में सोमवार से ही अखंड रामायण पाठ का किया गया।

## जन्मोत्सव पर हनुमानजी का सोने व चांदी के बर्क से श्रृंगार किया

### भव्य चल समारोह निकाला

वार्ड 3 स्थित श्रीराम मंदिर से शाम 4 बजे सकल हिंदू समाज ने चल समारोह निकाला।



इसमें वीर हनुमान का दरबार, अखाड़ा, भोपाल का डमरू दल, भगवा ध्वज तथा बाबा की आकर्षक झांकी आकर्षण का केंद्र रहे। इस दौरान श्रद्धालु भजनों पर झूमते रहे। चल समारोह का समापन प्रसिद्ध जाखला धाम मंदिर में किया गया। वही बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद ने भी शोभायात्रा निकाली। विहिप के जिला संयोजक गोलू मालवीय ने बताया कि अंजनी लाल का जन्मोत्सव पर सकल हिंदू समाज के बैनर तले चल समारोह निकाला गया।

### हनुमान कुटी पर लगा मेला

हनुमान कुटी मंदिर परिसर में हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में मेला लगाया गया। मंदिर के ट्रस्टी रमेश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि सोमवार से ही अखंड रामायण का पाठ चल रहा है। मंगलवार सुबह से प्रसाद वितरित की जा रही है।

## हनुमान जन्मोत्सव की धूम भजन-कीर्तन व भंडारे हुए



**औबेदुल्लागंज।** नगर में हनुमान जयंती पर राम मंदिर जाखला धाम और बस स्टैंड श्री हनुमान मंदिर में भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया।

## खबर संक्षेप



### नागर कर रहे लोगों से मतदान की अपील

**औबेदुल्लागंज।** युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष परेश नागर एवं युवा कांग्रेस भोजपुर विधानसभा अध्यक्ष संजय लोधी युवा कांग्रेस के चलाए जा रहे डोर टू डोर अभियान के तहत भोजपुर विधानसभा में कांग्रेस की न्याय गारंटी को लेकर लोगों तक पहुंच रहे हैं और मतदान की अपील कर रहे हैं।

### बैनर-पोस्टर से वोटिंग के लिए किया जागरूक




**औबेदुल्लागंज।** मंगलवार को वार्ड 15, बस स्टैंड, मैन मार्केट में हनुमान जन्मोत्सव पर चल रहे भंडारे में बैनर-पोस्टर से मतदाताओं को मतदान करने जागरूक किया गया। इस अवसर पर बीएलओ राजकुमार शर्मा, आशीष यादव, सुशील चतुर्वेदी, प्रमोद कुमार पाण्डेय, कन्हैया धुर्वे, दीपेश बैरागी, विनोद यादव, प्रमोद तिवारी आदि उपस्थित रहे।



### भाजपा महिला मोर्चा की महिलाओं ने रचाई मेहंदी

**मंडीदीप।** भाजपा महिला मोर्चा ने मंगलवार से घर-घर जाकर लोगों के हाथों पर मेंहदी लगाओ अभियान की शुरआत की। महिला मोर्चा जिला महामंत्री प्रार्थना चौहान ने बताया कि मोर्चा की कार्यकर्ता नगर के प्रत्येक घर में जाकर मेहंदी लगा कर लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों की जानकारी देंगी। मेहंदी कार्यक्रम में भारी संख्या में महिलाओं की भीड़ देखी गई। इस अवसर पर पूर्व पार्षद रेखा दुबे, महिला मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष शिरोमणि बांके, मीडिया प्रभारी दुर्गा चौहान, अर्चना उबनारे, सुधा राठौर सहित पदाधिकारी मौजूद रही।

### दो पहिया वाहन पर ले जा रहे थे 300 क्वार्टर शराब

**भोपाल।** सोमवार देर रात में आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए अवैध शराब जब्त की। मंगलवार को भी वाहनों की चेकिंग करने के लिए टीमें मैदान में उतरीं। जिला आबकारी कंट्रोलर आरजी भदौरिया के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि टीमों ने सोमवार देर रात अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी। इस दौरान अवैध शराब जब्त की गई। लालघाटी क्षेत्र में दो पहिया पर अवैध शराब ले जाते अतीफ खान और अमन चंडालिया को पकड़ा। दोनों के पास से 300 पाव देसी शराब जब्त की गई। इंद्रपुरी क्षेत्र में भी एक वाहन से अवैध शराब जब्त की गई। इसके अलावा अयोध्या नगर, सुभाष नगर क्षेत्र से अवैध रूप से शराब पिलाने पर कार्रवाई की गई।

## कक्षा 8वी में टॉप 10 संभाग में भोपाल भी शामिल

# 5वीं-8वीं में बेटियों ने बाजी मारी, शहर के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों के रिजल्ट बेहतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**»** *5वीं में 92.41 प्रतिशत छात्राएं और कक्षा 8वीं में 89.56 प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुईं*

**»** *5वीं में 89.62 प्रतिशत छात्र और कक्षा 8वीं में 85.94 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए*

राज्य शिक्षा केंद्र ने मंगलवार को कक्षा पांचवी और आठवीं के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए हैं। खास बात यह है कि इस परीक्षा में इस बार भी बेटियों ने बाजी मारी है। कक्षा पांचवी में जहां कक्षा 5वीं में 92.41 प्रतिशत छात्राएं और कक्षा 8वी में 89.56 प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं। जबकि कक्षा 5वीं में 89.62 प्रतिशत छात्र और कक्षा 8वीं में 85.94 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं दूसरी ओर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के बेटे-बेटियां अब कमजोर नहीं रह गए हैं, ये इन परीक्षाओं के परिणाम से साफतौर पर स्पष्ट दिख रहा है।

कक्षा 5वीं में ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों का 92.60 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा है। वहीं शहरी क्षेत्रों के स्कूलों का परिणाम 86.19 प्रतिशत है। वहीं कक्षा आठवीं में ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों का परिणाम 88.35 प्रतिशत रहा है। वहीं शहरी क्षे.त्रों का परीक्षा परिणाम 86.4 प्रतिशत रहा है।

### 5वीं और 8वीं में नरसिंहपुर जिला अव्वल

परीक्षा परिणामों में कक्षा 5वीं में टॉप 10 संभाग में शहडोल, इंदौर, चंबल, जबलपुर, नर्मदापुरम, ग्वालियर, भोपाल, रीवा, उज्जैन और सागर शामिल हैं। वहीं टॉप 10 जिलों में नरसिंहपुर, डिंडोरी, मंडला, अनूपपुर, अलीराजपुर, छिंदवाड़ा, सीहोर, झाबुआ, शहडोल और बुरहानपुर रह हैं। वहीं कक्षा 8वी के परिणामों में टॉप 10 संभाग में इंदौर, नर्मदापुरम, जबलपुर, चंबल, भोपाल, ग्वालियर, शहडोल, उज्जैन, रीवा और सागर रहे हैं। वहीं टॉप 10 जिलों में नरसिंहपुर, अलीराजपुर, झाबुआ, सीहोर, अनूपपुर, बड़वानी, डिंडोरी, मंडला, छिंदवाड़ा और बुरहानपुर शामिल हैं।



### घोषित होते ही लाखों लोगों ने एक क्लिक पर देखा अपना रिजल्ट

संचालक धनराजू ने बताया कि विद्यार्थी राज्य शिक्षा केंद्र की वेबसाइट पर अपना परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। रिजल्ट जारी होते ही इस साइड पर प्रति मिनट लगभग 70 हजार से अधिक लोगो ने अपना परीक्षा परिणाम देखा। रिजल्ट लिंक पर परिणाम देखने में किसी भी विद्यार्थी या अभिभावक को कोई परेशानी न हो, इस दृष्टि से राज्य शिक्षा केन्द्र ने इस बार विशेष व्यवस्थाएं की थी।

### असफल विद्यार्थियों को मिलेगा पूरक परीक्षा में अवसर

संचालक धनराजू ने कहा कि जो छात्र एवं छात्राएं परीक्षा में असफल हुए हैं, उनके लिए जल्द ही पूरक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। जिसमें जो विद्यार्थी जिस विषय में असफल रहें हैं, उन्हें मात्र उसी विषय की पुनः परीक्षा देनी होगी।

### 1 लाख 13 हजार 106 स्कूल और मदरसों के विद्यार्थी हुए थे शामिल

इस वर्ष इन परीक्षाओं में प्रदेश के 1 लाख 13 हजार 106 शासकीय और निजी विद्यालयों तथा मदरसों के लगभग 24 लाख विद्यार्थी इन परीक्षाओं में सम्मिलित हुए थे। जिनमें से 95 हजार 979 विद्यालय, ग्रामीण तथा 17 हजार 127 विद्यालय शहरी क्षेत्रों के हैं। इनमें 87 हजार 18 शासकीय, 25 हजार 263 निजी विद्यालय एवं 825 मदरसे शामिल हैं। दोनो कक्षाओं को मिलाकार 21 लाख 19 हजार 873 विद्यार्थी पास हुए हैं। दोनो कक्षाओं में 2 लाख 51 हजार 202 विद्यार्थी परीक्षा में फेल हुए हैं।

## घर में घुसकर महिला से छेडखानी, पति ने की मनचले की धुनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



परवलिया इलाके में एक मनचला युवक आधी रात को एक महिला के घर में घुस गया और अकेली पाकर महिला से छेड़खानी करने लगा। छेड़खानी से गुस्साई महिला ने शोर मचाकर पति बुलाया तो युवक भागने लगा। पति ने आसपास के लोगों के साथ मिलकर उस मनचले युवक को पकड़ लिया और उसकी जमकर धुनाई करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया।

पुलिस के मुताबिक, 31 वर्षीय महिला परवलिया इलाके के गांव में रहती है। इसी गांव में नियामत अली नाम का युवक भी रहता है। शनिवार की रात वह अंधेरे में खड़े होकर महिला के साथ छेड़खानी कर रहा था। महिला ने शोर मचाया तो उसके पति की भी नींद खुल गई। पति ने नियामत को पकड़कर आसपास के लोगों को बुलाकर उसकी धुनाई कर दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने घर में घुसकर छेडखानी करने का प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## छात्रा की फर्जी इंस्टाग्राम आइडी बनाकर वायरल किए अश्लील फोटो




हरिभूमि न्यूज भोपाल। बीबीए की पढ़ाई करने वाली एक छात्रा की फर्जी इंस्टाग्राम पर आईडी बनाकर उसके दोस्त ने अश्लील फोटो वायरल कर दिए। छात्रा को जब इसकी जानकारी मिली तो उसके पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस के मुताबिक, 19 वर्षीय युवती बिलखिरिया स्थित एक निजी कॉलेज से बीबीए प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही है। एक साल पहले उसकी मुलाकात चिराग नामक युवक से हुई थी। चिराग कॉलेज में काउंसलर का काम करता है। इस दौरान उसने छात्रा की मदद के नाम पर कई दस्तावेज और मोबाइल नंबर आदि लिए थे। कुछ समय बाद चिराग छात्रा का पीछा कर उसे परेशान करने लगा। छात्रा ने जब इसका विरोध किया तो उसने फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर छात्रा के फोटो में कांटछांट कर इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिए। पीड़िता को जब इसका पता चला तो उसने थाने जाकर आरोपित के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया।

## हबीबगंज मल्टी की पार्किंग में खड़े चार दोपहिया वाहन आग से खाक



**हरिभूमि न्यूज भोपाल।** हबीबगंज स्थित बारह नंबर मल्टी की पार्किंग में खड़े चार दोपहिया वाहनों में मंगलवार तड़के आग लग गई, जिससे चार वाहन जलकर स्वाह हो गए। स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि वाहनों में आग लगाई गई है। इसके पहले भी यहां पर इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक मंगलवार सुबह करीब चार बजे सूचना मिली कि बारह नंबर मल्टी की पार्किंग में खड़ी मोटर सायकिलों में आग लग गई है। पुलिस मौके पर पहुंची तो चारों गाड़ियां धू-धूकर जलती हुई दिखी। स्थानीय लोगों और फायर ब्रिगेड की मदद से आग को बुझाया गया। स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि शरारती तत्वों द्वारा आग लगाई गई हैं। उनका कहना था कि वाहनों में आग लगने से मल्टी में भी भी आग लगने का खतरा पैदा हो गया था। आग की लपटें बिल्डिंग की दीवारों तक पहुंची थी। रहवासियों का आरोप है कि यहां होने वाली हरकतों के बारे में पुलिस को शिकायत की गई थी, लेकिन सख्त कार्रवाई नहीं होने के कारण इस प्रकार की घटनाएं होती रहती हैं।

## भगवान हनुमान को 21 पान का भोग लगाया, बच्चों ने किया नृत्य



**संतनगर।** बैरागढ़ में हनुमान जयंती पर भगवान हनुमान की विशेष पूजा-अर्चना के साथ भंडारे हुए। संकट मोचन हनुमान मंदिर गिदवानी पार्क के पास हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में पार्षद व एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी, पूज्य सिंधी पंचायत के महासचिव माधु चांदवानी, भारती चांदवानी, मंदिर के पुजारी पं. उमेश प्रसाद मिश्रा ने नगर वासियों को हनुमान जयंती की बधाई दी। बजरंग सेना समिति ने भजन संध्या, सुंदरकांड का पाठ आरती और आतिशबाजी पं. राजकुमार गर्ग के नेतृत्व में की। बच्चों ने रंगारंग नृत्य पेश किया। नृत्य करने वालो मानसी देवानी, तानिया, दिव्यांशी ममतानी, नमन देवानी का सम्मान पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष साबूमल रीझवानी ने उपहार देकर किया। महाप्रसाद का हुआ। आरती में शामिल पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नरेश ज्ञानचंदानी, किरण वाधवानी, महेश खटवानी, अशोक मारण, डॉ.नरेश वासवानी, हीरो इसरानी, गोविंद वाधवानी, नानक दादलानीव अशोक तनवानी थे। समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान जी को 21 पान का भोग लगाया गया।

**यह रहे उपस्थित**

इस अवसर पर बजरंग सेना समिति अर्चक पुरोहित पं. राज कुमार गर्ग, मुख्य सलाहाकार रुप कुमार सोनी, अध्यक्ष कमलेश देवानी, सलाहाकार प्रभु मूलचंदानी, उपाध्यक्ष राज बिजोरिया, जीतू शिवनानी, नरेन्द्र टहलानी, महेश दरयानी, महासचिव राजेश केवलानी, सचिव गुरदास रामचंदानी, जगदीश सावले, राजकुमार धानुक, हनी देवानी, हरीश देवानी, वासु देवानी, संतोष तोमर, खेमचंद निहचलानी, प्रियांशु तेजवानी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन महेश खटवानी एवं आभार कमलेश देवानी ने किया।

## भाजपा नेत्री के खिलाफ ग्रामीणों ने किया विरोध-प्रदर्शन, नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्मशान घाट की बाउंड्री वॉल तोड़ने के आरोप में घिरी भाजपा नेत्री के खिलाफ ग्रामीणों ने मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया। प्रतीकात्मक पुतले को श्मशान में जलाया गया। वहीं अब मामले में राजस्व विभाग जमीन का सीमांकन करेगा, जिसके बाद साफ होगा कि यह जमीन भाजपा नेत्री की है या श्मशान की।

जानकारी के मुताबिक, भाजपा नेत्री की ग्राम नेवरी में जमीन है, जिस पर आश्रम बनाया जाना है। इसी जमीन से लगी हुई ग्राम नयापुरा की जमीन है। इस जमीन पर श्मशान घाट है। ग्रामीणों ने श्मशान से लगी जमीन पर बाउंड्री वॉल बना दी थी। आरोप है कि सोमवार रात भाजपा नेत्री जेसीबी लेकर पहुंची और बाउंड्री वॉल का गिरा दिया। इसका विरोध ग्रामीणों ने किया। इस संबंध में ग्रामीणों ने जेसीबी के चालक के खिलाफ निशातपुरा थाने में आवेदन दिया। कार्रवाई न होने पर गुस्साए नयापुरा के ग्रामीणों ने मंगलवार दोपहर को भाजपा नेत्री के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। शाम तक मामला बैरागढ़ वृत्त के तहसीलदार एनके परमार तक पहुंच गया। तहसीलदार द्वारा जमीन की नप्ती कर देखा जाएगा कि जिस जगह बाउंड्रीवॉल बनी थी वह भाजपा नेत्री की है या सरकारी यानी श्मशान की है। कुछ समय पूर्व जमीन का सीमांकन के बाद 3 से 4 फीट जमीन पर कब्जा सामने आया था। कब्जा सामने आने के बाद इसे हटाने के लिए एसडीएम के यहां आवेदन देना था, लेकिन यहां पर इसके पहले ही जेसीबी से दीवार तोड़ दी गई।

## व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे

### प्रधान जिला न्यायाधीश ने लोक अदालत के प्रचार रथ को दिखाई हरी झंडी

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 11 मई को आयोजित नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार वाहनों को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमिताभ मिश्र ने मंगलवार को जिला अदालत परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

प्रचार वाहनों द्वारा नेशनल लोक अदालत की जिंगल्स एवं फ्लेक्स बैनर के माध्यम से नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार राजधानी के विभिन्न शहरी व सुदूरवर्ती ग्रामों में किया जाएगा। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश एवं विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आरती शर्मा, जिला न्यायाधीश कुमारी शैलजा गुप्ता, जिला न्यायाधीश जैनुल आब्दीन, जिला न्यायाधीश स्वयं प्रकाश दुबे और जिला रजिस्ट्रार अग्निनेन्द्र कुमार द्विवेदी सहित कई वकील, कानून के छात्र एवं पैरालीगल वालेन्टियर और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। प्रचार रथ से आम जन को उनके विधिक अधिकारों और लोक अदालत के फायदे बताए जाएंगे।



## चिरायु मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही थी छात्रा

# रानी बेटी को डॉक्टर बनाने भोपाल भेजा था, अब लाश लेकर घर जा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**»** *सुसाइड करने वाली एमबीबीएस छात्रा के पिता का छलका दर्द*

**»** *अंग्रेजी नहीं आने से डिप्रेशन में थी बेटी*

रानी बेटी को डॉक्टर बनाने के लिए भोपाल भेजा था। उसका सपना था डॉक्टर बनकर अपने घर खरगौन आकर प्रेक्टिस करने का। पर क्या पता था कि बेटी की लाश लेकर घर जाना पड़ेगा। यह कहना है कि सुसाइड करने वाली एमबीबीएस छात्रा रानी के पिता का। बेटी की याद में पिता के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। उन्होंने किसी प्रकार की शंका जाहिर नहीं की है।

उन्होंने पुलिस को बताया कि बेटी की पढ़ाई हिंदी माध्यम से हुई थी, जबकि डॉक्टरी की पढ़ाई अंग्रेजी माध्यम से कर रही थी। अंग्रेजी में कमजोर होने के कारण वह पिछड़ रही थी, जिसके कारण डिप्रेशन का शिकार हुई होगी। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव को परिजन को सौंप दिया। जिसे लेकर वह खरगौन के लिए रवाना हो गए।

### दो भाई और दो बहनों में रानी सबसे बड़ी थी



बता दें कि 21 वर्षीय रानी मोरे मूलतः खरगौन की रहने वाली थी। वह चिरायु मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही थी और कॉलेज के ही गर्ल्स हॉस्टल में रहती थी। उसके पिता देवी सिंह मोरे शासकीय शिक्षक हैं। दो भाई और दो बहनों में रानी सबसे बड़ी थी। सोमवार सुबह खजूरी सड़क पुलिस ने उसकी लाश फांसी के फंदे पर लटकी अवस्था में बरामद की थी। कमरे की तलाशी में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला था। पुलिस के दिए बयान में छात्रा के पिता देवीसिंह ने बताया कि रानी की स्कूली शिक्षा हिंदी मीडियम से हुई थी। वह स्कूल में हमेशा अव्वल आती थी। करीब दस महीने पहले डाक्टर बनने का सपना पूरा करने के लिए उसने चिरायु मेडिकल कॉलेज में दाखिला लिया था। कॉलेज में एडमिशन के बाद कुछ समय तक सब ठीक रहा, लेकिन, अंग्रेजी में कमजोर होने के कारण उसका परफॉर्मेंस कम होने लगा था। इसे लेकर वह अक्सर बात करती थी। इसी वजह से वह बीते चार महीनों से डिप्रेशन में थी। बेटी बताती रहती थी कि अंग्रेजी में कोर्स होने के कारण बहुत सारी चीजें समझ में नहीं आती हैं। इसको लेकर कई बार उसे शर्मिंदगी भी होती थी। पिता ने इस मामले में किसी प्रकार के आरोप-प्रत्यारोप नहीं लगाए हैं।

## मां को घर के बाहर भेजकर युवक ने लगाई फांसी

हबीबगंज इलाके में रहने वाले एक युवक ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना से पहले उसने मां को घर से बाहर भेज दिया था। पुलिस के मुताबिक 18 वर्षीय केशव घोरेले पीसी नगर झुग्गीबस्ती में रहता था और सूखा नशा करता था। मंगलवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे मां काम से घर पहुंची तो वह नशा कर रहा था। उसने मां को घर से बाहर जाने का बोला तो वह चली गई। कुछ देर बाद पिता घर लौटे तो केशव फांसी लगा चुका था। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

सोना-चांदी के चोले चढ़ाकर निकली ध्वज यात्राएं और चल समारोह, देर रात तक चलते रहे 100 से अधिक मंदिरों में भंडारे

# मंगल मूर्ति, राम दुलारे...हे बजरंगबली, हनुमान...करो कल्याण

भोपाल। राजधानी में श्रीराम भक्त हनुमान का जन्मोत्सव मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही शहर के हनुमान मंदिरों में श्रद्धा, भक्ति का नजारा दिखाई दिया। शहर में कहीं ध्वज यात्रा तो कहीं चल समारोह निकाले गए। इसी प्रकार 100 से अधिक स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया, जो देर रात तक चलता रहा। शहर के मंदिरों में हनुमानजी का सिंदूर से अभिषेक किया, सोने और चांदी के वर्क से श्रृंगार किया गया।

**सोने-चांदी के बर्क से हुआ हनुमान जी का श्रृंगार**


वल्लभ नगर में इस वर्ष भी चोला चढ़ा कर बैंड-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली।


काली घाट, काली माता मंदिर से चल समारोह निकाला गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

## शहरभर में धूमधाम से निकलीं ध्वज यात्राएं

जय मां भवानी हिन्दू संगठन की ओर से निकाली गई शोभायात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। 1111 भगवा ध्वज के साथ कालीघाट से सिंधी कॉलोनी तक निकली यह शोभायात्रा माता मंदिर पहुंची। चल समारोह में भगवान श्री राम की प्रतिमा के साथ साथ हनुमान जी की 12 फीट ऊंची प्रतिमा शामिल रही। हनुमान जी के जयकारे गूंजे।

### मंदिरों में लंबी कतारें लगीं

हनुमान जन्मोत्सव पर शहर के मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारे लगी रही। 1100 क्वार्टर्स हनुमान मंदिर, चार इमली स्थित मेंहदीपुर बालाजी हनुमान मंदिर, रेलवे कॉलोनी स्थित प्राचीन पंचमुखी हनुमान मंदिर, पम्पापुर हनुमन मंदिर, अयोध्या बायपास स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर, माता मंदिर, खेड़ापति हनुमान मंदिर छोला, खेड़ापति हनुमान मंदिर न्यू मार्केट सहित अनेक स्थानों पर भक्तों की भारी भीड़ रही।


1100 के मंदिर पर लगी भक्तों की कतार।

### ब्रह्म मुहूर्त में महाआरती, शाम को भंडारे

अंजनीनंदन हनुमानजी का जन्मोत्सव श्रद्धा भक्ति के साथ से मनाया। शहर के मंदिरों में बजरंग बली भगवान का अभिषेक, श्रृंगार हुआ और ब्रह्म मुहूर्त में महाआरती हुई। शहर में 150 से अधिक स्थानों से ध्वज यात्राएं निकालकर श्रद्धालु हनुमानजी को चोला और ध्वज अर्पित किया। इसी प्रकार जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया।


छोला मंदिर में पूजन करते श्रद्धालु।

### न्यू मार्केट में भंडारा और अखंड रामायण पाठ

न्यू मार्केट खेड़ापति हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती के अवसर पर सोमवार से ही अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया, जिसका समापन मंगलवार को हुआ। इस दौरान हनुमान जी का विशेष श्रृंगार चोला चढ़ाया गया। शाम को भंडारें का आयोजन हुआ।


टीटी नगर मंदिर में भंडारे का एक दृश्य।

### अखाड़े में दिखाए करतब

हिंदू अखाड़ा महासंघ की ओर से भवानी चौक सोमवारा से शाम 4 बजे चल समारोह निकाला गया। यह सराफा बाजार चिंतामन चौराहा इतवारा मंगलवार घोड़ा नक्कास बस स्टैंड से छोला दशहरा मैदान पर खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुंचा। चल समारोह अखाड़ें में पहलवानों ने करतब दिखाए।


चौक बाजार में चल समारोह निकाला गया।

### गुफा मंदिर में विशेष श्रृंगार

गुफा मंदिर में पवनपुत्र के जन्म दिवस के दिन हनुमान जी का विशेष श्रृंगार किया गया। भंडारे का कार्यक्रम हुआ।


टीटी नगर के खेड़ापति मंदिर में पूजन करते श्रद्धालु।

### नव निर्मित मंदिर में विराजे श्री बजरंगबली हनुमान

भोपाल। मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सलैया स्थित आकृति ग्रीन्स परिसर में सिद्ध विनायक मंदिर के नवनिर्मित मंदिर में श्रीबंजरग बलि हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा आचार्य पंडित जितेंद्र महाराज एवं अन्य विद्वान पंडितों ने की। मंत्रोपचार पूजन शय्याधिवास गंधाधिवास धृताति वास फूलाधिवास फलाधिवास एवं मिष्ठातिवास के बाद जलाभिषेक पश्चात भगवान बजरंग बलि को आसन पर विराजित कर स्थापित किया। तत्पश्चात हवन की पूर्णाहुति कर आरती की।

### *श्री राम मंदिर गुरुबख्श की तलैया में लगा छप्पन भोग*

*श्री राम मंदिर गुरुबख्श की तलैया में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर छप्पन भोग, आरती,अखाडों का प्रदर्शन व उनका सम्मान हुआ। हनुमान जी का चोला व मथुरा से मंगाई पोशाक पहनाकर लाल फूलों से श्रृंगार किया गया।*



### मिसरौद के खेड़ापति...

मिसरौद रेलवे स्टेशन के करीब वर्षों से विराजमान खेड़ापति मंदिर पर हनुमान जयंती को सैकड़ों श्रद्धालु जुटे और दर्शन किए। वहीं चांदी का छत्र भी चढ़ाया गया। साथ ही भंडारे में प्रसादी भी ग्रहण की।

### एक महोत्सव श्री हनुमान संग श्याम के नाम आज

श्री हनुमंत चरण सेवा समिति के तत्वाधान में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर 24 अप्रैल को श्री दुर्गा मंदिर शाहजहांनाबाद पर एक महोत्सव श्री हनुमान संग श्याम के नाम भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

### चार इमली में हनुमान जी का अभिषेक

चार इमली स्थित हनुमान मंदिर में रक्षा सूत्र का निशुल्क वितरण किया गया। भण्डारा एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम हुआ।

### शिवाजी नगर के हनुमान मंदिर में हुआ भंडारा

मंदिर शिवाजी नगर में हनुमान जयंती पर्व पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जन्म आरती, महाआरती , शोभा यात्रा, बाल भोग व भंडारा हुआ।

## शनि शिंगणापुर धाम बीएसएनएल के सामने सुबह 4 बजे चढ़ा हनुमान जी को चोला



**हवन-पूजन व सुंदरकांड के साथ भंडारे का हुआ आयोजन**

मन कामेश्वर मंदिर कमला नगर में अखंड रामायण पाठ व राधाकृष्ण मंदिर बरखेड़ा में भजन व सुंदरकांड पाठ के साथ भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हनुमान जयंती पर न्यू मार्केट स्थित बीएसएनएल ऑफिस के सामने मल्टी पार्किंग के नीचे स्थित श्री शिरडी शनि शिंगणापुर धाम ट्रस्ट के शनि मंदिर में प्राचीन हनुमान जी विराजमान हैं। हनुमान जयंती के मौके पर यहां महंत पं. अरुण बुचके महाराज ने सैकड़ों भक्तों के साथ सुबह 4 बजे हनुमानजी का चोला चढ़ाया। इसके बाद महाआरती और भजन कीर्तन के बाद हवन हुआ। वहीं, शाम को सुंदर कांड पाठ और भंडारे का आयोजन हुआ। वहीं, कमला नगर कोटरा स्थित मनकामेश्वर हनुमान मंदिर में अखंड रामायण पाठ सोमवार से शुरू हुआ था। इसका समापन दोपहर 12 बजे हुआ। इसके बाद भंडारा हुआ। यहां पर भी सुबह 5 बजे हनुमानजी को चोला चढ़ाया।



## सामूहिक विवाह में 11 नवयुगल जोड़े बंधे वैवाहिक बंधन में



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री हनुमान जन्मोत्सव पर जय मां वैष्णो दुर्गा उतसव (श्री राम रसोई) समिति, बिट्टन मार्केट हाट व्यापारी संघ द्वारा 11 जोड़ों का निःशुल्क विवाह सम्मेलन रीति-रिवाज से सम्पन्न हुआ। संयोजक हरिओम खटीक ने बताया कि समिति द्वारा 11 दूल्हों की बारात कलचुरी भवन, एकांत पार्क से धूमधाम से निकाली गई, जिसमें घोड़े, बग्गी, डीजे, ढोल, पटाखे के साथ विवाह स्थल समारोह बिट्टन मार्केट हाट बाजार प्रांगण के लिए निकाली गई। दोपहर एक बजे वर-वधु के जय माला का आयोजन हुआ जयमाला के बाद विवाह स्थल पर पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न हुआ। विवाह समारोह के बाद वधु की विदाई कार्यक्रम हुआ। खटीक ने बताया कि इस महाकुंभ में लगभग पांच हजार मेहमानों की निःशुल्क भोजन कराया गया। वर-वधु को हाट व्यापारियों ने कई उपहार दिए। जिसमें सोने का मंगलसूत्र, पायजेव, बिछुडी, गोदरेज अलमारी, पलंग सेट, 70 बर्तन का सेट, दूल्हा-दुल्हन को सूट- साड़ी, श्रृंगार दान आदि सहित कई सामग्री उपहार स्वरूप दी गई।

**धूमधाम से निकली बारात, पांच हजारों मेहमानों ने किया भोजन**

## नागर ब्राह्मण समाज ने निकाला हाटकेश्वर चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल नागर ब्राह्मण समाज भोपाल के तत्वाधान में मंगलवार को ऐतिहासिक चल समारोह इष्टदेव भगवान हाटकेश्वर का दस नंबर अरेरा कॉलोनी से निकाला गया।

सर्वप्रथम भगवान हाटकेश्वर जयंती के उपलक्ष्य में अभिषेक समाज के संगीता विनोद नागर एवं सीमा दिनेश जोशी द्वारा संपन्न कराया गया। उसके पश्चात इष्टदेव चल समारोह निकाला गया। जिसमे समाज जन लाल पीले परिधान में नागरजन भजन गाते नाचते चल रहे थे। सभी कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज झा द्वारा की गई, पंकज रावल ने कार्यकम का संचालन किया।




तत्पश्चात समाज की वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पवन मेहता अध्यक्ष मध्य प्रदेश नागर ब्राह्मण समाज भोपाल संभाग, विनोद नागर, राम कृष्ण मेहता, कृष्ण नागर , मनीषा चौबे व श दीपक झा ने अपने अपने विचार रखे। अध्यक्ष मनोज झा ने अपने दो वर्ष के कार्यकाल में किए गए कार्यों का विवरण पेश किया और स्वेच्छा से जो समाज की बाग डोर संभाले उसको आगे आने का आव्हान तृप्ता रावल ने महिला अध्यक्ष हेतु पारुल नीरज यागिनक का नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका महिलाओं ने अनुमोदन किया।

रविंद्र पंचोली ने रवीन्द्र शर्मा को अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा, जिसका मनोज ने समर्थन किया। कार्यक्रम में समस्त जन परिवार सहित ,कार्यक्रम में नीरज चौबे महासचिव नागर ब्राह्मण समाज भोपाल द्वारा आभार प्रकट कर सभी को धन्यवाद प्रेषित किया।

## स्नातक प्रथम वर्ष परीक्षा के आवेदन अब 30 तक कर सकेंगे दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने स्नातक प्रथम वर्ष वार्षिक पद्धति से परीक्षा आवेदन की तारीख बढ़ा दी है। जारी आदेश के अनुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति वार्षिक परीक्षा (रेगुलर, प्राइवेट) विद्यार्थी बीए, बीकॉम, बीएससी, बीएससी होमसाइंस, बीए मेंनेजमेंट, बीबीए, बीसीए आदि के लिए सामान्य शुल्क के साथ एमपी ऑनलाइन के माध्यम से 23 अप्रैल के स्थान पर अब 30 अप्रैल 2024 तक फार्म भर सकेंगे।

300 रुपए लेट फीस के साथ एक से 8 मई 2024 तक आवेदन किए जा सकेंगे। विशेष विलंब शुल्क 1000 रुपए के साथ 9 मई से परीक्षा शुरू होने से 3 दिन पहले तक आवेदन किए जाएंगे। वहीं, विशेष विलंब शुल्क 4000 रुपए के साथ छात्रों को अंतिम अवसर के लिए परीक्षा शुरू होने के 2 दिन पहले से परीक्षा वाले दिन तक परीक्षा आवेदन फार्म भरे जा सकेंगे।

हर माह 9 व 25 तारीख को स्वास्थ्य संस्थानों में लग रहे शिविर

## गर्भवतियों के लिए चेकअप शिविर कल, एंबुलेंस 108 से पिकअप एंड ड्रॉपबैक की रहेगी सुविधा

एक साथ होगी शारीरिक व मानसिक स्क्रीनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हाई रिस्क गर्भवतियों के ओवरऑल चेकअप के लिए गुरुवार को 10 स्वास्थ्य संस्थाओं में ओवरऑल चेकअप शिविर का आयोजन किया गया है।

इस दौरान इन सभी महिलाओं को एंबुलेंस 108 से मुफ्त पिकअप एंड ड्रॉपबैक की सुविधा भी दी जाएगी। बता दें हर माह की 9 व 25 तारीख को स्वास्थ्य संस्थानों में एक्सटेंडेड प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत यह सुविधा दी जा रही है। जिसमें शारीरिक व मानसिक स्क्रीनिंग एक साथ होती है। जिससे मां और बच्चे दोनों स्वस्थ रहें। इस दौरान गर्भावस्था के गंभीर लक्षणों की जानकारी भी दी जाएगी।

**शिविर में मिलेंगी यह सुविधाएं**

*चिकित्सकीय परामर्श के साथ हीमोग्लोबिन, यूरिन एल्ब्युमिन, शुगर, मलेरिया, टीबी, हेपेटाईटिस, ओरल ग्लूकोज टेस्ट, ब्लड ग्रुप, एचआईवी, सिफलिस की जांच की जाती है।*

- तनाव व मानसिक रोग के बच्चे पर नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं। ऐसे में गर्भवती महिलाओं व उनके परिजनों को लक्षणों और उपचार के संबंध में जानकारी दी जाती है।
- अस्पतालों में क्यूआर कोड भी लगाए गए हैं, जिनको स्कैन करके गर्भावस्था से जुड़ी जानकारी ली जा सकती है।
- चिकित्सकों द्वारा महिलाओं में गर्भावस्था के गंभीर लक्षणों की पहचान कर सलाह व दवाइयां दी जाती हैं।
- चिकित्सकीय परामर्श अनुसार सोनोग्राफी एवं थायराइड की जांच भी की जाती है।
- महिलाओं को निशुल्क परिवहन के लिए 108 एंबुलेंस की सुविधा दी जा रही है।

**इन अस्पतालों में लगेंगे शिविर**

सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी के अनुसार इस सुविधा के तहत एम्स, जेपी अस्पताल, डॉ. कैलाशनाथ काटजू महिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल बैरागढ़, इंदिरा गांधी गैस राहत हॉस्पिटल, जवाहरलाल नेहरू गैस राहत हॉस्पिटल, हमीदिया के गायनिक विभाग, सिविल अस्पताल बैरसिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांधीनगर और कोलार में यह शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। विभाग के मैदानी कार्यकर्ता जैसे आशा, एएनएम द्वारा गर्भवती महिलाओं को परामर्श और जांच के लिए लाया जाता है।

करीब 20 विद्यार्थियों ने लिया भाग, जीते पुरस्कार

## बीयू के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में मानक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में भारतीय मानक ब्योरो के तत्वावधान में मानक क्लब का गठन किया गया था। इस क्लब के करीब 20 विद्यार्थियों ने भारतीय मानक ब्योरो द्वारा प्रायोजित मानक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में मंगलवार को भाग लिया।

सबसे पहले विभाग की विभागाध्यक्ष एव स्टैंडर्ड क्लब की मेंटर डॉ. अनीता तिलवारी ने प्रतियोगिता के बारे में बताया। इसके बाद विद्यार्थियों ने मानक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रथम पुरस्कार 1000 रुपए, द्वितीय 750 और तीसरा पुरस्कार 500 के साथ ही चौथा पुरस्कार 250 रुपए रखा गया। इसमें प्रथम स्थान पर सूर्या अग्निहोत्री, दूसरा सिमरन सिंह एवं जीशान ज़ोया,




तृतीय स्थान पर अर्चित सेठ और चतुर्थ स्थान पर सुजीत कुमार वर्मा रहे। इस दौरान विभाग के डॉ. सुनील कुमार स्नेही, डॉ. प्रीतीबाला सोलंकी, डॉ. राजश्री सिन्हा, राम कुमार कुशवाहा और नेहा पालीवाल उपस्थित रहीं।

द राइजिंग सोसाइटी की कालीबाड़ी मंदिर में नाट्य कार्यशाला

# आम आदमी अपने जीवन में जीता है खुद का चरित्र और अभिनेता मंच पर दूसरों का

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल





संगीत नाटक अकादमी के सहयोग से द राइजिंग सोसायटी ऑफ आर्ट एंड कल्चर द्वारा कालीबाड़ी मंदिर टीटी नगर स्टेडियम में अभिनय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। शुभारंभ प्रीति झा तिवारी ने किया। साथ ही अभिनेता, निर्देशक तान्हाजी युवाओं को प्रशिक्षण दे रहे है। यह कार्यशाला चरित्र और चरित्र चित्रण को लेकर की जा रही है, जिसमें बताया जा रहा है कि बचपन से लगभग हर व्यक्ति के लिए जो भी झूठ-नकल है, वो उसके लिए अभिनय ही है, हम जीवनभर इसे करते रहते हैं, एक आम आदमी और अभिनेता में यही सबसे बड़ा अन्तर होता है कि आम आदमी अपने जीवन में खुद का ही चरित्र जीता है और अभिनेता मंच पर दूसरों के चरित्र को चरितार्थ करता है।

मायाराम सुरजन भवन में 'सीलू मवासी का सपना' पर चर्चा

# भट्ट की कहानियों में है मानवीय जीवन की विसंगतियों और चुनौतियों का सजीव चित्रण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मायाराम सुरजन स्मृति भवन में मप्र हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में दिनेश भट्ट के कहानी संग्रह 'सीलू मवासी का सपना' पर चर्चा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र शैली ने किया एवं आभार प्रदर्शन अरुण दणायक ने किया। आयोजित चर्चा में वरिष्ठ कथाकार डॉ. उर्मिला शिरीष ने कहा कि इन कहानियों में मानवीय जीवन की विसंगतियों और चुनौतियों का सजीव चित्रण हैं। अलग अलग रंग के किरदार हैं और करुणा का स्वर प्रभावी रूप से प्रदर्शित होता है।

कथाकार मनीष वैद्य ने कहा - ये कहानियां विश्वसनीय हैं उनके चरित्र आस पास के हैं और अपने से लगते हैं। बच्चों और बूढ़ों की आवाजें आती हैं। वरिष्ठ चिंतक प्रयास जोशी ने संग्रह की कहानियों मौलिकता एवं सहज भाषा शैली को सराहा। इस अवसर पर लेखक दिनेश भट्ट ने संग्रह की कुछ कहानियों का पाठ किया। इस अवसर पर सम्मेलन के अध्यक्ष पलाश सुरजन, प्रज्ञा रावत, अभिषेक वर्मा, वसंत सकारगाय आदि अनेक साहित्यकार एवं सुधिजन उपस्थित रहे।

## कैप्रीज के साथ टॉप में पेप्लम स्टाइल, लूज शर्ट भी होंगे पहली पसंद

# समर फैशन में इस बार लेयरिंग स्टाइल सूट्स

*समर में जहां तपती गर्मी परेशान करती हैं, वहीं फैशन को लेकर लड़कियां भी काफी सोच में रहती हैं कि क्या पहनें और क्या न पहनें। खासकर तेज गर्मी में फैशन ऐसा हो जो आंखों को चुभे भी नहीं, साथ ही स्किन के लिए कम्फर्टेबल हो। इसलिए कहा जाता है कि फैशन भी मौसम के हिसाब से समय-समय पर बदलता है। हरिभूमि ने फैशन डिजाइनर अनुभूति ब्यौहार से जाना कि आखिर इस समर में क्या पहना जाए जो ट्रेंडी होने के साथ ही स्किन के लिए हानिकारक भी न हो।*



मॉडल इशिता त्रिवेदी

### पेस्टल शेड्स के साथ सस्टेनेबल और ऑर्गेनिक कॉटन देंगे गर्मी से निजात

**पीच कलर्स के साथ-साथ पेस्टल शेड्स काफी होंगे ट्रेंडी**



मॉडल मनीषा आनंद



अनुभूति ब्यौहार

*अनुभूति ने बताया कि समर में पीच कलर्स के साथ साथ पेस्टल शेड्स काफी ट्रेंडी रहते है क्योंकि यह आंखों को चुभते भी नहीं है और हल्के कलर होने की वजह से स्किन के लिए हानिकारक भी नहीं होते। इसके साथ ही पीच कलर्स के टॉप या कुर्तों के साथ कैप्रीस केरी की जा सकती हैं। वहीं इस मौसम में डेनिम के साथ डेनिम की स्टाइल भी कॉलेज गोइंग गर्ल्स के लिए खास रहेगी।*

### फैशन डिजाइनर अनुभूति ने बताया समर फैशन में क्या रहेगा खास

*समर पार्टीज में स्कर्ट फॉर्म अनारकली, लेयरिंग सूट्स होंगे ट्रेंडी*
*उन्होंने कहा कि इसके साथ ही समर पार्टीज के लिए अनारकली का स्कर्ट फॉर्म सूट भी काफी ट्रेडिंग है। यह वही ट्रेंड है जिसे हमनें 90 के जमाने में देखा था। इसके साथ ही 'दिल तो पागल है' की माधुरी दीक्षित स्टाइल सूट्स लेयरिंग सूट, जिसमें जार्जेट या शिफान के साथ लेयरड इनर भी दौबारा लौटकर आया है। अनुभूति कहती हैं कि गर्ल्स समर में रंगों में ट्रांसपेरेंसी को ज्यादा पसंद करती हैं, जो देखने में कूल लगे साथ ही ठंडक भी दे। वहीं लेयरिंग स्टाइल सूट्स के साथ जैकेट्स भी कैरी की जा सकती है या फिर श्रृग को टीमअप करके पहना जा सकता है। वहीं वन पीस ड्रेस में भी लेयरिंग का ट्रेंड देखा जाएगा, जिसमें आर्गेनजा सिल्क से बने कपड़े गर्मी के लिए खास रहेंगे।*




मॉडल मनीषा आनंद

**सस्टेनेबल फैब्रिक, ऑर्गेनिक कॉटन गर्मी से देंगे निजात**



मॉडल अनुष्का दुबे

उन्होंने कहा कि इसके साथ ही इंडियन फैशन में सस्टेनेबल फैब्रिक, ऑर्गेनिक कॉटन गर्मी से निजात दिलाने के लिए काफी फायदेमंद है। साथ ही सिंथेटिक में कंफर्टेबल क्लॉथस, लेनिन, शिफॉन और जार्जेट का ट्रेंड भी देखा जा सकता है। वहीं जब बात आर्गेनिक की हो तो बैंबो, केले के छिलके से बने कपड़े के डिजाइनर आउटफिट भी गर्ल्स के साथ साथ ऑफिस गोइंड महिलाओं की खास पसंद है। यह फेब्रिक थोड़े महंगे जरुर हैं लेकिन यह सालों साल खराब नहीं होते। क्योंकि यह क्लॉथ्स पसीने को आब्जर्व करते हैं और कितनी भी धुलाई के बाद इन पर कोई असर नहीं होता।



मॉडल अनुष्का दुबे

**आंखों को सुकून देने वाले प्रिंट जो दें कूलिंग इफेक्ट**

*वहीं प्रिंट की बात करते हुए अनुभूति कहती हैं कि समर में प्रिंट भी छोटे छोटे पसंद किए जाते हैं, जो कूलिंग इफेक्ट दें, साथ ही आंखों को सुकून दें। इसके साथ ही वहीं प्रिंट्स में फ्लोरल के अलावा चेक्स, स्ट्राइप्स, ज्योमैट्रिक प्रिंट्स भी आजमाए जा सकते हैं।*

**टॉप्स में पेप्लम स्टाइल लूज शर्ट भी होंगे खास**

वहीं वेस्टर्न क्लॉथ्स के लिए गर्ल्स के लिए टॉप्स में पेप्लम स्टाइल, लूज शर्ट, का ट्रेंड भी खास रहेगा। साथ ही समर के लिए क्रोशिया टॉप, शीर टॉप जिसके साथ स्पेगेटी कैरी करके पहनी जा सकती है। यह टॉप ट्रांसपेरेंट लुक देने के साथ ट्रेंडिंग भी लगेंगे।



मॉडल अंशिता गुप्ता

आईसेक्ट के चौथे समर्थ भारत कॉन्क्लेव का दूसरा दिन

# कौशल विकास व्यक्ति को रोजगार से स्वरोजगार की ओर ले जाता है





हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

शिक्षा के तीन आयाम ज्ञान, चरित्र और कौशल हैं। इन्हीं को ध्यान में रख राष्ट्रीय शिक्षा नीति को तैयार किया गया है। इसमें कौशल विकास जो कि आज के समय का सबसे अनिवार्य विषय है, इस पर छात्रों को साथ लेकर ज्यादा से ज्यादा काम राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर किया जा रहा है। क्योंकि छात्रों में स्किल का जितना ज्यादा से ज्यादा विकास होगा, उतना ही वह रोजगार से स्वरोजगार की ओर आगे बढ़ सकेगा। ये बात कही शिक्षा एवं संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव और शिक्षाविद् अतुल कोठारी ने। वे मंगलवार को आईसेक्ट द्वारा आयोजित चौथे समर्थ भारत कॉन्क्लेव के दूसरे दिन के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि एवं वक्ता उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने अपने वक्तव्य में विकसित भारत के निर्माण में कौशल विकास और सामाजिक उद्यमिता विषय पर अपने विचार रखे।



**इनकी रही उपस्थिति**

कार्यक्रम में इस दौरान अन्य अतिथियों में आईसेक्ट के चेयरमैन संतोष चौबे, आईसेक्ट के कार्यकारी उपाध्यक्ष डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी एवं डॉ. पल्लवी राव चतुर्वेदी, माइक्रोसॉफ्ट में सीएसआर हेड किशोर थंगावेलू, सत्व कंसल्टिंग में मैनेजर डॉ. श्वेता गौड़ और आईसेक्ट ग्रुप ऑफ यूनिवर्सिटीज की निदेशक डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स उपस्थित रहे।

**शिक्षा के स्तर पर किए जा रहे हैं महिलाओं को सशक्त बनाने के प्रयास**

राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी ने कहा कि हमारे देश में अब महिलाओं को फिजीकली और मेंटली रूप से सशक्त बनाने के प्रयास शिक्षा के स्तर पर किए जा रहे हैं क्योंकि महिलाएं जितनी ज्यादा मजबूत होंगी देश भी उतना ही मजबूत होगा। समारोह में माइक्रोसॉफ्ट में सीएसआर हेड किशोर थंगावेलू ने माइक्रोसॉफ्ट राइज प्रोजेक्ट की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि इसके अंतर्गत बच्चों को टेक्नोलॉजी से रूबरू कराने, प्रशिक्षण देने और महिलाओं को टेक्नोलॉजी से जोड़न का काम किया जा रहा है।

पत्रकारिता विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस पर विशेष व्याख्यान सम्पन्न

# जनसंपर्क मेरे बेहद करीब, इसके बिना पत्रकारिता नहीं हो सकती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के अवसर पर गवर्नमेंट पीआर इन डिजिटल एज विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। विज्ञापन एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा लता मंगेशकर सभागार में आयोजित व्याख्यान की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ के.जी. सुरेश ने की। मुख्य वक्ता के रूप में पीआईबी के अपर महानिदेशक प्रशांत पाथरबे ने अपने विचार व्यक्त किए।

**आने वाले दिनों में एआई के कारण सब कुछ बदल जाएगा**

कुलपति प्रो. सुरेश ने कहा कि पीआर मेरे हृदय के बहुत करीब है। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क के बिना पत्रकारिता नहीं हो सकती। प्रो. सुरेश ने कहा कि पिछले कुछ सालं से पीआर में बहुत बदलाव आया है। शहरी स्तर ही नहीं ग्रामीण स्तर में भी काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। पीआईबी के अपर महानिदेशक एवं मुख्य वक्ता प्रशांत पाथरबे ने पीआर के लिए विश्वसनीयता और ऑनेस्टी को जरूरी गुण बताया। उन्होंने कहा कि जो भी संस्थान है, उसमें यदि कुछ भी समस्या आती है तो उस समस्या को कैसे हैंडल करें यह काम पीआर के जरिए करना होता है। उन्होंने एआई के कारण आने वाले दिनों में सब कुछ बदल जाने की भी बात कही।

मानव संग्रहालय में निबंध लेखन प्रतियोगिता

# स्वच्छता व्यक्ति की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है...



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन दीपक चौधरी द्वारा किया।

प्रतियोगिता में संग्रहालय के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों ने हिस्सा लेकर स्वचछता एवं स्वास्थ्य का महत्व विषय पर निबंध लिखकर अपने रचनात्मक गुणों का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रो. अमिताभ पांडे ने कहा कि व्यक्तिगत स्वच्छता व्यक्ति के विकास में मदद करती है। उन्हें स्वस्थ रहने प्रेरित करती है और सामाजिक एवं व्यक्तिगत स्तर पर उच्चतम स्तर के चरित्र और गुणों का निर्माण करती है। यह व्यक्ति की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

मध्य प्रदेश भोज मुक्त विवि में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम

# पर्यावरण की सबसे बड़ी समस्या है प्लास्टिक: ठक्कर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मंगलवार को मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता लोकेंद्र ठक्कर, समन्वयक जलवायु परिवर्तन राज्यज्ञान प्रबंधन केंद्र, पर्यावरण विभाग, मध्य प्रदेश शासन उपस्थित रहे।

अध्यक्षता भोज विवि के कुलपति प्रो. संजय तिवारीने की। कार्यक्रम संयोजक के रूप में विवि के कुलसचिव डॉ. सुशील मंडेरिया उपस्थित थे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है, पृथ्वी पर बढ़ रहे जलवायु प्रदूषण को रोकना। पॉलिथीन हो या प्लास्टिक से जुड़ी कोई अन्य वस्तु हमारा प्रयास होना चाहिए कि अगर हम समाज से, पर्यावरण से इसके इस्तेमाल को रोक न पाएं तो कम से कम अपने हाथों इसका इस्तेमाल दिन प्रति दिन कम करते जाएं। इसी सन्दर्भ में आज की चर्चा का विषय रहा, प्लेनेट एंड प्लास्टिक। कुलसचिव डॉ. सुशील मंडेरिया ने कहा



कि प्रकृति जो हमें मिली थी, वह नियोजित थी। किंतु हमने इसे काफी नुकसान पहुंचाया है। किसान धरती मां का सच्चा सेवक है। शहरीकरण के कारण धरती को लगातार नुकसान पहुंच रहा है। खेती योग्य भूमि सिकुड़ती जा रही है। हरियाली कम होने से धरती का तापमान बढ़ रहा है। हमारे ग्लेशियर पिघल रहे हैं और मरुस्थलीकरण लगातार बढ़ रहा है। भूजल का अधिक दोहन किया जा रहा है। इससे मृदा में नमी की कमी होने से सूक्ष्मजीव नष्ट हो रहे हैं। जिससे हमारे कृषि को नुकसान पहुंच रहा है।

**बहुत सारे पौधे, जीव जंतु गायब हो गए**

मुख्य वक्ता लोकेंद्र ठक्कर ने कहा कि पृथ्वी को बचाने का कार्य हमारा है और यह जिम्मेदारी प्राकृतिक रूप से महिलाओं को अधिक दी गई है। हम जानते हैं कि हमारे आसपास से बहुत सारे पौधे, जीव, जंतु, पशु, पक्षी गायब हो गए हैं। उन्होंने विलुप्त प्रजातियों के विषय पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी प्रजाति का विलुप्त हो जाना परमाणु युद्ध के बराबर का संकट है। संचालन मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय की वरिष्ठ सलाहकार डॉ.साधना सिंह बिसेन ने किया तथा आईटी विभाग के निदेशक प्रो सुशील कुमार दुबे ने आभार प्रदर्शन किया।

*मतदान के लिए स्वीप ऑइकॉन घारू ने किया लोगों को जागरुक*

# वोट देकर गर्व से कहिए, इट इज माई मार्क: सारिका



**भोपाल।** आगामी चुनावों में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीप आईकॉन सारिका घारू ने मतदाताओं से अपील की कि आपकी उंगली में ये हिम्मत है कि वो आने वाले पांच सालों के लिये देश की सरकार बना सकती है। सारिका ने बताया कि वे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन एवं जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियां कर रही हैं। वोट देकर आप गर्व से कहिये इट इज माई मार्क ये मेरा निशान ।






## बजरंग बली की जय, 'मंगलसूत्र' और 'हनुमान चालीसा' के बहाने कांग्रेस पर बरसे पीएम मोदी

# कांग्रेस की बड़ी साजिश सामने आई... जिसके पास दो घर, उससे एक छीन लेगी कांग्रेस, इनके राज में हनुमान चालीसा पढ़ना व सुनना भी गुनाह

एजेंसी ▶▶ टोंक

पीएम नरेंद्र मोदी टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा सीट पर चुनाव प्रचार के दौरान फिर कांग्रेस के खिलाफ बरसे। हनुमान जयंती पर उन्होंने भाषण की शुरुआत ही बजरंग बली की जय के साथ की। फिर कर्नाटक का एक किस्सा भी सुनाया। आरोप लगाया कि कांग्रेस की सरकार में हनुमान चालीसा सुन रहे व्यापारी को पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया गया। इनके राज में तो हनुमान चालीसा सुनना भी गुनाह हो गया है।

उन्होंने मुस्लिमों को अधिकार देने की बात की। पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के बयान को लेकर घेरा। फिर इंडिया गठबंधन को भी नहीं बख्शा। उन्होंने कहा कि मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे गदा देकर बजरंग बली की जय करने का अवसर दे दिया। यह शूरवीरों की धरती है। यहां समय में थोड़ा परिवर्तन करना पड़ा। मुझे लगता है कि मेरी सभा के बाद भी यहां लोग आते रहेंगे। मैं इनमें उत्साह देख रहा हूं। उसमें एक मजबूत भारत के लिए आशीर्वाद है।

*आरोप लगाया कि कांग्रेस की सरकार में हनुमान चालीसा सुन रहे व्यापारी को पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया गया। इनके राज में तो हनुमान चालीसा सुनना भी गुनाह हो गया है।*

*उन्होंने मुस्लिमों को अधिकार देने की बात की। पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के बयान को लेकर घेरा। फिर इंडिया गठबंधन को भी नहीं बख्शा। उन्होंने कहा कि मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे गदा देकर बजरंग बली की जय करने का अवसर दे दिया।*

### टोंक की रैली में पीएम मोदी का बड़ा हमला

### राम का अपमान, जनता को बरगला रही कांग्रेस

**धमतरी।** जांजगीर-चांपा लोकसभा अंतर्गत सक्ती के जेठा कॉलेज ग्राउंड में भाजपा के विजय शंखनाद महारैली 3 बजे उन्होंने भाषण शुरू किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ी में सभी लोगों का अभिवादन कर जय जोहार से की। पीएम ने कांग्रेसियों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करते आई है। 20 सालों से वे जनता को बरगला रहे हैं। कांग्रेसी उन पर तंज करते थे, मंदिर वहीं बनाएंगे तारीख नहीं बताएंगे, ऐसा नारा था, लेकिन जनता ने जब भाजपा की सरकार बनाई तो सभी वायदे पूरे किए गए। प्राण प्रतिष्ठा भी हुई। कांग्रेसियों ने प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण ठुकरा कर राम का अपमान किया है।

### धार्मिक आधार पर आरक्षण का मुद्दा उठाया

पीएम मोदी बोले कि देश में धार्मिक आधार पर आरक्षण का घोर विरोध हुआ था। मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। 2004 में जैसे ही केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी, उसमें सबसे पहला काम आंध्र में एससी-एसटी रिजर्वेशन में कमी कर मुसलमानों को आरक्षण देने का प्रयास किया गया। 2004 से 2010 के बीच कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में चार बार मुस्लिम रिजर्वेशन लागू करने की कोशिश की।



### हनुमान चालीसा सुनने पर दुकानदार को पीटा गया

पीएम मोदी ने कहा कि जब-जब हम बंटे हैं तब-तब देश के दुश्मनों ने फायदा उठाया है। पीएम मोदी ने कहा कि आज हनुमान जयंती पर आपसे बात करते हुए मुझे कुछ दिन पहले की एक तस्वीर भी याद आ रही है। कुछ दिन पहले कांग्रेस के शासन वाले कर्नाटक में एक दुकानदार को केवल इसलिए बुरी तरह से पीटा गया, क्योंकि वो अपनी दुकान में बैठे-बैठे हनुमान चालीसा सुन रहा था। कांग्रेस के राज में हनुमान चालीसा सुनना और अपनी आस्था का पालन करना भी मुश्किल हो जाता है।

### कांग्रेस ने तुष्टिकरण के लिए कई जगहों पर दंगे करवाए

पीएम ने कहा कि राजस्थान में अब भाजपा सरकार आने के बाद किसी की हिम्मत नहीं है कि आपकी आस्था पर सवाल उठा दे। अब आप चैन से हनुमान चालीसा भी गाएंगे और रामनवमी भी मनाएंगे। ये भाजपा की गारंटी है। कांग्रेस ने तो राम-राम सा कहने वाले रामनवमी पर प्रतिबंध लगा दिया था। कांग्रेस ने शोभायात्रा पर पत्थरबाजी करने वालों को संरक्षण दिया था। मालपुरा, करौली, टोंक और जोधपुर को दंगों की आग में झोंक दिया था।

### अब आपकी संपत्ति पर कांग्रेस की टेढ़ी नजर

उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि सत्ता में आने पर कांग्रेस आपके घर का सर्वे कराएगी। जिसके पास एक से अधिक घर होगा, उसका छीन लेगी। मैंने राजस्थान में देश के सामने सत्य रखा था कि कांग्रेस आपकी संपत्ति छीनकर अपने खास लोगों को बांटने की गहरी साजिश रचकर बैठी है। मैंने कांग्रेस की वोटबैंक और तुष्टिकरण की राजनीति का पर्दाफाश किया था। आखिर वो सच्चाई से इतना डरते क्यों हैं?

#### गृहमंत्री शाह की कांग्रेस को दो टूक

### सीएए किसी की नागरिकता नहीं छीनेगा, गुमराह न करें

कांग्रेस नेता पी चिदंबरम के बयान पर भाजपा नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा अपने सिद्धांतों पर अटल है। हम किसी के साथ अन्याय नहीं करेंगे, लेकिन हम तुष्टीकरण भी नहीं करेंगे। कांग्रेस को सीएए से क्या आपत्ति है? सीएए किसी की नागरिकता नहीं छीनेगा, वे लोगों को गुमराह कर रहे हैं। वे तुष्टिकरण की राजनीति करके चुनाव जीतना चाहते हैं। उजनता कांग्रेस पार्टी को अच्छे से समझ चुकी है। जहां तक तीन कानूनों (आपराधिक कानून) का सवाल है, तो चिदंबरम खुद समिति का हिस्सा थे। उन्होंने कई बार इस पर सकारात्मक सुझाव दिए और उनकी सराहना भी की।



### भाजपा टीएमसी के गुंडों को उल्टा लटका देगी

शाह ने कथित अनियमितताओं के कारण सरकारी स्कूल कर्मचारियों की लगभग 25,000 नियुक्तियों को रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश का भी जिक्र किया। संदेशखाली में मां पर अत्याचार किया गया। भाजपा सरकार टीएमसी के गुंडो को उल्टा लटका देगी।

#### छत्तीसगढ़ में नड्डा का कांग्रेस पर वार

### कांग्रेस सदा-सदा राम और सनातन विरोधी, राम को काल्पनिक बताया

छत्तीसगढ़ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस और इंडी अलायंस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने इंडी अलायंस को घमंडिया और भ्रष्टाचारी बताया। ये अलायंस या तो जेल में हैं या फिर बेल पर है। कांग्रेस सदा-सदा राम और सनातन विरोधी रही है। यूपीए सरकार में कोर्ट में एफिडेविट दिया था कि राम काल्पनिक है। राम का कोई ऐतिहासिक वजूद नहीं है। सीएम स्टालिन सनातन धर्म को डेंगू कहता है, एड्स कहता है और कांग्रेस पार्टी बिल्कुल चुप रहती है।



#### झारखंड में गरजे गृहमंत्री राजनाथ

### समाज को बांटने के लिए राजनीति कर रही कांग्रेस

**खूंटी।** भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने नामांकन दाखिल किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि पीएम मोदी की वजह से वहां पर फंसे 22,500 भारतीयों को बचा लिया गया। सिंह ने कांग्रेस पर धर्म की राजनीति करने गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देश में हिंदु-मुसलमानों को विभाजित करने की राजनीति कर रहे हैं। कांग्रेस जनता के हित के विरुद्ध है। कांग्रेस ने देश के धर्मनिरपेक्षता के ताने बाने को खत्म कर दिया है। लोगों को धर्म या जाति के आधार पर बांट रही है।



#### भाजपा ने जारी की 14वीं लिस्ट

### लद्दाख से नामग्याल को नहीं मिला टिकट

**नई दिल्ली।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की 14वीं लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में पार्टी ने केवल केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख की सीट से उम्मीदवार का ऐलान किया है। पार्टी ने लद्दाख से वर्तमान सांसद जामयांग सेरिंग नामग्याल का टिकट काट दिया है और ताशी ग्यालसन को नया उम्मीदवार घोषित किया है।



#### पार्टी से बगावत

### भाजपा ने ईश्वरप्पा को किया बाहर

**बेंगलुरु।** भाजपा ने बागी नेता केएस ईश्वरप्पा पर कार्रवाई करते हुए उन्हें छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पार्टी की ओर से की गई कार्रवाई पर अब बागी नेता केएस ईश्वरप्पा ने चुप्पी तोड़ी है। ईश्वरप्पा ने कहा कि वह कांग्रेस में शामिल नहीं होंगे। चुनाव के बाद फिर से भाजपा में शामिल होऊंगा।



#### पीएम मोदी की स्पीच पर

### कांग्रेस ने चुनाव आयोग को दी शिकायत

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी के डूंगरपुर-बांसवाड़ा लोकसभा दौरे के दौरान की गई टिप्पणी पर कांग्रेस ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। पीएम ने कांग्रेस मेनिफेस्टो का जिक्र करते हुए राजस्थान में कहा था कि कांग्रेस अगर सत्ता में आई तो वह देश के लोगों की संपत्ति को 'ज्यादा बच्चों वालों और घुसपैठियों' को बांट देगी। पीएम ने कहा था, पहले जब कांग्रेस सरकार थी तब उन्होंने कहा था कि देश की संपत्ति पर पहला हक मुसलमानों का है।



#### ज्यादा बच्चों वाले बयान पर

### अकबरुद्दीन ने उठाया सवाल

**हैदराबाद।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन नेता अकबरुद्दीन ओवैसी ने हैदराबाद में सार्वजनिक सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ और दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी के परिवार पर सवाल उठा दिया। पीएम मोदी के बयान को लेकर उन्होंने कहा, क्या हम घुसपैठिए और कई बच्चों वाले लोग हैं?



## खबर संक्षेप

### केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत सात मई तक के लिए बढ़ गई है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने शराब घोटाला से संबंधित ईडी मामले में केजरीवाल और बीआरएस नेता के कविता और चनप्रीत सिंह की न्यायिक हिरासत सात मई तक बढ़ा दी है। विदित हो केजरीवाल को 21 मार्च की रात को गिरफ्तार किया गया था।



### कन्नौज में बस की ट्रक से टक्कर, 4 की मौत

**कन्नौज।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर डिवाइडर तोड़कर बस दूसरी तरफ से जा रहे ट्रक में जा घुसी। 4 की मौत हो गई। हादसे में बस में सवार 40 लोग समेत ट्रक चालक व परिचालक घायल हो गए। गोरखपुर से दिल्ली जाते समय ठठिया के 208 किमी प्वाइंट पर पिपरौली गांव के पास बस हादसे की शिकार हो गई। चालक को नींद आने से बस ट्रक में टकरा गई।



### मुंबई एयरपोर्ट पर पकड़ा 6.46 करोड़ का माल

**मुंबई।** कस्टम डिपार्टमेंट ने मुंबई हवाई अड्डे पर नूडल्स के पैकेट में छिपाए गए हीरे और अंडरगारमेंट्स में छिपाकर लाया गया सोना जब्त किया है। इसकी कीमत 6.46 करोड़ बताई जा रही है। कस्टम डिपार्टमेंट ने बताया कि सप्ताहांत में 4.44 करोड़ मूल्य का 6.8 किलो से अधिक सोना और 2.02 करोड़ के हीरे जब्त करने के बाद चार यात्रियों को गिरफ्तार किया गया है।



## रामनवमी हिंसा पर कलकत्ता हाईकोर्ट ने राज्य सरकार पर की सख्त टिप्पणी

*मुर्शिदाबाद में हिंसा पर ममता सरकार को फटकार*


# 8 घंटे शांति से त्योहार नहीं मना सकते वहां पर मतदान की कोई जरूरत नहीं

*उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से हलफनामे के रूप में रिपोर्ट दाखिल करने को कहा*

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

रामनवमी के दिन मुर्शिदाबाद जिले में हुई हिंसा को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से हलफनामे के रूप में रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। अदालत ने चुनाव आयोग से मौजूदा स्थिति को देखते हुए बहरमपुर निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव स्थगित करने को भी कहा है।

इस मामले की एनआईए जांच की मांग करते हुए याचिका दायर की गई थी। अगली सुनवाई 26 अप्रैल को होगी। बहरमपुर में रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान दंगे को लेकर कोर्ट ने कहा, 13 मई को होने वाला चुनाव देरी करने के लिए कहूंगा। यह टिप्पणी कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम ने की है। जहां लोग 8 घंटे शांति से त्योहार नहीं मना सकते, वहां इस समय मतदान की कोई जरूरत नहीं है।



### एनआईए जांच की अनुमति मांगी थी

*वादी पक्ष ने मांग की कि एनआईए को घटना की जांच करने की अनुमति दी जानी चाहिए। मंगलवार को चीफ जस्टिस की खंडपीठ में मामले पर सुनवाई हुई। उस सुनवाई में याचिकाकर्ता के वकील ने मुख्य न्यायाधीश के सामने रामनवमी दंगों को लेकर चिंता जताई। न केवल बहरामपुर, बल्कि रामनवमी के दिन राज्य में हुई सभी अशांति की घटनाओं की सूचना वादी की ओर से अदालत को दी गई।*

### जुलूस पर फेंके गए थे बम और ईंटें

रेजीनगर इलाके में रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान हिंसा हुई थी। कथित तौर पर जब जुलूस रेजीनगर के शांतिपुर इलाके से गुजर रहा था तो कुछ लोगों ने घर की छत से ईंटें और बम फेंके। इस घटना में कई लोगों के घायल हो गए। रामनवमी की घटना को लेकर पूरे इलाके में तनाव फैल गया था। स्थिति को संभालने के लिए प्रशासन को रैफ उतारना पड़ा था।

#### उधर, दिल्ली दंगों पर हाईकोर्ट ने की कड़ी टिप्पणी

### धर्मनिरपेक्षता की आड़ में शहर को आग लगाने की रची गई थी साजिश



**नई दिल्ली।** 2020 में देश की राजधानी में नागरिक संशोधन अधिनियम के विरोध में हुए दंगों के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने कड़ी टिप्पणी की। एक शख्स की याचिका को खारिज करते हुए जस्टिस सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की बेंच ने कहा कि आरोपियों द्वारा विरोध स्थलों को धर्मनिरपेक्ष रंग देने के लिए हिंदू नाम दिया गया था। साजिशकर्ताओं का उद्देश्य विरोध प्रदर्शन को 'चक्काजाम' तक बढ़ाना, भीड़ को हिंसा में शामिल करना था।

#### भीड़ को पुलिस के खिलाफ भड़काया

बेंच ने कहा कि साजिशकर्ताओं का उद्देश्य विरोध प्रदर्शन को चक्का जाम तक बढ़ाना था। बड़ी संख्या में भीड़ जुटने के बाद लोगों को पुलिस और अन्य लोगों के खिलाफ भड़काना था। आरोपी पर सही मामला बनता है। यूएपीए के तहत जमानत पर रोक लगा दी जाती है।

## डीपफेक कंटेंट पर रेलमंत्री वैष्णव बोले

# एआई को लेकर मजबूत ढांचा तैयार, यह जल्द सामने होगा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एआई आधारित सामग्री भारत सहित वैश्विक चुनावों के दौरान एक प्रमुख चिंता बन गई है। रेलवे और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि एआई पर एक मजबूत ढांचा तैयार किया जा रहा है, जो इससे निपट सके। नई सरकार बनते ही इसके दुरुपयोग को रोकने के लिए रूपरेखा पर सार्वजनिक विचार-विमर्श शुरू हो जाएगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एआई के दुरुपयोग और इसे कैसे रोका जाए, आईटी उद्योग के साथ सार्थक बातचीत हुई है। हमें इसके दुरुपयोग को भी रोकना होगा। नई तकनीक से जुड़े डीपफेक और उपयोगकर्ता के नुकसान में वृद्धि पर चिंताओं के बीच सरकार ने एआई के लिए एक मसौदा तैयार करने पर काम किया।

### संभावित जोखिमों और नुकसानों का समाधान करेंगे

इसका उद्देश्य आर्थिक विकास के लिए एआई का उपयोग करना और इससे संभावित जोखिमों और नुकसानों का समाधान करना है। भारत में इंटरनेट प्लेटफ़ॉर्म और सोशल मीडिया बिचौलियों का यह सुनिश्चित करने का कानूनी दायित्व है कि उनके संबंधित प्लेटफ़ॉर्म पर किसी भी गलत सूचना या डीपफेक को जगह न मिले। सरकार नियमित रूप से और आईटी मंत्रालय द्वारा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करेगी।

### डिजिटल प्लेटफॉर्म को पूरी जवाबदेही लेनी होगी

आईटी मंत्रालय की ई-सलाह विशेष रूप से एआई से संबंधित है, जिसमें कहा गया है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म को पूरी जवाबदेही लेनी होगी और यह कहकर बच नहीं सकते कि ये एआई मॉडल अंडर-टेस्टिंग फेस में है। वैष्णव ने कहा कि हमने एक मजबूत ढांचा बनाया है और जल्द ही इसे सार्वजनिक करेंगे। पीएम मोदी ने माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स के साथ बातचीत में भी इसका संकेत दिया है।

## दिल्ली जल बोर्ड में घोटाला

# फिर मुश्किल में फंसी 'आप' केस की जांच करेगी एसीबी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व सलाहकार अंकित श्रीवास्तव के खिलाफ सतर्कता विभाग (एसीबी) ने एंटी करप्शन ब्यूरो को मामला भेजा है। इसमें कहा गया है कि एसीबी मामले की जांच करें।

सतर्कता विभाग के विशेष सचिव वाईवीवीजे राज शेखर ने एसीबी के संयुक्त आयुक्त को लिखे पत्र में कहा है कि अंकित श्रीवास्तव मौजूदा समय में भी दिल्ली जल बोर्ड के आधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप के सदस्य बने हुए हैं। वह ग्रुप में बोर्ड के अधिकारियों को आदेश व निर्देश दे रहे हैं, जबकि उन्हें सलाहकार के पद से हटा दिया गया है।



### 9 साल में 28,400 करोड़ का हिसाब नहीं

इससे पहले 9 अप्रैल को प्रदेश भाजपा ने दावा किया था कि दिल्ली सरकार के वित्त विभाग ने सर्वोच्च न्यायालय को जानकारी दी है कि जल बोर्ड के पास बीते नौ साल में 28,400 करोड़ रुपए का कोई हिसाब नहीं है। इसे बड़ा घोटाला करार देते हुए भाजपा ने इस पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की है। भाजपा विधायकों ने एक मंच से दिल्ली सरकार को घेरा था।

## आईआरसीटीसी के लखनऊ के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक सिन्हा ने बताया शेड्यूल

## ऋषिकेश रेलवे स्टेशन से 7 ज्योतिर्लिंग यात्रा 22 मई से

# नाश्ता व शाकाहारी भोजन मिलेगा, एसी में करें सफर

एजेंसी ▶▶ ऋषिकेश

उत्तराखंड के योग नगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन से आगामी 22 मई को सात ज्योतिर्लिंग यात्रा ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। यह ट्रेन 11 रात और 12 दिन का सफर तय कर दो जून को वापस योग नगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन पहुंचेगी।

आईआरसीटीसी ने इस विशेष ट्रेन में विशेष पैकेज की व्यवस्था की है। आईआरसीटीसी के लखनऊ के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि इस ट्रेन में योग नगरी ऋषिकेश, हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ, कानपुर, उरई वीरांगना लक्ष्मीबाई ललितपुर से यात्री बैठकर और उतर सकेंगे।

**यह ट्रेन 11 रात और 12 दिन का सफर तय कर दो जून को वापस आएगी**



### ट्रेन में 767 बर्थ, स्लीपर का किराया 22 हजार

ओंकारेश्वर, महाकालेश्वर, सोमनाथ, भेंट द्वारका, द्वारकाधीश मंदिर, नागेश्वर, त्रयंबकेश्वर, घृष्णेश्वर और भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कराए जाएंगे। इसमें 767 बर्थ हैं। प्रथम श्रेणी के 49 एसी सीटें, तृतीय श्रेणी की 70 एसी सीटें एवं स्लीपर की 648 सीटें हैं। यात्रियों को नाश्ता, दोपहर और रात का शाकाहारी भोजन परोसा जाएगा। स्लीपर से यात्रा पर 22 हजार, एसी में क्रमशः 36 हजार व 48 हजार रुपए लगेंगे।

### पहले आओ पहले पाओ के आधार पर होगी बुकिंग

पैकेज के तहत एसी और नॉन एसी बसों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर भ्रमण कराया जाएगा। पैकेज में इकोनॉमी, स्टैंडर्ड, कंफर्ट क्लास की व्यवस्था होगी। इसमें ईएमआई की सुविधा भी है। इस पैकेज की बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की जाएगी।

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग

# उच्च शिक्षा में जी 20 देशों में भारत का शीर्ष प्रदर्शन, पीएम ने कहा नवाचार पर दे रहे ध्यान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग जारी कर दी गई है। इस बार रैंकिंग में भारत ने शानदार प्रदर्शन किया है। क्यूएस यूनिवर्सिटी रैंकिंग के अध्यक्ष नुंजियो क्वाक्वेरेली ने इस साल क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग प्रदर्शन में सभी जी 20 देशों का नेतृत्व करने के लिए भारत की सराहना की है। एक लिंक्डइन पोस्ट में, क्वाक्वेरेली ने भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली से संबंधित विषय के आधार पर नवीनतम क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के कुछ परिणाम साझा किए। क्वाक्वेरेली ने कहा है कि इस साल, भारतीय विश्वविद्यालयों ने सभी जी20 देशों के बीच प्रदर्शन में सबसे अधिक सुधार किया- उनकी औसत रैंकिंग में 14 प्रतिशत (साल-दर-साल) का महत्वपूर्ण सुधार हुआ।

## खास बातें

- मोदी सरकार अनुसंधान, शिक्षण और नवाचार पर ध्यान केंद्रित कर रही
- भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा अनुसंधान करने वाला देश
- अनुसंधान में प्रभावशाली तरीके से 54% की हुई वृद्धि

*क्यूएस विषय रैंकिंग प्रदर्शन में सभी जी20 देशों का नेतृत्व करने के लिए भारत की सराहना की है। इस साल, भारतीय विश्वविद्यालयों ने सभी जी20 देशों के बीच प्रदर्शन में सबसे अधिक सुधार किया- उनकी औसत रैंकिंग में 14 प्रतिशत (साल-दर-साल) का महत्वपूर्ण सुधार हुआ।*



फाइल फोटो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ क्यूएस क्वाक्वेरेली साइमंड्स के अध्यक्ष नुंजियो क्वाक्वेरेली चर्चा करते हुए।

### शिक्षा पर सरकार का ध्यान भविष्य में और अधिक होगा

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में जी20 देशों के मुकाबले भारत के अग्रणी प्रदर्शन की सराहना करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यह देखना उत्साहजनक है। इससे पहले क्यूएस यूनिवर्सिटी रैंकिंग के अध्यक्ष नुंजियो क्वाक्वेरेली ने भी भारत की प्रशंसा की। पीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि यह देखना उत्साहजनक है। हमारी सरकार बड़े पैमाने पर अनुसंधान, शिक्षण और नवाचार पर ध्यान केंद्रित कर रही है। आने वाले समय में यह जोर और भी गहरा होगा।

### भारत तेजी से विस्तार कर रहा

एक लिंक्डइन पोस्ट में क्यूएस क्वाक्वेरेली साइमंड्स के अध्यक्ष नुंजियो क्वाक्वेरेली ने कहा कि अनुसंधान आउटपुट के मामले में भारत दुनिया के सबसे तेजी से विस्तार करने वाले अनुसंधान केंद्रों में से एक बन गया है। 2017 से 2022 तक इसके अनुसंधान उत्पादन में प्रभावशाली 54% की वृद्धि हुई, जिससे यह दुनिया का चौथा सबसे बड़ा अनुसंधान उत्पादक बन गया।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का कमाल

क्वाक्वेरेली ने पीएम नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि वैश्विक मंच पर भारत की प्रगति को निस्संदेह पीएम मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 जैसी दूरदर्शी नीतियों से मदद मिली है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी से बेहतरीन बातचीत के दौरान, यह स्पष्ट हो गया था कि पीएम मोदी के मन में भारतीय शिक्षा में क्रांति लाने की प्रतिबद्धता है, जो एनईपी के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों में परिलक्षित होती है।

### भारत में जेएनयू पहले स्थान पर

इस महीने की शुरुआत में क्यूएस द्वारा घोषित प्रतिष्ठित रैंकिंग में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) भारत में सर्वोच्च रैंक वाला विश्वविद्यालय था। विकास अध्ययन के लिए विश्वविद्यालय को विश्व स्तर पर 20वें स्थान पर रखा गया था। आईआईएम-अहमदाबाद व्यवसाय और प्रबंधन अध्ययन के लिए विश्व स्तर पर शीर्ष 25 संस्थानों में शामिल है, जबकि आईआईएम-बैंगलोर और आईआईएम-कलकत्ता शीर्ष 50 में शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### पंजाब में आतंकी मॉड्यूल का सदस्य गिरफ्तार



**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने एक आतंकी मॉड्यूल के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है, जो कथित तौर पर पाकिस्तान में बैठे आका के निर्देश पर काम को अंजाम दे रहा था। उसके पास से चीन की पिस्तौल और कारतूस मिले हैं। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने कहा कि शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपी को जम्मू-कश्मीर में भय और अशांति पैदा करने के लिए लक्षित हत्याएं करने का काम सौंपा गया था।

### इंग्लिश चैनल पार करते समय 5 लोगों की मौत



**पेरिस।** उत्तरी फ्रांस के तट से ब्रिटेन जाने के लिए इंग्लिश चैनल को पार करने की कोशिश के दौरान कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। स्थानीय फ्रांसीसी मीडिया ने यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, दुर्घटना सोमवार रात को हुई, जब प्रवासी नौकाएं इंग्लिश चैनल को पार करने का प्रयास कर रही थी। इस घटना में एक बच्चे सहित करीब पांच लोगों की मौत हो गई। 2023 में लगभग 36 हजार लोगों ने छोटी नावों में खतरनाक सीमा पार की।

### 20 साल की उम्र में दिव्यांशु लेफ्टिनेंट बने



**बाराबंकी।** सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा में बाराबंकी शहर के लखपेड़ाबाग निवासी दिव्यांशु मिश्रा (20) ने सफलता अर्जित की है। दिव्यांशु ने पहली ही बार में 109वीं रैंक लाकर लेफ्टिनेंट बने है। जब वह अपने स्कूल श्रीं साई इंटर कॉलेज पहुंचे तो छात्रों ने जोरदार स्वागत किया। शिक्षकों ने उसे गले लगा लिया क्योंकि यहीं उसकी बहन शिक्षिका भी है। इंटरमीडियट तक की शिक्षा शहर के बड़ेल स्थित श्री साई इंटर कॉलेज में ग्रहण की।

### हिंसक झड़प में मारे गए 12 संदिग्ध विद्रोही



**मनीला।** दक्षिण फिलीपींस में सेना को बड़ी कामयाबी मिली है। यहां हुई एक हिंसक झड़प में सैनिकों ने एक छोटे मुस्लिम विद्रोही समूह के कमांडर और उसके 11 सदस्यों को मार गिराया है। ब्रिगेडियर जनरल जोस व्लादिमीर कगारा ने बताया कि मागुइंदानाओ डेल सुर प्रांत के दातु सऊदी अम्पातुआन शहर के एक अंदरूनी इलाके में 'बंगसामोरो इस्लामिक फ्रीडम फाइटर्स' के संदिग्ध सदस्यों के साथ झड़प में सात सैनिक भी घायल हुए हैं।

कश्मीर में हत्याओं को अंजाम दे रहा पाक

# राजौरी टारगेट किलिंग के पीछे दो आतंकी, गोली मारकर हत्या



एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में सोमवार रात को आतंकवादियों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना तब घटी जब मृतक अब्दुल रज्जाक थानामंडी पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत अपने गांव कुंडा टॉप में घर के पास एक मस्जिद से बाहर आया था। इस टारगेट किलिंग के पीछे दो पाकिस्तानी आतंकवादियों का हाथ है। आतंकवादियों ने करीब से गोली चलाई। पुलिस ने कहा कि आतंकवाद विरोधी कानूनों के तहत मामला दर्ज किया गया है। समाज कल्याण विभाग के कर्मचारी मोहम्मद रजाक को उनके घर के बाहर गोली मार दी गई।

### एम4 राइफल और पिस्तौल बरामद

पुलिस के मुताबिक, आतंकियों ने हमले में अमेरिका में बनी एम4 राइफल और पिस्तौल का इस्तेमाल किया। एम4 राइफल की कई गोलियां बरामद की हैं। हमलावरों को पकड़ने के लिए सेना और पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया गया है। पूरे जिले में सुरक्षाबलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

### पिता की भी आतंकियों ने हत्या की थी

टारगेट किलिंग में मारे गए 40 साल के रज्जाक सोशल वेलफेयर डिपार्टमेंट में काम करते थे। उनके भाई सेना में जवान हैं। बता दें कि 20 साल पहले, रजाक के पिता की भी उसी क्षेत्र में आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी। यह हमला शोपियां जिले के अनंतनाग और हरपोरा इलाके में दो गैर-स्थानीय लोगों को निशाना बनाए जाने के बाद हुआ है। अनंतनाग में एक टारगेट किलिंग में आतंकवादियों ने बिहार के एक प्रवासी श्रमिक की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

रॉयल मलेशियाई नेवी के सालाना कार्यक्रम की रिहर्सल के दौरान दर्दनाक हादसा

# हवा में टकराए नेवी के दो हेलीकॉप्टर, हादसे में दस की मौत... जांच आयोग किया गठित

एजेंसी ▶▶ कुआलालंपुर

मलेशिया की रॉयल मलेशियाई नेवी के सालाना कार्यक्रम की रिहर्सल के दौरान दो मिलिट्री हेलिकॉप्टर आपस में टकरा गए। ये दोनों हेलीकॉप्टर नेवी के थे जिनकी टक्कर में दस लोगों की मौत हो गई है। नेवी की ये रिहर्सल मंगलवार को लुमुट के रॉयल मलेशियन नेवी स्टेडियम में हो रही थी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक हेलिकॉप्टर की दूसरे हेलिकॉप्टर से टक्कर होते देखी जा सकती है। मलेशियाई नौसेना ने इस घटना पर बयान जारी कर कहा इस बात की जानकारी दी है।

*मलेशिया में नेवी के दो हेलिकॉप्टर की टक्कर हो गई। इस हादसे में दस लोगों की मौत हो गई है। रॉयल मलेशियाई नेवी के सालाना कार्यक्रम की रिहर्सल के दौरान दोनों मिलिट्री हेलिकॉप्टर आपस में टकरा गए।*

मारे गए सभी लोग क्रू मेंबर थे



- 3 से 5 मई तक होने वाली सैन्य परेड की रिहर्सल कर रहे थे
- एक हेलीकॉप्टर सीढ़ियों पर दूसरा स्वीमिंग पूल में गिरा



### राहत और बचाव कार्य जारी

मलेशिया के फायर ब्रिगेड की टीम राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई है। फायर ब्रिगेड टीम का कहना है कि उसे सुबह 9:50 बजे फोन के जरिए इस दुर्घटना की जानकारी मिली थी।

### शासन की चिंता बढ़ी

इस घटना ने देश में लगातार क्रैश हो रहे सैन्य हेलिकॉप्टर की घटनाओं को लेकर चिंता बढ़ा दी है। पिछले महीने ही रेस्क्यू ड्रिल के दौरान एक हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया था जिसमें पायलट सहित दो लोग मारे गए थे।

### 90वीं वर्षगांठ मनाने की तैयारी थी

मलेशियाई नौसेना ने बयान में कहा है कि ये हेलिकॉप्टर नेवी की 90वीं वर्षगांठ पर तीन से पांच मई के बीच होने वाली सैन्य परेड की रिहर्सल कर रहे थे। इस घटना में नेवी ने दस लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है।

### रोटर टकराए

एक हेलीकॉप्टर का रोटर दूसरे हेलीकॉप्टर के रोटर से टकरा गया। जिसके चलते यह दुर्घटना हुई। ये दोनों हेलिकॉप्टर फेनेक (एम502-6) और एचओएम (एम503-3) थे। एक हेलिकॉप्टर क्रैश होकर स्टेडियम की सीढ़ियों पर जा गिरा दूसरा स्वीमिंग पूल में जा गिरा था।

एएफएमएस और आईआईटी दिल्ली के बीच एमओयू

# नवीन चिकित्सा उपकरणों को विकसित करने के लिए मिलकर करेंगे अनुसंधान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (एएफएमएस) ने आईआईटी-दिल्ली के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। एमओयू का मकसद एएफएमएस और आईआईटी-दिल्ली का साथ में अनुसंधान और प्रशिक्षण करना है। इस समझौते पर सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह और आईआईटी दिल्ली के निदेशक प्रोफेसर रंगन बनर्जी ने हस्ताक्षर किए। बताया कि नवीन चिकित्सा उपकरणों को विकसित करने के लिए दोनों संस्थान मिलकर अनुसंधान करेंगे।




### सशस्त्र बलों को तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान करेंगे

*आईआईटी दिल्ली के निदेशक प्रोफेसर रंगन बनर्जी ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन राष्ट्र और सशस्त्र बलों के लिए लाभकारी अनुसंधान और प्रशिक्षण की संभावनाओं से भरा है। उन्होंने कहा कि आईआईटी दिल्ली के पास एक मजबूत बायोमेडिकल अनुसंधान इको-सिस्टम है, जो सशस्त्र बलों में सामना की जाने वाली विविध चिकित्सा चुनौतियों में अनुसंधान के लिए आवश्यक तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान करने के लिए आदर्श है, जिसमें दिव्यांगों का पुनर्वास भी शामिल है। इस समझौता ज्ञापन के दायरे में, फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम, संयुक्त शैक्षणिक गतिविधियों और संयुक्त पीएचडी कार्यक्रमों को विकसित करने की भी योजना बनाई जाएगी।*

अमेरिका बेखबर, चीन खेल रहा बड़ा खेल

# मैक्सिको के जरिए बेच रहा अपने उत्पाद, कमा रहा लाभ

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

व्यापार प्रतिस्पर्धा के बीच चीन, अमेरिका में दूसरे रास्ते से घुसने की कोशिश कर रहा है। चीन मैक्सिको के जरिए अमेरिका में अपने उत्पाद बेच रहा है। इससे उसे काफी मुनाफा भी हो रहा है। दअरसल, चीन की कई कंपनियों पर अमेरिका ने हाई टैरिफ और प्रतिबंध लगाए हैं, ऐसे में चीन अमेरिका में व्यापार करने के लिए दूसरे देशों के जरिए रास्ता बना रहा है। वॉलमार्ट के लिए फर्नीचर बना रही एक कंपनी चीन की है, जो 'मेड इन मैक्सिको' के ठप्पे से अपने उत्पाद बना रही है।




### अमेरिका के प्रतिबंध से बचने की चाल

चीनी कंपनियां अमेरिका के नजदीक उत्तरी मैक्सिको में फैक्ट्री लगा रही हैं। इससे चीनी कंपनियों का शिपिंग खर्च काफी घट गया है। इस रणनीति से चीनी कंपनियां अमेरिकी टैरिफ के जाल में फंसने से भी बच रही हैं। मैक्सिको चीन का प्रमुख ट्रेडिंग पार्टनर बन गया है।

9 साल बाद मिली इजाजत

# उमराह के लिए सऊदी अरब के मक्का पहुंचे ईरान के मुसलमान



85 मुसलमान रवाना हुए

*उमराह पर पाबंदी हटने के बाद ईरान के 85 मुसलमान सऊदी अरब रवाना हुए हैं। उस समय ईरान में सऊदी राजदूत अब्दुल्ला बिन सऊद अल-अन्जी भी वहां मौजूद थे।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नौ सालों में ऐसा पहली बार हो रहा है कि ईरान के मुसलमान उमराह के लिए सऊदी अरब पहुंच रहे हैं। ईरानी मुसलमानों का पहला जत्था उमराह के लिए सऊदी रवाना हो गया है। यह संकेत है कि इजरायल और ईरान में चल रहे तनाव के बीच सऊदी से ईरान के रिश्तों में सुधार आ रहा है।

भारतीय तटरक्षक और रॉयल ओमान पुलिस तट रक्षक के बीच हुई बैठक

# समुद्री चुनौतियों से निपटने के लिए भारत-ओमान करेंगे सहयोग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) और रॉयल ओमान पुलिस तट रक्षक (आरओपीसीजी) के बीच 5वीं वार्षिक उच्च-स्तरीय बैठक 23 अप्रैल, 2024 को नई दिल्ली में आयोजित की गई। यह समुद्री सीमा से परे होने वाली अवैध गतिविधियों से निपटने के सहयोगात्मक प्रयासों और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस बैठक में चर्चा का नेतृत्व भारतीय तटरक्षक के महानिदेशक राकेश पाल ने किया। रॉयल ओमान पुलिस तट रक्षक (आरओपीसीजी) प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सहायक अधिकारी कमांडिंग कर्नल अब्दुल अजीज मोहम्मद अली अल जाबरी ने किया।

- *समुद्री संरक्षा और सुरक्षा ढांचे का बनाएंगे मजबूत*
- *अवैध गतिविधियों से मिलकर निपटेंगे*
- *क्षेत्रीय सहयोग और द्विपक्षीय संबंधों को देंगे बढ़ावा*



### क्षमता निर्माण को देंगे बढ़ावा

इस बैठक में क्षमता निर्माण कार्यक्रम, क्रॉस शिप यात्रा, सी-राइडर कार्यक्रम को लागू करने, प्रदूषण रिपोर्टिंग केंद्रों और अन्य सहयोगी व्यवस्थाओं के बीच पेशेवर संबंध स्थापित करने के माध्यम से द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। समुद्री चुनौतियों से निपटने में परस्पर सहयोग बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की, जिससे क्षेत्र में समुद्री संरक्षा और सुरक्षा ढांचे को मजबूत बनाया जा सके।

### जहाज निर्माण क्षमताओं से अवगत कराएंगे

आरओपीसीजी प्रतिनिधिमंडल और सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स के प्रतिनिधियों के बीच एक बैठक की 25 अप्रैल, 2024 को नई दिल्ली में आयोजित करने की योजना बनाई गई है, ताकि 'आत्मनिर्भर भारत' के अंतर्गत भारत की जहाज निर्माण क्षमताओं से अवगत कराया जा सके।

# दुबई में हवाई अड्डे का परिचालन बहाल



**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय यात्रा के लिए दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डा दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का परिचालन बहाल हो गया है और यह पूरी क्षमता के साथ काम कर रहा है। दुबई एयरपोर्ट्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पॉल ग्रिफिथ्स ने कहा कि सोमवार से बहाली कार्यक्रम से पहले डीएक्सबी अपने सामान्य उड़ान कार्यक्रम पर लौट आया है और एक दिन में लगभग 1,400 उड़ानों का संचालन कर रहा है। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे के अंदर और उसके आसपास की सड़कों पर पानी का जमाव 100 प्रतिशत साफ हो गया है। हमारे कर्मचारी, लॉजिस्टिक और सुविधाएं फिर से सामान्य रूप से काम कर रही हैं।




## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 10 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 3 | 8 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 |
| बेंगलोर | 8 | 1 | 7 | 2 |

**ऑरेंज कैप**



विराट कोहली
379 रन
बेंगलोर

**पर्पल कैप**



जसप्रीत बुमराह
13 विकेट
मुंबई

# एलएसजी ने सीएसके को 6 विकेट से हराकर दर्ज की अपनी 5वीं जीत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 39वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स ने चेन्नई सुपरकिंग्स को 6 विकेट से हराकर अपनी 5वीं जीत दर्ज की। सीएसके की यह इस संस्करण में चौथी हार है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएसके ने 4 विकेट खोकर 210 का बड़ा स्कोर खड़ा किया। जवाब में एलएसजी की टीम 19.3 ओवर में 4 विकेट खोकर ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

## गायकवाड़ ने जड़ा दूसरा आईपीएल शतक

मैच में ऋतुराज गायकवाड़ ने शानदार शतकीय पारी खेली। यह उनके आईपीएल करियर का दूसरा ही शतक रहा, जिसे उन्होंने महज 56 गेंदों में पूरा किया। उन्होंने जडेजा के साथ तीसरे विकेट के लिए 51 रन और शिवम दुबे के साथ महज 47 गेंदों में 104 रन की शतकीय साझेदारी निभाई। गायकवाड़ ने अपनी पारी में 60 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 108 रन बनाए। इसमें उन्होंने 12 शानदार चौके और 3 आसमानी छक्के भी जड़े।

**आईपीएल : मार्कस स्टोइनिस ने खेली बेहतरीन पारी, 124 रन बनाकर रहे नाबाद**



## स्कोर बोर्ड

| लखनऊ | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| क्विंटन डिकॉक बो चाहर | 0 | 3 | 0 | 0 |
| लोकेश राहुल बो रहमान | 16 | 14 | 1 | 1 |
| मार्कस स्टोइनिस नाबाद | 124 | 63 | 13 | 6 |
| देवदत्त पडिक्कल बो पथिराना | 13 | 19 | 0 | 0 |
| निकोल्स पूरन बो पथिराना | 34 | 15 | 3 | 2 |
| दीपक हुड्डा नाबाद | 17 | 6 | 2 | 1 |

अतिरिक्त: 09, कुल योग: 213 रन
गेंदबाजी: चाहर 2-0-11-1, देशपांडे 3-0-34-0, रहमान 3.3-0-51-1, शारदुल 3-0-42-0, मोईन 2-0-21-0, जडेजा 2-0-16-0, पथिराना 4-0-35-2

| चेन्नई | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अजिंक्या रहाणे बो हेनरी | 01 | 3 | 0 | 0 |
| ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद | 108 | 60 | 12 | 3 |
| डेरिल मिचेल बो यश ठाकुर | 11 | 10 | 1 | 0 |
| रविंद्र जडेजा बो मोहसिन | 16 | 19 | 2 | 0 |
| शिवम दुबे रन आउट | 66 | 27 | 3 | 7 |
| महेंद्र सिंह धोनी नाबाद | 04 | 1 | 1 | 0 |

अतिरिक्त: 03, कुल योग: 210 रन
गेंदबाजी : हेनरी 4-0-28-1, मोहसिन 4-0-50-1, बिश्नोई 2-0-19-0, यश ठाकुर 4-0-47-1, स्टोइनिस 4-0-49-0, कृणाल2-0-15-0

## मैच का लेखा जोखा

पहले बल्लेबाजी करने उतरी सीएसके को 4 रन पर अजिंक्य रहाणे और 49 रन पर डेरिल मिचेल के रूप में बड़े झटके लगे थे। इसके बाद कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (108*) ने रविंद्र जडेजा (16) और शिवम दुबे (66) के साथ पारी को आगे बढ़ाते हुए स्कोर को 210/4 तक पहुंचा दिया। जवाब में एलएसजी ने मार्कस स्टोइनिस (124*) और निकोलस पूरन (16) की पारियों के दम पर 19.3 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

# डीसी और जीटी के बीच आज होगी रोमांचक भिड़ंत



एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 40वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स का सामना गुजरात टाइटंस से आज 24 अप्रैल को अरुण जेटली स्टेडियम में होगा। जीटी ने इस सीजन में 8 में से 4 मैच जीते हैं और फिलहाल अंक तालिका में छठे पायदान पर हैं। इसी तरह 8वें स्थान पर मौजूद डीसी ने 8 में से 3 मैचों में जीत दर्ज की हुई है। इस बीच दोनों टीमों के एक-दूसरे के खिलाफ प्रदर्शन पर एक नजर डालते हैं।

**दोनों के बीच बराबरी का रहा है मुकाबला :** आईपीएल में दोनों टीमें 4 मैचों में आपस में भिड़ी हैं, जिसमें से 2 मैच जीटी ने जीते हैं और 2 मुकाबलों में डीसी को भी सफलता मिली है। इस सीजन दोनों टीमों के बीच यह दूसरी भिड़ंत है। पहले मुकाबले में डीसी को 6 विकेट से जीत मिली थी।

### जीटी से इन खिलाड़ियों ने किया है अच्छा प्रदर्शन

जीटी की मौजूदा टीम से डीसी के खिलाफ केन विलियमसन का प्रदर्शन कमाल का रहा है। उन्होंने 13 मैचों में 54.77 की औसत और 127.72 की स्ट्राइक रेट से 493 रन बनाए हैं। डेविड मिलर ने इस टीम के विरुद्ध 34.15 की औसत और 119.67 की स्ट्राइक रेट से 444 रन अपने नाम किए हैं। लेग स्पिनर राशिद खान ने डीसी के खिलाफ 16 मैचों में 17.85 की औसत से 21 विकेट चटकाए हैं।

### डीसी से इन खिलाड़ियों ने किया है उम्दा प्रदर्शन

डीसी की मौजूदा टीम से टीजी के खिलाफ अक्षर पटेल ने 3 मैचों में 126.78 की स्ट्राइक रेट से 71 रन बनाए हैं। कप्तान ऋषभ पंत ने इस टीम के विरुद्ध 2 मैच खेले हैं और 59 की औसत और 147.50 की स्ट्राइक रेट से 59 रन उनके बल्ले से निकले हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद ने जीटी के खिलाफ 4 मैचों में 19 की औसत और 7.12 की इकॉनमी रेट से 6 विकेट चटकाए हैं।

# टोरंटो में भारतीय भूचाल गुकेश की जीत विश्व शतरंज में बड़ा बदलाव: कास्परोव



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रूस के महान शतरंज खिलाड़ी गैरी कास्परोव ने विश्व चैंपियनशिप के लिए चुनौती पेश करने वाला सबसे युवा खिलाड़ी बनने के लिए भारत के किशोर ग्रैंडमास्टर डी गुकेश की सराहना करते हुए कहा कि 'टोरंटो में भारतीय भूचाल' आया और यह जीत विश्व शतरंज में बड़े बदलाव का संकेत है।

सत्रह साल के गुकेश ने 40 साल पहले कास्परोव के बनाए रिकॉर्ड को तोड़ा। रूसी का यह खिलाड़ी जब 22 वर्ष का था तब उन्होंने 1984 में विश्व खिताब के लिए हमवतन अनातोली कारपोव से भिड़ने के लिए क्वालीफाई किया था और वह उस समय के सबसे कम उम्र के चैलेंजर बन गए थे।

**कास्परोव ने लिखा- टोरंटो में भारतीय भूचाल**

कास्परोव ने अतीत में रूस के दबदबे का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए 'एक्स' पर लिखा, ''बधाई हो! टोरंटो में भारतीय भूचाल शतरंज की दुनिया में बदलाव का संकेत है क्योंकि 17 वर्षीय डी गुकेश सर्वोच्च खिताब के लिए चीन के चैंपियन डिंग लिरेन का सामना करेंगे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930